RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 34 ■ अंक 09 ■ मुंबई, सोमवार 4 अगस्त 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



रोहिंग्या : शरणार्थी हैं या घुसपैठिए?
पेज-4



यूपी पुलिस CBI और ED की तर्ज पर करेगी काम : DGP
पेज-6



सावन के अंतिम सोमवार पर करें महादेव की पूजा
पेज-8



ब्राजील फुटबॉल टीम फिर चैंपियन
पेज-9

## Short News एक नजर



### पीएम मोदी के बाद अमित शाह भी राष्ट्रपति मुर्मू से मिले

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है। अचानक अमित शाह के राष्ट्रपति से मिलने से सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। दरअसल अमित शाह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी। यह मुलाकात राष्ट्रपति भवन में हुई। संसद में विपक्ष के हंगामे के बीच यह मीटिंग हुई।

### सऊदी में एक ही दिन में आठ लोगों को फांसी

**रियाद।** सऊदी अरब में मौत की सजाओं का आंकड़ा एक बार फिर से दुनिया की नजरों में आ गया है। शनिवार को सऊदी सरकार ने एक ही दिन में आठ लोगों को फांसी दी, जिनमें से सात विदेशी नागरिक थे। इनमें चार सोमालिया और तीन इथियोपिया के नागरिक शामिल थे। इन सभी पर आरोप था कि उन्होंने हशीश तस्करी की थी। वहीं, आठवां मामला एक सऊदी नागरिक का था, जिसे अपनी मां की हत्या के जुर्म में मौत की सजा दी गई।

### 10 साल के बच्चे ने फांसी लगाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नागलोई इलाके में 10 साल के बच्चे ने 31 जुलाई को आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने रविवार को बताया कि बच्चा एमसीडी स्कूल में पढ़ता था और मोबाइल गेम्स का आदी था। वह अपने माता-पिता के साथ अंबिका विहार कॉलोनी में रहता था। दोनों माता-पिता नौकरी करते हैं। पुलिस के मुताबिक बच्चा करीब 10-11 घंटे तक मोबाइल पर एक्टिव था। उसने लगातार सात घंटे तक फ्री फायर गेम खेला और करीब चार घंटे यूट्यूब देखा। 31 जुलाई को भारी बारिश के कारण बच्चा स्कूल नहीं गया था और माता-पिता उसे घर पर छोड़कर काम पर चले गए थे। शाम को जब वे लौटे तो उन्होंने बेटे का शव लोहे की पाइप से लटका पाया।

### सरकार ने 37 जरूरी दवाओं की कीमतें घटाईं

**नई दिल्ली।** नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (NPPA) ने 37 जरूरी दवाओं की कीमतें 10-15% तक घटा दी हैं। इनमें पेरासिटामोल, एटोरवास्टेटिन, और एमोक्सिसिलिन जैसी दवाएं शामिल हैं, जो हार्ट, डायबिटीज, और इंफेक्शन के मरीजों के लिए जरूरी हैं। शनिवार को केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने ड्रग्स प्राइज कंट्रोल ऑर्डर (DPCO), 2013 के तहत इसका नोटिफिकेशन जारी किया। यह नई कीमतें 35 अलग-अलग फॉर्मूलों पर लागू होंगी, जिन्हें बड़ी दवा कंपनियां बनाती और बेचती हैं।

# दो वोटर आईडी मामले में तेजस्वी की बढ़ीं मुश्किलें

## चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस, मांगा जवाब

महानगर नेटवर्क

**पटना**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को दो वोटर आईडी (EPIC नंबर) रखने के मामले में चुनाव आयोग ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इस मामले में दीघा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने तेजस्वी यादव को पत्र लिख कर उनके द्वारा दिखाए गए ईपिक का ब्यौरा देने को कहा है। बता दें शनिवार को तेजस्वी ने अपने ईपिक के प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं होने की बात प्रेस कांफ्रेंस कर कही थी। जिसके बाद चुनाव आयोग ने सबूत के साथ उनका वोटर लिस्ट में नाम दिखाया था। जिसके बाद से तेजस्वी पर दो वोटर आईडी रखने के आरोप लग रहे हैं। तेजस्वी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ईपिक नंबर-RAB 2916120 साझा किया था। जो वोटर लिस्ट में मौजूद नहीं थी। जिसके बाद उन्होंने वोटर लिस्ट से खुद का नाम कटने का दावा किया था। जिसके बाद चुनाव आयोग ने सबूत समेत उनका नाम वोटर लिस्ट में दिखाया था, जो क्रमांक- 416 है। जिसका ईपिक नंबर-RAB 0456228 जो 2015 की मतदाता सूची में भी मौजूद है। जिसके बाद से तेजस्वी पर दो वोटर आईडी होने के आरोप लग रहे हैं।



### सियासी दलों की एक भी आपत्ति नहीं

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी हुई नई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के 48 घंटे तक किसी भी राजनीतिक दल ने किसी तरह की कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। इसकी जानकारी भारत निर्वाचन आयोग ने साझा की है। आयोग ने 1 अगस्त दोपहर 3 बजे से 3 अगस्त दोपहर 3 बजे तक के आंकड़े का ब्यौरा दिया है। आपको बता दें एक अगस्त को बिहार की प्रारूप मतदाता सूची आम लोगों के लिए जारी हुई थी। जारी आंकड़ों के मुताबिक ड्राफ्ट रोल को लेकर किसी भी राजनीतिक दल की ओर से अब तक कोई आपत्ति दर्ज नहीं हुई है। राजनीतिक दलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सबसे ज्यादा 53,338 बीएलए हैं,आरजेडी के 47,506, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के 36,550, कांग्रेस के 17,549, लोजपा (आर) के 1,210, रालोजपा के 1,913, सीपीआई माले के 1,496, बीएलए हैं।

# राहुल के घर पर INDIA ब्लॉक करेगा मंथन

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की अगली बैठक 7 अगस्त को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर होगी। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक डिनर के दौरान होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### क्या है बैठक का मकसद?

राहुल गांधी ने हाल ही में आरोप लगाया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों में करीब 70-80 सीटों पर धांधली हुई है। इसके साथ ही, बैठक में कई मुद्दे उठाए जा सकते हैं। जिसमें बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया, महाराष्ट्र में फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप, ऑपरेशन सिंदूर, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से संभावित टैरिफ (शुल्क) धमकी शामिल है। राहुल गांधी के घर होने वाली इस बैठक में I.N.D.I.A. ब्लॉक की कौन सी पार्टी का कौन सा नेता शामिल होगा इसकी जानकारी नहीं है।

# स्पाइसजेट कर्मचारियों पर हमला

## सेना अधिकारी ने पीटा, एक की रीढ़ टूटी, दूसरे का जबड़ा फैक्चर



महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर एक्स्ट्रा लगेज को लेकर सेना के एक अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की। एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई। दूसरे का जबड़ा टूट गया। तीसरे की नाक से खून निकलने लगा। वहीं चौथा कर्मचारी बेहोश हो गया, उसके बावजूद आरोपी लातें मारता रहा। घटना 26 जुलाई की है। मामला अब सामने आया है। एयरलाइन ने बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपी सैन्य अधिकारी को नो फ्लाइंग लिस्ट में डाल दिया है। वहीं सेना ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी अफसर की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल रितेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह गुलमर्ग स्थित हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल (HAWS) में तैनात है। पुलिस ने FIR दर्ज कर ली है, हालांकि अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### क्या है पूरा मामला

26 जुलाई को स्पाइसजेट फ्लाइट SG-386 श्रीनगर से दिल्ली जा रही थी। बोर्डिंग गेट पर एक पैसेंजर, जो सेना का अधिकारी बताया जा रहा है, उसने चार स्टॉफ पर जानलेवा हमला कर दिया। एयरलाइन के मुताबिक, आरोपी अधिकारी दो केबिन बैगेज ले जा रहा था, जिनका कुल वजन 16 किलो था। यह 7 किलो की सीमा से दोगुना था। स्पाइसजेट के स्टॉफ ने पैसेंजर को बताया कि आपका लगेज तय मानकों से ज्यादा है। इसलिए आपको अतिरिक्त पेमेंट करना होगा। आरोपी अधिकारी ने एक्स्ट्रा पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद वह बोर्डिंग प्रोसेस पूरी किए बिना ही जबर्दस्ती एयरोब्रिज में घुस गया। यह सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का उल्लंघन था।

### लाइन में रखे जाने वाले स्टैंड से हमला किया

जब स्टॉफ ने आरोपी को रोकने की कोशिश की तो उसने पीटना शुरू कर दिया। बगल में रखे एक स्टैंड से कर्मचारी पर हमला कर दिया। उन्हें लात-घूंसे भी मारे। कुछ के जबड़े में भी चोट आई। स्पाइसजेट का एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री बेहोश कर्मचारी को लात मारता रहा। बेहोश हुए कर्मचारी की मदद के लिए नीचे झुकते समय एक अन्य कर्मचारी के जबड़े पर जोरदार लात लगने से उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा। घायल कर्मचारियों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

# अब UCC लागू होना चाहिए : चंद्रचूड

## सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लिया जाए; संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया



महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

पूर्व CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान में समान नागरिक संहिता की इच्छा व्यक्त की गई है। संविधान के 75 साल बाद अब समय है कि इस लक्ष्य को हासिल किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम देश की सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लेकर ही उठाया जाना चाहिए। पूर्व CJI कांग्रेस सांसद शशि थरूर की नई किताब 'आवर लिविंग कान्सटीट्यूशन' के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान





उन्होंने कहा,भारतीय संविधान देश को स्थिरता प्रदान करने वाली सबसे बड़ी ताकत है। यह संविधान विभिन्न समुदायों, धर्मों, क्षेत्रों और संस्कृतियों को एक सूत्र में जोड़कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में गढ़ता है। संविधान पर कथित खतरे और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष की चिंता पर उन्होंने कहा कि संविधान हमेशा के लिए है। पिछले 75 वर्षों में शासन, महामारी और आंतरिक-बाहरी चुनौतियों के कई दौर आए, लेकिन संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया। 11 जुलाई को पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था, 'लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है।' हालांकि, प्रस्तावित बिल में चुनाव आयोग (ECI) को दी जाने वाली शक्तियों पर चिंता उन्होंने जताई है।

पूर्व CJI ने कहा था कि इससे ECI को विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाने या घटाने की शक्ति मिल सकती है। उन परिस्थितियों को परिभाषित किया जाना चाहिए जिनमें ECI इस शक्ति का इस्तेमाल कर सकता है।

# गडकरी के आवास को बम से उड़ाने की धमकी

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के तुरंत बाद पुलिस ने एक्शन लिया। इस मामले में धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शख्स ने फर्जी कॉल की थी। अधिकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

### पुलिस को कॉल कर दी धमकी

जानकारी के अनुसार, आरोपी ने रविवार सुबह पुलिस कंट्रोल के 112 नंबर पर केंद्रीय मंत्री के आवास को उड़ाने की धमकी दी। इस कॉल के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। तुरंत मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी की तलाश में जुट गई। इसके बाद पुलिस ने दोपहर के वक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए शख्स की पहचान तुलसी बाग रोड निवासी उमेश विष्णु राउत के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी को नागपुर के बीमा दवाखाना के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# बोलेरो नहर में गिरी, 11 की मौत

## गाड़ी में छटपटाते रहे, बाहर नहीं निकल पाए

महानगर नेटवर्क

**गोंडा**

यूपी के गोंडा में तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक ही परिवार के 9 लोग हैं। ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। अभी 10 साल की बच्ची लापता है। SDRF टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है।

बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। हादसा इतना भयावह था गाड़ी नहर में गिरने के बाद एक भी शख्स बाहर नहीं निकल पाया। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी था। नहर में गिरते ही गाड़ी पूरी तरह से डूब गई। उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे। तड़प-तड़पकर उनकी मौत हो गई।

गाड़ी जब अनियंत्रित होकर नहर में गिरने लगी तो ड्राइवर गेट खोलकर कूद गया। आगे की सीट में बैठे दो लोग भी बाहर आ गए। जबकि बच्ची पिंकी बीच में खड़ी थी, झटके से वह भी ड्राइवर साइड के गेट से बाहर आ गई। इसके बाद बोलरो नहर में गिर गई।

जहां हादसा हुआ, वहां आसपास ग्रामीण थे। बोलेरो नहर में गिरती देख वह बचाने के लिए पानी में कूद गए, लेकिन गेट नहीं खोल पाए। रस्सी बांधकर बोलेरो को किनारे तक लाए, तब जाकर गाड़ी का कुछ हिस्सा बाहर आया। बमुश्किल खिड़की का शीशा तोड़कर एक-एक को बाहर निकाला। तब तक सभी की मौत हो चुकी थी।

घटना रविवार सुबह 10 बजे इटियाथोक थाना क्षेत्र में हुई। हादसे के बाद के कई वीडियो





सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख जताते हुए अधिकारियों से मौके पर मौजूद रहकर राहत और बचाव का काम तेजी से कराने और घायलों का समुचित इलाज सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। उन्होंने मृतकों के परिवारीजनों को 5-5 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया।

### मृतकों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे

मृतकों में 6 महिलाएं, 2 पुरुष और 3 बच्चे हैं। मृतकों में सीहागांव निवासी प्रह्लाद की पत्नी बीना (44), दो बेटियां काजल (22), महक उर्फ रिंकी (14), प्रह्लाद के भाई रामकरण (36), रामकरण की पत्नी अनसुईया (34), बेटा शुभ (7), बेटी सौम्या (9), प्रह्लाद के सबसे छोटे भाई रामरूप की पत्नी दुर्गेश नंदिनी (35), बेटा अमित (14) शामिल हैं। वहीं, रामरूप की एक बेटी रचना (10) लापता है। इसके अलावा प्रह्लाद के पड़ोसी रामललन वर्मा की पत्नी संजू (26) और बहन गुड़िया उर्फ अंजू (20) की भी मौत हो गई। हादसे में प्रह्लाद का एक बेटा सत्यम और एक बेटी पिंकी घायल हैं। पड़ोसी रामललन और ड्राइवर सीतारमण भी घायल हैं।

सामने आए हैं। इसमें सड़क पर 11 लाशें पड़ी हुई हैं। पानी में डूबी बोलेरो का ईंट से शीशा तोड़ते हुए युवक नजर आ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसे के वक्त कार की स्पीड 60 किमी प्रति घंटे थी।

हादसे में बची किशोरी पिंकी ने बताया-हम सभी लोग मंदिर जा रहे थे। जिस वक्त हादसा हुआ, हम लोग भजन गा रहे थे। अचानक हमारी गाड़ी फिसल गई और नहर में जा गिरी। इसके बाद क्या हुआ, कुछ भी याद नहीं है। सब कुछ धुंधला सा हो गया।

# ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर एनएसए लगेगा

## सीएम योगी ने कार्रवाई के दिए निर्देश

महानगर नेटवर्क

**लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो ऐसे आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत भी कार्रवाई होगी।



प्रदेश में कुछ जिलों में अवैध ड्रोन उड़ाने और ड्रोन से दहशत फैलाने की शिकायतें सरकार तक पहुंची है। सीएम ने रविवार को एक बैठक में कहा कि सरकार ने ड्रोन नीति बनाई है। नीति के तहत अनुमति लेकर ही ड्रोन संचालन किया जा सकता है। बिना अनुमति के ड्रोन का संचालन पूरी तरह दंडनीय है। बिना अनुमति ड्रोन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों से सरकार सख्ती से निपटेगी। सीएम ने कहा कि अफवाह फैलाने या डर पैदा करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून से खिलवाड़ किसी को करने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा को हर जिले में ड्रोन संचालन की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# अमेरिका में लापता था भारतीय परिवार, अब चार लोगों की लाश मिली



महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

अमेरिका से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक भारतीय मूल का परिवार पिछले चार दिन से लापता था। वहीं इस परिवार के चार लोगों की मौत होने की खबर है। उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया था और इसी वजह से सभी की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ये फैमिली मंदिर दर्शन करने जा रही थी। दरअसल, ये मामला अमेरिका के वेस्ट वर्जीनिया का है। यहां एक दर्दनाक हादसे में भारतीय मूल के चार वरिष्ठ नागरिकों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ये सभी लोग न्यूयॉर्क के बफैलो शहर से एक मंदिर यात्रा पर निकले थे लेकिन रास्ते में उनकी गाड़ी एक भीषण हादसे का शिकार हो गई।

### मृतकों की हुई पहचान

भारतीय मूल के इन मृतकों की पहचान डॉ. किशोर दीवान, आशा दीवान, शैलेश दीवान और गीता दीवान के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, उनकी हल्के हरे रंग की टोयोटा कैमरी 2 अगस्त की रात लगभग 9.30 बजे पश्चिम वर्जीनिया के मार्शल काउंटी में बिग व्हीलिंग क्रीक रोड के किनारे मिली है।

# हरियाणा के 12 MLA अमेरिका दौरे पर



**बोस्टन में आज से शुरू होगा विधायकी सम्मेलन**

महानगर नेटवर्क

**कुरुक्षेत्र**

हरियाणा के 12 विधायक (MLA) नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेचर्स (NCSL) सम्मेलन में शामिल होने के लिए एक साथ अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। रविवार तड़के करीब 3 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उनकी फ्लाइट ने उड़ान भरी। अमेरिका जाने से पहले कांग्रेस के विधायकों ने अपने समर्थकों के साथ फोटो सेशन भी करवाया। यह विधायकी सम्मेलन अमेरिका के बोस्टन में 4 अगस्त से शुरू होने जा रहा है जो 6 अगस्त तक चलेगा। नेशनल लेजिस्लेचर्स कॉन्फ्रेंस भारत (LNCB) की ओर से विधायकी सम्मेलन रखा गया है। इससे पहले भी यह संस्था इस तरह के सम्मेलन करवा चुकी है।

### 6 हजार से ज्यादा MLA होंगे शामिल

इस सम्मेलन में पूरी दुनिया के MLA हिस्सा लेंगे। भारत से सबसे ज्यादा 24 राज्यों के 21 विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के 130 MLA ने निमंत्रण स्वीकार किया, इनमें 12 विधायक हरियाणा से हैं। सम्मेलन में दुनियाभर के 6 हजार से ज्यादा शामिल होंगे।

# मालेगांव विस्फोट मामले में बरी हुए पुरोहित का पुणे में स्वागत

महानगर संवाददाता

**पुणे**

एनआईए कोर्ट से 2008 मालेगांव विस्फोट मामले में बरी हुए ले. कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित का पुणे में रविवार को जोरदार स्वागत हुआ। पुणे में लोगों ने कर्नल पुरोहित पर फूल बरसाए। साथ ही ढोल नगाड़ों की धुन पर जमकर झूमे। कर्नल पुरोहित ने कहा कि लोग हमेशा मेरा स्वागत करना चाहते थे, लेकिन मैंने पहले ही कहा था कि मैं बेदाग वापस आऊंगा।



ढोल-नगाड़ों की थाप और पुष्प वर्षा के बीच लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित अपनी पत्नी के साथ खुली जीप में सवार होकर जुलूस के साथ शांतिशीला हाउसिंग सोसाइटी स्थित अपने घर पहुंचे। जुलूस में शामिल लोगों ने पुरोहित के बरी होने पर जय श्री राम और सनातन धर्म की जय के नारे लगाए। पुरोहित की सोसाइटी के लोग भी फूल लेकर उनका स्वागत करने आए और भगवा झंडे लहराए। जुलूस के दौरान कर्नल पुरोहित ने कहा कि लोग हमेशा मेरा स्वागत करना चाहते थे। लेकिन मैंने कहा था कि जब तक मैं इस मामले से पूरी तरह बरी नहीं हो जाता, मैं आपको उस तरह की खुशी नहीं दे पाऊंगा। इस बार जब अदालत ने फैसला सुनाया तो लोगों ने कहा कि वे मेरा स्वागत करेंगे। मेरा यह कहने का कोई मन नहीं था कि मैं इसमें शामिल नहीं हो पाऊंगा। मैं लोगों का आभारी हूं।

# प्रज्वल की नई पहचान कैदी नंबर 15528

महानगर नेटवर्क

**बेंगलुरु**

पूर्व JDS सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना बेंगलुरू की अग्रहारा सेंट्रल जेल में कैदी नंबर 15528 बन गए हैं। रेवन्ना ने शनिवार को जेल में अपनी पहली रात बिताई।

बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्र कैद की सजा सुनाई। सांसदों/विधायकों की स्पेशल कोर्ट के जज संतोष गजानन भट ने रेवन्ना पर 11.50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। इसमें से 11.25 लाख रुपए पीड़ित को दिए जाएंगे।



जेल अधिकारियों ने बताया कि सजा सुनाए जाने के बाद शाम को रेवन्ना का मेडिकल चेकअप करवाया गया। इस दौरान वह मेडिकल स्टाफ के सामने रोता रहा। हालांकि, इस दौरान उसने किसी से कोई बात नहीं की। मेडिकल चेकअप के बाद उसे जेल लाया गया, जहां उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया।

# खदान हादसे में ओडिशा के छह मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के बापटला में एक दर्दनाक खदान हादसे में छह मजदूरों की मौत हो गई। यह हादसा ग्रेनाइट की खदान में हुआ। हादसे में दस अन्य मजदूर भी घायल हुए हैं। घायलों में से कुछ मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे में अपनी जान गंवाने वाले सभी मजदूर ओडिशा के रहने वाले थे। हादसे के बाद मौके पर बचाव अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही उन्होंने घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# राजस्व विभाग आर्थिक विकास की रीढ़

## राजस्व परिषद में बोले देवेंद्र फडणवीस



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

रविवार को नागपुर भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में आयोजित राजस्व परिषद का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राजस्व विभाग राज्य के आर्थिक विकास की रीढ़ है,यह विभाग अपनी गतिशीलता, पारदर्शिता और त्वरित सेवा वितरण के लिए जाना जाता है। वर्तमान में यह विभाग राज्य के लोगों को सबसे अधिक ऑनलाइन सेवाएं प्रदान कर रहा है। फडणवीस ने कहा कि राजस्व परिषद में अध्ययन समूहों द्वारा अधिक जनोन्मुखी सेवाओं के लिए प्रस्तुत की गई सिफारिशें नीतिगत निर्णय लेने के लिए एक दिशा निर्देश के रूप में काम करेंगी। इस अवसर पर राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, मुख्य सचिव राजेश कुमार,अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) विकास खड़गे, मुख्यमंत्री के सचिव श्रीकर परदेशी संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ,राजस्व व्यवस्था से संबंधित नीतिगत बदलावों की आवश्यकता महसूस की गई है और राज्य सरकार तकनीकी कौशल की सहायता से इस विभाग को और अधिक कुशल एवं जन-अनुकूल बनाने का प्रयास कर रही है। इस बैठक में राजस्व परिषद की बैठक में विभागीय आयुक्तों ने विभाग के कार्यों में गति लाने के लिए आवश्यक विषयों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी नागरिक राजस्व सेवाओं और योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, समिति ने अधिकाधिक सेवाएँ ऑनलाइन प्रदान करने के साथ-साथ अधिक पारदर्शिता लाने हेतु महत्वपूर्ण विषयों को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने अधिकारियों को हर पहलू का गहराई से अध्ययन करने के निर्देश दिए ताकि इस विषय पर सरकार को प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट सटीक और त्रुटिरहित हो।

# राज की नजदीकी के बावजूद नेता छोड़ रहे उद्धव का साथ

## पूर्व नगरसेवक रामदास कांबले ने शिंदे का हाथ थामा

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की बढ़ी नजदीकी के बावजूद उद्धव के नेताओं का उन्हें छोड़ने का सिलसिला थामने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भी उद्धव गुट के मनपा में पूर्व नगरसेवक रहे रामदास कांबले ने ठाणे में जाकर एकनाथ शिंदे का दामन थाम लिया। रविवार को एक ओर जहां सब लोग फ्रेंड शिप डे की दुहाई दे रहे थे, वहीं उद्धव गुट के पूर्व नगरसेवक रहे सायन कोलीवाड़ा के नेता रामदास कांबले ने ठाणे के आनंद आश्रम में जाकर एकनाथ शिंदे की शिवसेना में प्रवेश किया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें और उनके साथ आए सभी सहयोगियों को भगवा झंडा देकर पार्टी में स्वागत किया।



इस अवसर पर शिंदे ने रामदास कांबले की नियुक्ति युवा सेना की कार्यकारिणी सदस्य के रूप में करने की घोषणा भी की।

रामदास कांबले के साथ शाखा संगठिका नंदा बापू शाहू, उपशाखा संग़ठिका नंदा पाटसुभे, सुचित्रा कावळे, दीपिका नेमन, श्वेताली खेडपकर, देविका नायर सहित कई पदाधिकारी शिवसेना में शामिल हुए। इसके अलावा रेखा तिवारी, मालन सावंत, लक्ष्मी कोतवाल, अनिता सावंत, अपूर्वा पालव, युवा सेना अधिकारी सचिन पडवल, सहार येले, विनोद शर्मा ने भी पार्टी में प्रवेश किया।

इस अवसर पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुंबई के अनेक पूर्व जनप्रतिनिधि लगातार शिवसेना में शामिल हो रहे हैं और यह सिलसिला अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि रामदास कांबले के क्षेत्र में संक्रमण शिविरों में रहने वाले बड़ी संख्या में नागरिक हैं, जिनकी समस्याएं मुख्य रूप से म्हाडा और एसआरए प्राधिकरण से जुड़ी हुई हैं। इन सभी समस्याओं को हल करने के लिए वे शिवसेना में शामिल हुए हैं और सरकार के माध्यम से इन्हें सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। शिंदे ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के ढाई साल के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए बताया कि इस दौरान कांक्रीट सड़कें,मुंबई का सौंदर्यीकरण, बाला साहेब ठाकरे आपला दवाखाना, कैशलेस चिकित्सा सेवा, डीप क्लीन ड्राइव जैसे कई महत्वपूर्ण उपक्रम शहर में शुरू किए गए। उन्होंने कहा कि कोस्टल रोड, अटल सेतु, महालक्ष्मी रेसकोर्स की जगह पर प्रस्तावित सेंट्रल पार्क जैसी परियोजनाएं भी आगे बढ़ाई गई हैं।

### शरद गुट के पूर्व विधायक बाबा जानी दुर्रानी कांग्रेस का थामेंगे हाथ

उद्धव सेना के बाद शरद पवार की पार्टी को बड़ा झटका लग सकता है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) परभणी ज़िला अध्यक्ष और पूर्व विधायक बाबाजानी दुर्रानी अब कांग्रेस में शामिल होने जा रहे हैं ऐसी चर्चा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले 7 तारीख को अपने समर्थकों के साथ दुर्रानी कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। शामिल होने से पहले दुर्रानी के समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया पर बैनर फैलाए जा रहे हैं, जिनमें लिखा है कि वह 7 तारीख को कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। यह शरद पवार गुट के लिए एक बड़ा झटका होगा।

# शिकायत निवारण दिवस बना ठाणे पुलिस की जवाबदारी का प्रतीक 981 मामलों का मौके पर समाधान

**ठाणे।** नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए ठाणे पुलिस आयुक्तालय ने 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत 2 और 3 अगस्त को विशेष शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कुल 1504 आवेदकों को आमंत्रित किया गया था,जिनमें से 1079 नागरिकों ने प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में ठाणे पुलिस आयुक्तालय के सभी सहायक पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, निरीक्षक और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कुल 981 मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया और आवेदकों को संबंधित दस्तावेज सौंप दिए गए। शेष



आवेदनों को लेकर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उन्हें बुलाकर जल्द समाधान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिकायत निवारण दिवस का आयोजन न केवल प्रशासनिक सक्रियता का उदाहरण बना, बल्कि ठाणे पुलिस की जनभावनाओं के प्रति उत्तरदायित्वपूर्ण सोच को भी उजागर करता है। आवेदकों ने इस पहल की सराहना करते हुए ठाणे पुलिस के प्रति आभार जताया और बताया कि व्यक्तिगत रूप से बुलाकर उनकी शिकायतों को सुना जाना और तुरंत कार्रवाई किया ।

# विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सनातन धर्म पर दिया विवादित बयान

## विवादास्पद बयान पर सियासी घमासान तेज

**मुंबई।** एनसीपी शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सनातन धर्म को लेकर एक विवादित बयान दिया है, उनका कहना है कि सनातन धर्म ने देश को पीछे खींचा है. सनातन धर्म ने भारत का नुकसान किया है, उन्होंने यह भी दावा किया कि सनातन नाम से कोई धर्म अस्तित्व में नहीं था, बल्कि हम सभी हिंदू धर्म के अनुयायी हैं।

जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि सनातन धर्म की कुछ परंपराओं ने भारतीय समाज का काफी नुकसान कर दिया है। सनातन धर्म जैसा कभी कोई धर्म था ही नहीं,हम हिंदू धर्म के अनुयायी हैं,यही तथाकथित सनातन धर्म था,जिसने हमारे महान नायकों जैसे छत्रपति शिवाजी



महाराज के राज्याभिषेक को चुनौती देते हुए उसे रोका था और छत्रपति संभाजी महाराज जैसे वीरों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया था।

**यदि सनातन धर्म नहीं होता तो आज जितेंद्र 'जित्तुद्दीन' हो गए होते : निरुपम**

आव्हाड द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान पर सियासी घमासान तेज हो गया है। शिवसेना (शिंदे गुट) के वरिष्ठ नेता संजय निरुपम ने अब इस पर पलटवार किया है, निरुपम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि यदि सनातन धर्म नहीं होता तो आज जितेंद्र 'जित्तुद्दीन' हो गए होते। निरुपम ने सनातन को भारत की सभ्यता और संस्कृति का रक्षक बताया।

**क्या बोले संजय निरुपम?**

संजय निरुपम ने अपने पोस्ट में लिखा, "सनातन धर्म ने भारत की सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं को हज़ारों वर्षों से जीवित रखा है। अगर सनातनी नहीं होते तो यह देश कब का सऊदी अरब बन गया होता। ऐसे धर्म को 'आतंकवादी' कहना सरासर एहसान फरामोशी है।" उन्होंने आगे लिखा, "जितेंद्र आव्हाड को यह याद रखना चाहिए कि उन्हीं के पूर्वजों ने सनातन की छांव में पनाह पाई थी।"

# रविंद्र चव्हाण ने बढ़ाया एकनाथ शिंदे का टेंशन

## चव्हाण ने मनपा चुनाव अकेले लड़ने का दिया संकेत

**मुंबई।** आगामी मनपा और स्थानीय चुनाव में महायुति को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने अपने सहयोगी दल शिवसेना के मुखिया और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का टेंशन बढ़ा दिया है। एक तरफ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सार्वजनिक मंच से साफ कह दिया है कि मनपा और स्थानीय निकाय चुनाव महायुति मिलकर लड़ेगी, असाधारण परिस्थितियों में कुछ जगहों पर दोस्ताना मुकाबला हो सकता है, लेकिन हमारे लिए पहला विकल्प महायुति ही होगा तो दूसरी तरफ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने मनपा चुनाव अलग लड़ने का संकेत दिया है। रविवार को कल्याण में रवींद्र चव्हाण की मौजूदगी में कुछ कांग्रेस पदाधिकारी और कुछ सामाजिक कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर बोलते हुए चव्हाण ने संकेत दिया कि वह अपने दम पर मनपा का चुनाव लड़ेंगे। यदि कल्याण डोंबिवली के विकास करना है, तो भाजपा के महापौर का बनना बहुत जरूरी है,यदि कल्याण डोंबिवली को भाजपा मय बनाना है,तो सभी को उसके लिए जोरदार तरीके से काम करना शुरू कर देना चाहिए बतादें की कल्याण -डोम्बिवली शिवसेना शिंदे गुट का गढ़ है।



# सु स्वागतम् गणराया

इस वर्ष 27 अगस्त को विघ्नहर्ता भगवान गणेश का आगमन हो रहा है। इसी कड़ी में रविवार को परेल वर्कशॉप से कालाचौकी के महागणपती को मंडप की ओर ले जाते हुए श्रद्धालू
-फोटो कुणाल कासार

# अंधेरी में हिट एंड रन का मामला सामने आया

**मुंबई।** अंधेरी इलाके में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां एक तेज रफ्तार टैंकर ने एक्टिवा (स्कूटर) को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक्टिवा पर सवार बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मुंबई की एमआईडीसी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपी ड्राइवर की तलाश में जुट गई है। एमआ-ईडीसी पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसान,बुजुर्ग दंपति मंदिर से पूजा करके घर लौट रहे थे तभी अंधेरी के विजय नगर सर्विस रोड पर तेज रफ्तार टैंकर ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। जिसके चलते एक्टिव सवार दंपति नीचे गिर गए।

**टैंकर ने पीछे से स्कूटर को मारी टक्कर**

पीछे से आ रहे टैंकर ने स्कूटर सवार पत्नी माघीबेन पटेल को कुचल दिया वहीं पति रामजी पटेल कुछ दूर जा गिरे। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर टैंकर लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बुजुर्ग दंपति को नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया,लेकिन डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# कबूतरखाना बंद मामले में मानवीय पक्ष अपनाए मनपा : लोढ़ा

## मनपा आयुक्त को पत्र लिख कर कहा, पक्षी प्रेमियों, साधु-संतों की भावनाओं का रखें खयाल

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

कबूतर खाने को बंद करने को लेकर कानूनी के साथ मानवीय पक्ष का मुद्दा गरमाता जा रहा है। शनिवार को मनपा ने तालपत्री लगाकर दादर कबूतर खाना बंद कर दिया। रविवार को उपनगर के सह पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कबूतरों को दाना खिलाने पर लगाए गए प्रतिबंध के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए मनपा आयुक्त भूषण गगरानी को



पत्र लिखा और सुझाव दिए हैं। लोढ़ा ने मनपा प्रशासन से कहा कि कबूतरखाने बंद करते समय पक्षी प्रेमियों, साधु-संतों और आम लोगों द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं पर भी गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए बीच का रास्ता निकाले जाने की जरूरत है। लोढ़ा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जब से कबूतरों को दाना देने पर प्रतिबंध लगाया गया है तब से मुंबई में दाने के अभाव में कबूतर सड़कों पर मृत पाए जा रहे हैं, इससे नई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। मनपा को एक व्यापक और संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हुए लोढा ने कहा कि मनपा को इस विषय को मानवीय व संवेदनशील दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है।

# स्कूल से लौट रही बच्ची पर टूट पड़े कुत्ते

**मुंबई।** मुंबई से एक चौंकाने वाली और डरावनी घटना सामने आई है, जहां स्कूल से घर लौट रही एक मासूम बच्ची पर अचानक आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब बच्ची अकेले स्कूल से अपने घर की ओर जा रही थी। रास्ते में कुछ आवारा कुत्ते उसके पीछे पड़ गए और उस पर झपट पड़े।

**स्थानीय लोगों ने बच्ची को बचायाः** च्ची ने डर के मारे जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद कुछ स्थानीय लोग तुरंत उसकी मदद के लिए दौड़े और किसी तरह से कुत्तों को भगाकर बच्ची को बचा लिया। इस हमले में बच्ची को मामूली चोटें आई हैं,लेकिन समय पर मदद मिलने से उसकी जान बच गई। यह पूरी घटना इलाके में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे कुत्तों का झुंड अचानक बच्ची के पास आया और उस पर हमला कर दिया।

# सहार एयर कार्गो में 10.20 लाख की रिश्वत लेते सीमा शुल्क अधीक्षक गिरफ्तार

**मुंबई।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मुंबई के सहार स्थित एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स में तैनात एक सीमा शुल्क अधीक्षक को 10.20 लाख रुपए की भारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई उस शिकायत के बाद की गई,जिसमें कहा गया था कि आरोपी अधीक्षक एक कस्टम हाउस एजेंट (सीएचए) फर्म से माल की निकासी में मदद के एवज में 10 रुपए प्रति किलो की दर से रिश्वत मांग रहा था। शिकायत में



यह भी बताया गया कि अधीक्षक केवल अपने लिए नहीं,बल्कि अपने वरिष्ठ अधिकारियों के नाम पर भी रिश्वत की मांग कर रहा था।

सीबीआई की शुरुआती जांच में यह सामने आया कि शिकायतकर्ता द्वारा रिश्वत देने से इंकार करने के बावजूद आरोपी लगातार दबाव बना रहा था और माल जानबूझकर रोके रखा गया था। स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में 25 जुलाई से 1 अगस्त तक की गई जांच में रिकॉर्ड की गई बातचीत और अन्य साक्ष्य रिश्वत मांगने की पुष्टि करते हैं। दस्तावेजों और बयानों से पता चला कि आरोपी ने पहले से मंजूर माल की निकासी के लिए 6 लाख रुपए (जिसमें से 5.80 लाख वरिष्ठ अधिकारियों के लिए और 20 हजार खुद के लिए),वर्तमान में रोके गए माल को छुड़ाने के लिए 10 लाख रुपए और भविष्य में माल की निकासी के लिए प्रति किलो 10 रुपए की मांग की थी। सीबीआई ने 2 अगस्त को जाल बिछाकर आरोपी को 10.20 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 6 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इस गिरफ्तारी ने सीमा शुल्क विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

# पूर्व कमिश्नर अनिल कुमार पवार और उनकी पत्नी को ईडी का समन

**विरार।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने विरार महापालिका के पूर्व आयुक्त अनिल कुमार पवार और उनकी पत्नी भारती पवार को समन जारी कर सोमवार, 4 अगस्त को पूछताछ के लिए अपने कार्यालय में पेश होने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई नालासोपारा में 41 अवैध इमारतों से जुड़े निर्माण घोटाले के सिलसिले में की गई है, जिसकी जांच ईडी कर रही है। ईडी ने पिछले मंगल-वार को अनिल कुमार पवार के आवास समेत 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान,उनके नाशिक स्थित भतीजे के पास से 1 करोड़ 33 लाख रुपए की नकदी जब्त की गई थी। इसके अलावा, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किए गए थे। यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई थी। ईडी को शक है कि पवार ने अवैध निर्माणों को मंजूरी देने के बदले बड़े पैमाने पर रिश्वत ली है। जांच में यह बात सामने आई है कि बिल्डरों से प्रति वर्ग फुट के हिसाब से अवैध शुल्क वसूला जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, पूर्व आयुक्त अनिल कुमार पवार 25 रुपए और शहरी नियोजन निदेशक 10 रुपए प्रति वर्ग फुट लेते थे, जिससे कुल 35 रुपये प्रति वर्ग फुट का शुल्क वसूला जाता था। माना जा रहा है कि इस भ्रष्टाचार से करोड़ों रुपये की कमाई की गई है।

# घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और बाल यौन शोषण की शिकायतें बढ़ीं

## ठाणे के महिला परामर्श केंद्रों में 90% शिकायतें महिलाओं की

**ठाणे।** महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्थापित महिला परामर्श केंद्र आज ठाणे जिले में सामाजिक न्याय की दिशा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ठाणे जिले में वर्तमान में तीन महिला परामर्श केंद्र सक्रिय हैं,जो कश्मीरा पुलिस स्टेशन, टिटवाला (कल्याण ग्रामीण) और कपूरबावड़ी पुलिस स्टेशन परिसर में कार्यरत हैं। इन केंद्रों पर दर्ज होने वाली कुल शिकायतों में से 90 प्रतिशत से अधिक शिकायतें महिलाओं द्वारा की जाती हैं।

इन शिकायतों में प्रमुख रूप से पति और ससुराल वालों द्वारा घरेलू हिंसा,



दहेज प्रताड़ना,वरिष्ठ नागरिकों को घर से निकालना, बाल यौन शोषण और मानसिक उत्पीड़न के मामले शामिल हैं। परामर्श केंद्रों का उद्देश्य केवल कानूनी प्रक्रिया को शुरू करना नहीं, बल्कि विवाद को संवाद और सामंजस्य के ज़रिए सुलझाना है, ताकि परिवार का ढांचा बना रहे। परिवार परामर्श केंद्र की शुरुआत 1985 में की गई थी और यह केंद्र महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ राज्य पुलिस विभाग के सहयोग से संचालित किए जा रहे हैं। जब कोई महिला शिकायत लेकर संबंधित थाने पहुंचती है, तो उसे सीधे परामर्श केंद्र भेजा जाता है। वहां प्रशिक्षित काउंसलर उसकी काउंसलिंग करते हैं और मामले की गंभीरता के अनुसार पति या ससुराल पक्ष को बुलाकर आपसी समझौते की कोशिश करते हैं। इन केंद्रों में घरेलू हिंसा के अब तक 216 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से अधिकांश मामलों का समाधान परामर्श प्रक्रिया से ही हो गया है। लेकिन जब विवाद आपसी सहमति से नहीं सुलझता, तो मामला पुनः पुलिस थाने को सौंपा जाता है।

# मुंबई से अहमदाबाद की दूरी 127 मिनट में तय होगी

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

भारत की पहली बुलेट ट्रेन सेवा जल्द ही मुंबई-अहमदाबाद रूट पर शुरू होगी।

रेल मंत्री ने हाल ही में इसकी घोषणा की। गुजरात के भावनगर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन जल्द ही शुरू होने वाली है। इस सेवा के शुरू होने पर, मुंबई और अहमदाबाद के बीच की दूरी केवल 2 घंटे 7 मिनट (127 मिनट) में पूरी हो जाएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "मुंबई और अहमदाबाद के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेन जल्द ही शुरू होगी। इस परियोजना पर काम तेज़ी से चल रहा है। जब बुलेट ट्रेन चलने लगेगी, तो मुंबई से अहमदाबाद जाने में केवल 2 घंटे 7 मिनट लगेंगे।"




रेल मंत्री भावनगर से शुरू होने वाली नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाने भावनगर टर्मिनस आए थे। उन्होंने यहाँ आयोजित एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। भावनगर टर्मिनस - अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा - पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर - रायपुर को जोड़ने वाली एक नई ट्रेन का आज शुभारंभ हुआ।

### मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना कैसी है?

508 किलोमीटर लंबी मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेलवे परियोजना में कुल 12 स्टेशन शामिल हैं। मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिमिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती। इस मार्ग पर महाराष्ट्र में चार स्टेशन हैं।

### परियोजना की लागत कितनी है?

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1,08,000 करोड़ रुपये है। इसमें से 81 प्रतिशत परियोजना लागत 88,000 करोड़ रुपये जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (JICA) द्वारा वहन की जाएगी।

# सुंदर कांड एवं माता की चौकी का आयोजन

**मुंबई।** माटुंगा रेलवे स्टेशन के सामने स्थानीय व्यापारियों द्वारा आज यानी चार अगस्त को सुंदरकांड और माता की चौकी के साथ साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया है। शाम चार से आठ बजे तक इस आयोजन में व्यापारियों के अलावा हर वर्ग और क्षेत्र के लोगों को निमंत्रित किया गया है। माटुंगा के व्यापारियों द्वारा दी जानकारी के अनुसार सुंदर कांड एवं माता की चौकी के लिए कई मशहूर गायकों को बुलाया गया है। इस भक्ति पूर्ण आयोजन में बड़ी संख्या भक्तजन शामिल होंगे। विन्ध्वासिनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष भरत शुक्ला ने इस आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होने और प्रसाद ग्रहण करने का आव्हान किया है।

# प्लास्टिक बैन में जनसहयोग जरूरी: पंकजा मुंडे

## ■ पशुपालन को खेती के समान दर्जा देने वाला महाराष्ट्र इकलौता राज्य

■ मनोज दुबे/ जितेंद्र मिश्रा

महाराष्ट्र की पर्यावरण,जलवायु परिवर्तन और पशु संवर्धन मंत्री पंकजा मुंडे का मानना है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर सरकार ने प्रतिबंध लगाया है, लेकिन बगैर जनसहयोग के यह अभियान सफल नहीं होगा। अभी हाल ही में सरकार ने पशुपालन को कृषि के समक्ष दर्जा देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

इससे महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। वे राज्य के बड़े मंदिरों में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील कर रही हैं। मंत्रालय में स्थित उनका दफ्तर भी प्लास्टिक मुक्त है। "हमारा महानगर" ने उनसे पर्यावरण सहित अन्य मुद्दों पर बातचीत की। पेश है, बातचीत के प्रमुख अंशः-




**▸ सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर सरकार की तरफ से लगातार मुहिम चलाई जा रही है, लेकिन सभी जगह प्लास्टिक की थैलियां दिखाई देती हैं?**

अकेले सरकार इसे बैन नहीं कर सकती। जब तक लोग ठान नहीं लेंगे, तब तक यह मुहिम सफल नहीं होगी। सरकार जीआर निकालती है, अधिकारियों से सख्ती करती है, लेकिन जब तक लोग अंदर से स्कीम को नहीं अपनाएंगे, तब तक यह सफल नहीं होगी। जैसे हमने जलयुक्त शिवार का काम किया तो लोगों को साथ लेकर काम किया। हम लोगों, गृहिणियों, स्कूल, मंदिरों को अपील कर रहे हैं। यह एक प्रोसेस है, इसे कम करते - करते कैसे जीरो तक लेकर जाएं। गरीब ठेले वाले और व्यापारियों को प्लास्टिक की थैलियां सस्ती पड़ती हैं। लोग घरों से थैली लेकर नहीं निकलते। ये छोटी सी बात है। हमने बैंक्वेट हॉल वालों से कहा है कि वे प्लास्टिक से बने सामन में खाना सर्व न करें। जो रीसाइकिलेबल है, वह चलेगा। हमने अपने आफिस को प्लास्टिक से मुक्त किया है। यहां आपको पीने के पानी के लिए कांच की बोतल दिखाई रही है। हम बांबू से बने टिश्यू पेपर का उपयोग कर रहे हैं। हमारी सिंगल यूज प्लास्टिक का उत्पादन पूरी तरह बंद करने की भी तैयारी है।

**▸ आप जगह-जगह जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर मुहिम भी चला रही हैं?**

जी हां, मैंने सभी मंदिरों के ट्रस्ट को पत्र भी लिखा है। मैं शिर्डी के साईं बाबा संस्थान, मुंबई के श्री सिद्धिविनायक मंदिर, स्वामी समर्थ और हमारे वैजनाथ मंदिर गई हूं। मैं जहां भी जाती हूं, वहां प्लास्टिक बैन करने की अपील करती हूं। हमें कई मंदिर ट्रस्ट की तरफ से बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

**▸ अभी हाल ही में सरकार ने पशुपालन को खेती के समक्ष दर्जा प्रदान किया है?**

मैंने यह निर्णय लिया है कि पशुपालन को खेती के समान दर्जा प्रदान किया जाए। विभाग की मंत्री बनने के बाद इस पर मैंने काफी काम किया। मैं हमारे वित्त मंत्री अजित पवार से मिलीं और उन्हें कन्वेंश किया कि यह अच्छा निर्णय है। कैबिनेट में यह प्रस्ताव आया तो मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी इसे बहुत सराहा। अधिवेशन चल रहा था, जिस वजह से वह विषय लाइमलाइट में नहीं आया। महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है, जहां पशुपालन को खेती के समान दर्जा दिया गया है। अन्य 4 से 5 राज्यों के लोग हमारे विभाग को फोन कर पूछ रहे हैं कि ये निर्णय कैसे लिया? हमारे केंद्रीय मंत्रालय ने भी इस निर्णय की सराहना की है।

**▸ इस फैसले से पशुपालकों को क्या लाभ होगा?**

इस फैसले से पशुपालकों को रियायती दरों पर बिजली मिलेगी। पोल्ट्री लगाने पर बिजली बहुत लगती है, बिजली की कीमत की वजह से पोल्ट्री फायदे में नहीं रहती और आदमी डूब जाता है। अब उसे रियायती दरों पर बिजली मिलेगी। उन्हें रियायती दर पर कर्ज भी मिलेगा। किसानों की तरह उन्हें भी सब्सिडी मिलेगी और जो भी लाभ कृषि क्षेत्र को मिलेंगे, उनका लाभ भी पशुपालकों को मिलेगा। इस निर्णय से सरकार को तकरीबन 7 हजार 700 करोड़ रुपए का फायदा होगा। पोल्ट्री बिजनेस की बात करें तो राज्य में अंडे का उत्पादन बढ़ जाएगा। आज हम रोजाना 1 करोड़ अंडे का उत्पादन करते हैं, जबकि मांग 3 करोड़ है। ऐसे में 2 करोड़ अंडे बाहर से आते हैं। अगर हम एक करोड़ अंडे का उत्पादन अगले दो-तीन साल में बढ़ा सके तो हम पोल्ट्री मे आत्मनिर्भर बन जाएंगे, इससे सरकार को फायदा होगा।

**▸ आपने यह भी कहा कि पशुपालन को कृषि के समक्ष दर्जा देने से ग्रामीण उद्योजक बनेंगे?**

ग्रामीण इलाकों में लघु उद्योग बढ़ने से लोग शहरों में नहीं आएंगे। ग्राम उद्योजक पहला पड़ाव है। लोग इस फैसले के बाद पोल्ट्री खोलना शुरू कर देंगे तो हम ग्रामीण भाग की बेरोजगारी को कम कर सकते हैं।

**▸ अभी हॉल में संपन्न महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र में कृत्रिम फूलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठी थी, इस संबंध में विभाग की क्या नीति है?**

हमने इस बारे में कुछ सुझाव मांगे हैं, इसके बाद कोई निर्णय लेंगे। अब तो प्लास्टिक बैन ही है। ऐसे में हम नहीं कह सकते हैं कि प्लास्टिक फूल या पत्ता बैन है। ऐसे में हमें अलग से कोई निर्णय लेने की आवश्यकता नहीं है। हम कृत्रिम फूलों पर प्रतिबंध लगाने पर सकारात्मक रूप से विचार कर रहे हैं,लेकिन यह तकनीकी मामला है। हमारा विभाग केंद्र सरकार के नियमों से चलता है। तो हर चीज में क्लियरिटी लाने के बाद हम निर्णय लेते हैं। भावुकता में कोई निर्णय लेंगे तो कल लोग कोर्ट में जाएंगे। किसी भी उद्योग को हानि नहीं होनी चाहिए और पर्यावरण को हानि नहीं होनी चाहिए, यह हमारे पर्यावरण विभाग के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है।

**▸ आपने मैंग्रोव वन काटने की शिकायत मिलने पर अंधेरी पश्चिम का दौरा किया, मैंग्रोव वन को बचाने के लिए सरकार की तरफ से क्या नीति बनाई जा रही है?**

वहां मैंग्रोव वन की जगह पर अवैध तरीके से भराव किया गया और उसका कत्ल किया गया। जब विधानपरिषद में अनिल परब ने यह सवाल उठाया तो उन्होंने कहा कि आपको पता नहीं होगा, तब मैंने कहा कि मैं वहां आकर देखती हूं। तब मैंने वहां जाकर मुआयना किया और बहुत की कठोर पत्र कलेक्टर को लिखा है और उन्हें जवाब देने के लिए 15 दिनों की मोहलत दी है। मैंग्रोव वन को लेकर सरकार की नीति पहले से तय है।

**▸ महाराष्ट्र के अन्य इलाकों की अपेक्षा मराठवाड़ा में वन क्षेत्र काफी कम है, इसकी क्या वजह है?**

महाराष्ट्र में भौगोलिक दृष्टि से मराठवाड़ा अकालग्रस्त क्षेत्र है। वहां भूजल का स्तर काफी नीचे है। इस वजह से पेड़ों को जीवित रहना मुश्किल होता है। लातूर जिले में सबसे कम वन क्षेत्र है। इसके मुकाबले हमारे यहां तो स्थिति ठीक है। ऐसे में हम चाहते हैं कि स्थिति बदले, इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं। हालांकि भौगोलिक दृष्टि से इतने नसीबवान नहीं है, वहां बारिश कम होती है। ग्राउंड वाटर का स्तर नीचे हैं और सिंचन भी कम है।

**▸ आपने विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान नदियों को पुनर्जीवित करने की बात भी कही थी?**

हमने बहुत सुंदर कांसेप्ट तैयार किया है? हम नई पॉलिसी लेकर आएंगे? हमारे नेता और राज्य के प्रमुख होने के नाते मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस पर विचार करेंगे और इस पर अपने सुझाव भी पेश करेंगे।

**▸ आप मांसाहार त्याग कर पूरी तरह शाकाहारी बन गई हैं?**

बचपन से ही मांसाहारी रही हूं। पिताजी (गोपीनाथ मुंडे) कहते थे कि लड़कियों को भी अंडे सहित हेल्दी खाना देना चाहिए और उन्हें कसरत करनी चाहिए। उन्होंने हमें अच्छे से नॉनवेज खिलाया। हमारी मम्मी कभी भी नॉनवेज नहीं छूती थीं। कुछ साल पहले एक विषय पर मैंने कहा कि नॉनवेज छोड़ दूंगी और मैंने नॉनवेज छोड़ दिया। मुझे नहीं पता कि यह कितने सालों के लिए छोड़ा है। शायद पशु संवर्धन विभाग में रहकर जीवदया के रूप में यह सब किया है।

**▸ पीओपी से बनने वाली मूर्तियों को लेकर अदालत का जो फैसला आया है, इसे आप कैसे देखती हैं?**

पीओपी के बारे में हमारे विभाग ने जो स्टैंड लिया है, उसकी सरहाना हुई है। इससे हम बहुत बड़े तबके को सकारात्मक दिशा दे पाए। हमने कोर्ट में जो प्रजेंट किया, उसकी भी सराहना हुई। यह हमारे लिए बहुत अच्छी बात है। मेरी अपील है कि पर्यावरण विभाग जो गाइडलाइन जारी करेगा, सारे त्योहार उसी के अनुरुप मनाएं और त्योहार के साथ-साथ पर्यावरण भी बचाएं।

**▸ आने वाले समय में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं, इसे लेकर क्या तैयारियां जारी है?**

हमारे नेता और कोर कमेटी के लोग तय करेंगे। अभी तो सभी कह रहे हैं कि मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसके बावजूद जो भी स्टेप लिए जाएंगे, उसी अनुसार हम आगे बढ़ेंगे।

# ठाणे में डेंगू-मलेरिया का डंक!

## जुलाई में 300 से अधिक मरीज, अस्पतालों में जगह कम पड़ी

महानगर संवाददाता

ठाणे

बारिश के साथ ही ठाणे शहर में मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। जुलाई का महीना ठाणे के लिए डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा लेकर आया। सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार से पीड़ित मरीजों की भीड़ इस कदर बढ़ी कि कई जगहों पर मरीजों को बिस्तर तक नसीब नहीं हो रहा। सबसे ज्यादा मरीज कलवा अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं,जहां डॉक्टरों और कर्मचारियों पर भी दबाव बढ़ गया है। बता दें कि ठाणे नगर निगम के आंकड़ों के मुताबिक जुलाई महीने में मलेरिया के 123, डेंगू के 127, टाइफाइड के 27 और चिकनगुनिया के 29 मरीज सामने आए। यानी सिर्फ एक महीने में 300 से अधिक लोग इन बीमारियों की चपेट में आए। मानसून के चलते कई जगहों पर पानी जमा हो गया है, जो मच्छरों के पनपने का सबसे बड़ा कारण बन रहा है। खासकर निर्माणाधीन इमारतों, टूटे टायरों,खुली पानी की टंकियों और गंदगी से भरे नालों में मच्छरों की भरमार है। डेंगू और मलेरिया के सबसे ज्यादा केस दिवा,माजीवड़ा-मानपाड़ा और नौपाड़ा-कोपरी इलाकों से सामने आए हैं। दिवा में सबसे ज्यादा 45 डेंगू मरीज मिले,जबकि मलेरिया के सबसे ज्यादा 29 मरीज नौपाड़ा-कोपरी से मिले हैं। चिकनगुनिया के 14 मरीज माजीवड़ा-मानपाड़ा में मिले और टाइफाइड के 11 मरीज दिवा में पाए गए।



### पानी जमा न होने की अपील

ठाणे मनपा स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मई में डेंगू और मलेरिया के मामलों की संख्या 20 से भी कम थी,लेकिन जून में यह आंकड़ा दोगुना हो गया और जुलाई में तो यह डरावना रूप ले चुका है। स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया है कि अगर नागरिकों ने सावधानी नहीं बरती तो आने वाले दिनों में हालात और खराब हो सकते हैं।

मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि पानी जमा न होने दें, पानी की टंकियों को ढककर रखें, पुराने टायरों और कचरे को हटाएं, और मच्छरदानी या क्रीम का इस्तेमाल करें। बुखार, बदन दर्द या कमजोरी महसूस होते ही तुरंत नजदीकी अस्पताल में जांच कराएं। शहर में इन बीमारियों से निपटने के लिए नगर पालिका ने अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही गैरेज, पंचर की दुकान और निर्माण स्थलों पर नोटिस देना शुरू कर दिया है। लेकिन जब तक आम लोग खुद सावधानी नहीं बरतेंगे, तब तक मच्छरों से जंग जीतना मुश्किल है।

# अंबोली (अंधेरी) हिंदू श्मशान भूमि तीन महीने के लिए अस्थायी रूप से बंद



**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने महानगरपालिका के के-पश्चिम क्षेत्र में स्थित अंबोली (अंधेरी) हिंदू श्मशान घाट के उन्नयन का निर्णय लिया है और संबंधित कार्य शुरू कर दिया गया है। इन कार्यों के कारण, श्मशान घाट में बच्चों के दाह संस्कार के लिए श्मशान घाट की सुविधा तीन महीने की अवधि के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान, नागरिकों के लिए अन्य स्थानों पर श्मशान घाट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महानगरपालिका के भवन संरक्षण विभाग द्वारा अंबोली श्मशान घाट का उन्नयन और पुनर्निर्माण किया जा रहा है। श्मशान घाट में संबंधित कार्य पूरा होने के बाद, वहां बच्चों के दाह संस्कार के लिए श्मशान घाट की सुविधा फिर से उपलब्ध कराई जाएगी। इस बीच, ओशिवारा हिंदू श्मशान घाट और ढाका वसाहट हिंदू श्मशान घाट में वैकल्पिक श्मशान घाट उपलब्ध कराए गए हैं।

# ऑटो रिक्शा व मोटरसाइकिल आमने- सामने टकराई

## एक युवक की मौत, छह गंभीर रूप से घायल



**भिवंडी।** शहर के शांतिनगर क्षेत्र में शनिवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा पाइपलाइन मार्ग पर उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा और सामने से आ रही बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ मजदूर ड्यूटी खत्म कर गोदाम से रिक्शा द्वारा शांतिनगर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहा रिक्शा और सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक हाल ही में बनाए गए आरसीसी रोड पर आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि रिक्शा में सवार चार लोग और बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत स्वं. इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर होने के कारण चार घायलों को ठाणे स्थित जिला अस्पताल हस्तांतरण कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार कुछ घायलों को गंभीर फ्रैक्चर और आंतरिक चोटें आई हैं। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान महफ़ूज़ जावेद खान (22 वर्ष) के रूप में हुई है। घायल हुए अन्य लोगों की पहचान इस प्रकार हुई है – महेताब शाह (रिक्शा चालक, 30 वर्ष), मोहम्मद राशिद सिद्दीकी (37 वर्ष), दानिश खान (20 वर्ष), अयान राशिद सिद्दीकी (13 वर्ष) और मोहम्मद आरिफ रायन (21 वर्ष)।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शांतिनगर मार्ग पर हाल ही में बने आरसीसी रोड पर तेज रफ्तार में दौड़ते वाहन अक्सर नियंत्रण से बाहर हो जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित प्रशासन इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाए और पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाए, ताकि ऐसे हादसों पर नियंत्रण पाया जा सके। फिलहाल शांतिनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना की जांच जारी है।

# केडीएमसी के कर वसूली केंद्रों पर छुट्टी के दिन भी उमड़े लोग

## तीन प्रभागों में 15.38 लाख रुपए की कर वसूली
## 31 अगस्त तक 5% की छूट भी उपलब्ध



**कल्याण।** कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए शुरू किए गए विशेष कर वसूली केंद्रों को जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। रविवार के दिन भी नागरिक बड़ी संख्या में केंद्रों पर पहुंचे और कर भरकर अपने दायित्व का पालन किया। महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल के मार्गदर्शन में कुल 18 विशेष कर वसूली केंद्रों की व्यवस्था की गई है, जहां नागरिक 31 अगस्त तक अपने मालमत्ता कर (प्रॉपर्टी टैक्स) और पाणीपट्टी (वॉटर टैक्स) का भुगतान कर सकते हैं। इतना ही नहीं, 31 अगस्त तक भुगतान करने पर 5% की छूट भी दी जा रही है। बीते दिन 1/अ, 6/फ और 7/ग प्रभागों से कुल 15,38,897 रुपये की कर वसूली दर्ज की गई। इनमें 1/अ प्रभाग में 7,53,438 रुपये और 6/फ व 7/ग प्रभागों में संयुक्त रूप से 7,85,459 रुपये की रकम नागरिकों द्वारा नकद, चेक और ऑनलाइन माध्यमों से जमा की गई। कर वसूली की इस प्रक्रिया का निरीक्षण आज मालमत्ता कर विभाग की उपायुक्त कांचन गायकवाड ने किया। उन्होंने 1/अ प्रभाग के अटाळी चौक और 6/फ प्रभाग के आदित्य मंगल कार्यालय परिसर में स्थापित वसूली केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान 1/अ प्रभाग के सहायक आयुक्त प्रमोद पाटील और 6/फ व 8/ग प्रभाग की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर भी मौजूद थीं।

# नशे में धुत पुलिस कांस्टेबल ने लोकल ट्रेन में की महिलाओं से अभद्रता, गिरफ्तार



**वसई।** मुंबई लोकल ट्रेन में महिला सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस बार नायगांव, मीरा भायंदर और वसई-विरार पुलिस कमिश्नरेट के एक पुलिस कांस्टेबल ने वर्दी में रहते हुए ही शर्मनाक हरकत की है। शराब के नशे में धुत इस कांस्टेबल ने शनिवार को एक लोकल ट्रेन के महिला डिब्बे में महिलाओं के साथ अभद्रता की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 2:52 बजे बोरीवली-वसई लोकल ट्रेन में हुई। आरोपी कांस्टेबल की पहचान अमोल किशोर सपकाले के रूप में हुई है। वह खाकी वर्दी पहनकर मीरा रोड स्टेशन से ट्रेन में चढ़ा। महिला यात्रियों ने बताया कि नशे की हालत में वह जानबूझकर अपनी कोहनी से महिलाओं की पीठ को छू रहा था। इतना ही नहीं,वह सीट पर बैठकर महिलाओं से टिकट मांगने का नाटक कर रहा था और उन्हें गंदी नज़रों से देख रहा था। कुछ महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि उसने उनके मोबाइल फोन छीनने की कोशिश भी की। सपकाले की इन हरकतों से परेशान होकर कुछ महिलाओं ने उसे नायगांव स्टेशन पर जबरन नीचे उतार दिया और तुरंत स्टेशन मास्टर को इसकी शिकायत की। स्टेशन मास्टर ने बिना देर किए वसई रोड रेलवे पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अमोल सपकाले को हिरासत में ले लिया। उसे मेडिकल जांच के लिए भी भेजा गया। एक महिला यात्री, अभया अक्षय वर्नेकर, ने वसई रोड रेलवे पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी कांस्टेबल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 74 और धारा 351(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# गौवंश चोरी और पुलिस को कुचलने की कोशिश,एक आरोपी गिरफ्तार



**नालासोपारा।** नालासोपारा में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां गौवंश की चोरी कर उन्हें अवैध रूप से कत्लखाने ले जा रहे तीन आरोपियों ने पुलिस को रौंदने की कोशिश की। इस वारदात में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है,जबकि दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना दो अगस्त को सुबह करीब 5 बजे हुई। एक 24 वर्षीय युवक ने नालासोपारा (पूर्व) पुलिस को सूचना दी कि एक लाल रंग की स्कॉर्पियो (MH-02-AU-7821) में कुछ लोग अवैध रूप से गौवंश को ले जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस उपनिरीक्षक हर्षल राउत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नालासोपारा पश्चिम के वाजामोहल्ला में संदिग्ध गाड़ी को रोकने की कोशिश की। लेकिन गाड़ी के चालक ने पुलिस की बात को नजरअंदाज करते हुए गाड़ी को तेज़ रफ्तार में भगाया और पुलिसकर्मी को कुचलने की कोशिश की। आरोपी ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए वहां से फरार हो गए।

पुलिस ने तीन आरोपियों के नाम उजागर किए हैं जिसमें इस्माइल इब्राहिम पठान (19), आशीष तांडेल उर्फ आशू, और तौफिक बंगाली। ये तीनों आरोपी नालासोपारा पश्चिम के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, इन तीनों ने मिलकर गौवंश की चोरी की और उन्हें हत्या के इरादे से स्कॉर्पियो गाड़ी में भरकर ले जा रहे थे।

# मनपा का कौशल विकास केंद्र युवाओं को उपलब्ध करा रहा प्रशिक्षण

## ● छह महीनों में कैंपस इंटरव्यू के ज़रिए 12 हज़ार को मिला रोजगार

**मुंबई।** मनपा द्वारा कांदिवली (पूर्व) में स्थापित कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र मुंबई सहित राज्य के दूसरे हिस्से के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। यहां पिछले छह महीनों में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 12 हज़ार प्रशिक्षुओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। मनपा के प्लानिंग डिपार्टमेंट की निदेशक प्राची जांभेकर ने बताया कि यह केंद्र युवाओं को होटल मैनेजमेंट, बिक्री एवं प्रबंधन, एयर कंडीशनिंग सिस्टम मरम्मत, परिधान एवं वस्त्र उद्योग ( फैशन डिजाइनिंग) , फोटोशॉप, 3डी एनीमेशन, वीएफएक्स, साइबर सुरक्षा, जापानी भाषा प्रशिक्षण, घर-घर भोजन पहुंचाना, बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण, एआई जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करता है। ये सभी प्रशिक्षण एक सप्ताह से एक महीने की अवधि के होते हैं। उन्होंने बताया कि इस केंद्र की क्षमता हर साल लगभग 10 हज़ार छात्रों को प्रशिक्षित करने की है। इसके अलावा, नैसकॉम, अपैरल सेक्टर स्किल काउंसिल, सीआईआई फाउंडेशन, एमसीसी, बजाज, कॉसमॉस क्रिएटिव एकेडमी, ब्लू स्टार, आईटीसी होटल्स जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से आधुनिक सुविधाओं का उपयोग करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# भिवंडी पालिका का 'डायफर' जुगाड़

## उड़ान पुल पर टपकते पानी को रोकने के लिए लगाया प्लास्टिक, बारिश ने किया बेनकाब



**भिवंडी।** शहर में पिछले कुछ दिनों से जारी मूसलधार बारिश ने भिवंडी महानगरपालिका की इंजीनियरिंग कार्यशैली की पोल खोल दी है। बारिश के चलते स्व.राजीव गांधी उड़ान पुल, स्व. बाला साहेब ठाकरे उड़ान पुल,धामणकर नाका उड़ान पुल और स्व.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम उड़ान पुल की जर्जर हालत सामने आई है। इन पुलों के जॉइंट्स से लगातार पानी टपक रहा है, जिससे नीचे से गुजरने वाले वाहनचालकों और पैदल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इन पुलों पर लगे जल निकासी पाइप पहले ही जाम हो चुके हैं। परिणामस्वरूप,पुलों से गिरने वाला आयल युक्त पानी राहगीरों को भीगो देता है और उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। इस समस्या को लेकर नागरिकों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। विरोध के बाद हरकत में आए पालिका इंजीनियरों ने पानी की धार को नियंत्रित करने के लिए अजीबो-गरीब उपाय निकाला। जहां से पानी गिर रहा था, वहां प्लास्टिक बांध दिया गया और उड़ान पुल को एक तरह से 'डायफर' पहना दिया गया। हालांकि, बारिश की तीव्रता के आगे यह 'डायफर' भी ज्यादा देर टिक नहीं सका और फट गया। सोशल मीडिया पर इस फटे हुए डायफर का वीडियो वायरल हो रहा है, जिससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि "इस तरह के जुगाड़ से समस्या का समाधान नहीं होगा। पालिका को स्थायी मरम्मत कार्य करना चाहिए, न कि तात्कालिक 'डायफर' उपायों पर निर्भर रहना चाहिए।" नगरवासी यह जानना चाहते हैं कि आखिर कब तक उन्हें इस तरह की असुविधाओं से जूझना पड़ेगा और क्या भिवंडी की जनता को कभी सुरक्षित और टिकाऊ बुनियादी सुविधाएं मिल पाएंगी ? पालिका प्रशासन की चुप्पी फिलहाल कई सवालों को जन्म दे रही है।

# 14 साल से इंतजार में रहिवासी

## 468 करोड़ के घोटाले के खिलाफ अनशन शुरू

**ठाणे।** कल्याण के चिकणघर स्थित शांतिदूत गृहनिर्माण सोसायटी में 14 साल से अपने घरों का इंतजार कर रहे रहिवासियों ने आखिरकार न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि अवंती ग्रुप एलएलपी के डेवलपर श्रीकांत शितोले और उनके सहयोगी चेतन सराफ ने पुनर्विकास के नाम पर न सिर्फ रहिवासियों को धोखा दिया, बल्कि बैंकों के साथ भी बड़ा फर्जीवाड़ा किया है। इस आंदोलन का नेतृत्व भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र पवार कर रहे हैं। पूर्व विधायक पवार ने बताया कि इन विकासकों ने तीन साल में मकान बनाकर देने का वादा किया था, लेकिन आज 14 साल बीतने के बाद भी एक भी इमारत खड़ी नहीं हुई है। आरोप है कि विकासकों ने सोसायटी की जमीन को रहिवासियों की जानकारी के बिना बैंक में गिरवी रखकर 318 करोड़ रुपए का कर्ज लिया।

# जन समस्याओं के लिए राकांपा ने मनपा आयुक्त को दिया ज्ञापन



**भायंदर।** मीरा-भायंदर शहर की बढ़ती नागरिक समस्याओं पर प्रशासन की लगातार अनदेखी का विरोध करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मीरा-भायंदर शहर जिल्हाध्यक्ष प्रमोद कांबले ने मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा को एक ज्ञापन दिया हैं। इस ज्ञापन में नागरिकों की रोजमर्रा की परेशानियों से जुड़े 11 महत्वपूर्ण मुद्दे उजागर किए गए हैं,जिन पर तुरंत ठोस कार्रवाई की मांग की गई है। राकांपा द्वारा दिए गए ज्ञापन में नागरिकों से मुलाकात का समय बढ़ाये जाने , सार्वजनिक शौचालयों के ठेकों में भ्रष्टाचार की जांच,उत्तन डम्पिंग ग्राउंड की दुर्गंध और स्वास्थ्य संकट , मेट्रो कारशेड के लिए वैकल्पिक स्थान की मांग, एसटीपी प्लांट से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग, आर.एन.ए. बिल्डर्स द्वारा अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने के अलावा संजार शॉपिंग मॉल के स्थान पर निर्माण के दौरान प्राकृतिक नाला बंद करके प्राकृतिक नाले पर अतिक्रमण कर जल प्रवाह को बाधित करने का आरोप इस ज्ञापन में लगाया गया हैं । इसके अलावा भी जनता से जुड़े कई मुद्दों का इस ज्ञापन में जिक्र किया गया हैं । प्रमोद कांबले ने स्पष्ट किया कि उपरोक्त सभी मांगे राजनीति से परे हैं।

# टैरिफ आर्थिक युद्ध...

जब किसी वैश्विक ताक़त के शिखर पर बैठा नेता 'व्यापार' को भी 'सौदेबाज़ी' और 'दबाव नीति' का औज़ार बना ले, तब यह न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर देता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों के आधारभूत सिद्धांतों को भी चुनौती देता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर ऐसा ही एक आर्थिक आघात पहुँचाया है। इस टैरिफ का लक्ष्य स्पष्ट है, भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा को बाधित करना और अमेरिकी वर्चस्व की पुनः स्थापना करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य एवं भारत की उभरती अर्थव्यवस्था में अमेरिका की 'ट्रंपीय' दादागिरी, एवं टैरिफ का तात्कालिक और दीर्घकालिक प्रभाव कितना क्या असर दिखायेगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन इस सन्दर्भ में भारत सरकार की दृढ़ता सराहनीय है। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 190 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। ट्रंप और मोदी ने इस आंकड़े को दोगुना से भी ज्यादा 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उस लक्ष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। ऐसे में, भारतीय कंपनियों को बहुत संभलकर अपने लिए नए बाजार खोजने व बढ़ाने चाहिए। भारत की अर्थव्यवस्था अब दुनिया की सबसे तेज़ गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को उत्पादन और नवाचार का नया केंद्र बनाया है। भारत का टेक्सटाइल, स्टील, ऑटो पार्ट्स और आईटी सेवा क्षेत्र वैश्विक बाज़ार में निरंतर अपनी पकड़ मज़बूत कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा से उपजे भय का संकेत है। लेकिन यह निर्णय केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। ट्रंप प्रशासन हमेशा से ही व्यापार संतुलन के मुद्दे को राष्ट्रीय गौरव से जोड़कर देखता रहा है। 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति का मुख्य हथियार रहा है, दूसरों को पीछे धकेलकर अमेरिका को आगे लाना। यह एकतरफा सोच व्यापार के मूल्यों और साझेदारी की भावना को कमजोर करती है। व्यापार समझौते पर 1 अगस्त की समय सीमा तक दोनों देशों के बीच जारी बातचीत किसी नतीजे पर न पहुंचने का बड़ा कारण भारत का अमेरिका की शर्तों पर समझौता करने के लिए तैयार नहीं होना रहा है। उसे आगे भी तैयार नहीं होना चाहिए। इसका कोई मतलब नहीं कि भारत अमेरिका से ऐसा व्यापार समझौता कर ले, जो केवल उसके हित में हो। इस तरह के समझौते तो तभी हो पाते हैं, जब दोनों पक्षों के हित सधते हैं। भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए अडिग रहना चाहिए और यह स्पष्ट करने में संकोच भी नहीं करना चाहिए कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुचित दबाव के आगे झुकने वाला नहीं। भारत को ट्रंप के मनमाने फैसलों से डरने की आवश्यकता इसलिए भी नहीं, क्योंकि वे अपने फैसलों से पीछे हटने और उन्हें पलटने के लिए जाने जाते हैं। उनके इस रवैये के कारण उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फजीहत भी हो रही है। उन्हें यह समझ आ जाए तो अच्छा कि आज का भारत पहले वाला भारत नहीं है और अमेरिका का भी प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा। डोनाल्ड ट्रंप की नीति अक्सर 'दबाव डालो और झुकावो' पर आधारित रही है। चीन, यूरोप, मैक्सिको के साथ भी ट्रंप की व्यापार नीति टकरावपूर्ण रही है। लेकिन भारत, ऐतिहासिक रूप से संतुलन साधने वाली कूटनीति में विश्वास करता रहा है। भारत ने कई बार वार्ता के माध्यम से समझौते की दिशा में पहल की, लेकिन ट्रंप की आक्रामक नीति और 'डीलमेकिंग' की व्यक्तिगत शैली ने किसी संतुलन को बनने नहीं दिया। भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ न केवल आर्थिक रूप से अनुचित है, बल्कि यह उभरते राष्ट्रों के आत्मनिर्भर बनने के अधिकार का भी हनन है। यह नव-उपनिवेशवाद का नया रूप है, जहँ आर्थिक हथियारों से शक्तिशाली राष्ट्र, विकासशील देशों को नियंत्रित करना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने भारत पर टैरिफ बढ़ाने और जुर्माना लगाने की जो घोषणा की, वह उनकी दबाव की राजनीति का ही हिस्सा है। इस राजनीति की पोल खुल चुकी है। अच्छा होगा कि इसे देश के विपक्षी दल भी समझें। इसलिए और भी समझें कि संसद में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कहा कि सैन्य कार्रवाई को स्थगित किए जाने के सिलसिले में विश्व के किसी भी नेता की कहीं कोई भूमिका नहीं। स्पष्ट है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई को कथित तौर पर रोकने का ट्रंप का दावा फर्जी है। वास्तव में इसी कारण वे अपने इस थोथे दावे को बार-बार दोहरा रहे हैं। आज का भारत न केवल एक विशाल बाज़ार है, बल्कि एक नवाचारशील शक्ति भी है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या, तेज़ी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, और विविधता से समृद्ध उत्पादन क्षमता भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रही है। भारत अब "निर्भरता" की नीति से निकलकर "आत्मनिर्भरता" की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप के टैरिफ का प्रभाव सीमित और अस्थायी होगा, लेकिन भारत की आर्थिक विकास यात्रा दीर्घकालिक और दृढ़ है। भारत के लिए यह चुनौती अवसर में बदलने का समय है, नए बाज़ारों की तलाश, घरेलू उत्पादन को और सशक्त बनाना, और वैश्विक साझेदारियों को नए रूप में ढालना। ट्रंप की दादागिरी भारत को झुका नहीं सकती। बल्कि यह भारत को और मज़बूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे सकती है। यह समय है जब भारत को अपने उत्पादन, नवाचार, निर्यात और कूटनीति को और धार देने की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शक्ति का उत्तर शक्ति से नहीं, दूरदृष्टि और नीति से दिया जाना चाहिए। ट्रंप का टैरिफ एक चुनौती है, लेकिन भारत की आत्मा में संघर्ष से जीतने का इतिहास है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*रिमझिम बरसे बदरिया, नदिया चले उतान*
*लहराएं सरवर सभी, मचल रहे हैं धान*
*मचल रहे हैं धान, बाग में गूंजे कजरी*
*मक्का गजरा सजे, इधर इठलाए बजरी*
*कह सुरेश कविराय ताल तट बगुला हरसे*
*ताके ध्यान लगाय, सवनवां रिमझिम बरसे*

# देश में हीन भावना पैदा कर रहा विपक्ष

आर्थिक विशेषज्ञ कह रहे हैं कि ट्रम्प भारत पर दबाव बनाने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं ताकि दबाव में आकर भारत अमेरिका की शर्तों पर उसके साथ व्यापार समझौता कर ले। इसी रणनीति के तहत उसने भारत पर 25% टैरिफ का ऐलान किया है। वहीं विपक्ष मोदी की उपलब्धियों को जनता की नजरों में संदेहजनक बनाना चाहता है। इसीलिए उसे भारत की अर्थव्यवस्था बर्बाद नजर आती है



हीनभावना एक ऐसी मानसिक स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपनी शक्ति पर भरोसा खो देता है। वो जो काम आसानी से कर सकता है वो भी उसे असम्भव नजर आने लगता है। हीनभावना से ग्रस्त व्यक्ति अपने आपको बहुत कमजोर मानने लगता है। हमारे विपक्षी नेता विशेष तौर पर राहुल गांधी ऐसे बयान दे रहे हैं जिससे देश हीनभावना से ग्रसित हो सकता है, हालांकि ऐसा कुछ होने वाला नहीं है। समस्या यह है कि वो देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के सबसे बड़े नेता हैं इसलिए उनके बयानों की अनदेखी करना भी सही नहीं लगता। जिस समाज और देश को हीनभावना घेर लेती है वो अपने सामर्थ्य पर शक करने लगता है और कोई भी जोखिम लेने से डरने लगता है। वो कुछ भी नया करने से डरने लगता है। दलित समाज की बात करें तो इसमें एक बड़ा वर्ग और विशेष रूप से इसका बुद्धिजीवी वर्ग हीनभावना से ग्रस्त है। अक्सर मेरे लेखों पर सोशल मीडिया में मुझे यह उलाहना सुनना पड़ता है कि मैं दलित मुद्दों पर क्यों नहीं लिखता, अपना इतिहास भूल गया हूँ, मेरे लेख भाजपा के पक्ष में हैं। इसकी वजह यह है कि दलित समाज के हीन भावना से ग्रस्त लोग जाति से बाहर निकल कर कुछ सोच ही नहीं सकते। उन्हें यह बर्दाश्त नहीं होता कि कोई दलित पत्रकार दलित मुद्दों से बाहर निकल कर अन्य मुद्दों पर विचार कैसे रख रहा है। मुझे समझ नहीं आता कि निष्पक्ष होकर लिखना गलत कैसे है। वास्तव में हताश और निराश लोग अपने आपको एक दायरे में सीमित कर लेते हैं, उससे बाहर निकलने से डरते हैं और जो इससे बाहर निकलता है उसके दुश्मन बन जाते हैं। जब से मोदी राष्ट्रीय राजनीति में आये हैं वो विपक्ष के लिए एक पहेली बन गए हैं। उनके 11 साल के शासन के बाद भी विपक्ष उनकी राजनीति को समझ नहीं पाया है। मोदी न केवल अपनी शक्ति को जानते हैं बल्कि सामने वाले की शक्ति का बहुत सही आंकलन कर पाते हैं। वो किसी भी काम को करने के लिए उचित समय का इंतजार करते हैं और उसके लिए लंबी योजना बनाते हैं, इसलिए वो विपक्ष पर भारी पड़ते हैं। विपक्ष के लिए समस्या यह है कि उसे कभी नहीं पता लगता कि मोदी कब क्या करने वाले हैं। मोदी के 11 साल के शासन ने विपक्ष को मानसिक अवसाद से ग्रस्त कर दिया है। मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्ति को सब तरफ ऐसी चीजें दिखाई देने लगती हैं जो वास्तव में होती ही नहीं हैं। उसे हर तरफ अपने काल्पनिक दुश्मन दिखाई देने लगते हैं और वो कुछ भी अच्छा होने की उम्मीद खो चुका होता है। विपक्ष भी मानसिक अवसाद से ग्रस्त हो चुका है और उसमें हीन भावना घर कर गयी है। यही कारण है कि जब डोनाल्ड ट्रंप ने बयान दिया कि भारत की अर्थव्यवस्था मृत है तो पूरे विपक्ष और उसके समर्थकों ने उसे लपक लिया। राहुल गांधी ने मीडिया में आकर बयान दिया कि क्या आप लोग नहीं जानते कि भारत की डेड इकोनॉमी है। मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। मैं तो कब से कह रहा हूँ कि देश की अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है आप लोग ही नहीं मानते थे। डोनाल्ड ट्रंप ने कह दिया है तो आपको पता चला है। विपक्ष यह देखने को तैयार नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप एक रणनीति के तहत यह बयान दे रहे हैं। आर्थिक विशेषज्ञ कह रहे हैं कि ट्रम्प भारत पर दबाव बनाने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं ताकि दबाव में आकर भारत सरकार अमेरिका की शर्तों पर उसके साथ व्यापार समझौता कर ले। इसी रणनीति के तहत वो भारत पर 25% टैरिफ का ऐलान कर चुके हैं। वास्तव में विपक्ष यह विमर्श लगातार चला रहा है कि मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को डुबो दिया है। डोनाल्ड ट्रंप के बयान ने उसे बैठे बिठाए यह मौका दे दिया है कि वो अपनी बात को सही साबित कर सके। जिसके ऊपर अब अमेरिकी जनता को भी भरोसा नहीं रह गया है, वहीं ट्रम्प विपक्ष के लिए दुनिया के सबसे विश्वसनीय नेता बन चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप की कंपनी सबसे ज्यादा निवेश भारत में करने जा रही है तो विपक्ष को खुद से सवाल पूछना चाहिए कि क्या डोनाल्ड ट्रंप मूर्ख हैं जो एक डेड इकोनॉमी में अपना पैसा फंसा रहे हैं। इसके अलावा इस समय अमेरिकी कंपनियां सबसे ज्यादा निवेश भारत में कर रही हैं जबकि डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश न करें। सवाल उठता है कि क्या दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियां एक डेड इकोनॉमी में अपना पैसा फंसा रही हैं। वास्तव में विपक्ष अच्छी तरह जानता है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं लेकिन वो दो कारणों से उनके साथ खड़ा हो गया है। एक कारण यह है कि वो मोदी की उपलब्धियों को जनता की नजरों में संदेहजनक बनाना चाहता है तो दूसरा कारण यह है कि विपक्ष मानसिक अवसाद से ग्रस्त है और उसे भारत की अर्थव्यवस्था बर्बाद नजर आती है। विशेष तौर पर कांग्रेस का मन यह मानने को तैयार नहीं है कि एक गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के शासन में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से दौड़ती अर्थव्यवस्था है। अमेरिका इस अर्थव्यवस्था का फायदा उठाने में पीछे नहीं रहना चाहता, इसलिए भारत सरकार पर दबाव बना रहा है कि वो उसकी शर्तों पर उसके साथ समझौता करे। भारत का दुर्भाग्य है कि देश का विपक्ष देशहित की अनदेखी करके ट्रंप के साथ खड़ा है। विपक्ष देश को हीनभावना से ग्रस्त करना चाहता है ताकि आगे बढ़ते भारत को रोका जा सके। राहुल गांधी सोचते हैं कि उनके बिना भारत कैसे आगे बढ़ सकता है. ऐसा तभी हो सकता है जब वो देश के प्रधानमंत्री बन जाए। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध विराम को लेकर जब से डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा किया है कि उन्होंने ही दोनों देशों के बीच युद्ध विराम करवाया है, तब से वो विपक्ष के लिए एक हीरो बन गए हैं। इसका कारण यह है कि विपक्ष को उनके बयान के बाद अपनी बात साबित करने का मौका मिल गया है कि मोदी जी ने डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में आकर ऑपरेशन सिंदूर रोक दिया है। सरकार कई बार कह चुकी है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर को इसलिए रोका है क्योंकि उसने जो लक्ष्य तय किया था, वो उसे हासिल कर चुकी थी। सरकार का कहना है कि युद्ध विराम के लिए पाकिस्तान की तरफ से उनके डीजीएमओ का अनुरोध आया था जिसे भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया और युद्ध विराम कर दिया। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपनी यह बात दोहरा रहे हैं कि उन्होंने ही भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया है। अजीब बात है कि दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्ति का मुखिया एक नहीं, दो दर्जन बार यह कह चुका है कि उसने युद्ध विराम करवाया है। अपनी सरकार पर भरोसा न करके विपक्ष को विदेशी नेता पर ज्यादा भरोसा है।

**– राजेश कुमार पासी**

# रोहिंग्या : शरणार्थी हैं या घुसपैठिए?

सुप्रीम कोर्ट ने 31 जुलाई 2025 को कहा कि वह यह तय करेगा कि भारत में रह रहे अवैध रोहिंग्या 'शरणार्थी' माने जाएँगे या 'अवैध घुसपैठिए'। कोर्ट में रोहिंग्या से जुड़े कई मामलों की सुनवाई हो रही है। जस्टिस सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और एन. कोटिश्वर सिंह की तीन जजों की पीठ ने कहा कि यह मामला अब तीन दिनों तक विस्तार से सुना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जिन प्रमुख मुद्दों पर विचार करने की बात कही, वे हैं-क्या रोहिंग्या लोगों को 'शरणार्थी' घोषित किया जा सकता है? अगर हाँ, तो उन्हें किस प्रकार की सुरक्षा और अधिकार मिलेंगे? अगर रोहिंग्या अवैध रूप से भारत में घुसे हैं, तो क्या भारत सरकार और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि उन्हें कानून के अनुसार देश से बाहर निकाला जाए? अगर रोहिंग्या को अवैध घुसपैठिया मान भी लिया जाए, तो क्या उन्हें अनिश्चित समय तक हिरासत में रखा जा सकता है? या फिर उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दी जानी चाहिए? जो रोहिंग्या हिरासत में नहीं हैं और शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं, क्या उन्हें पीने का पानी, स्वच्छता, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएँ मिल रही हैं? क्या यह सब संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) के अनुसार है? भारत सरकार ने देश में अवैध रूप से घुसे रोहिंग्या मुस्लिमों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकालने (डिपोर्ट) की प्रक्रिया तेज कर दी है। सरकार का कहना है कि ये अवैध रोहिंग्या देश की कानून-व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और डेमोग्राफी के लिए खतरा बन सकते हैं। इसी वजह से केंद्र सरकार लगातार इन्हें पहचानकर वापस भेजने की कोशिश कर रही है। हालाँकि सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ कुछ विदेशी फंडिंग पाने वाले तथाकथित मानवाधिकार संगठन और एनजीओ सुप्रीम कोर्ट पहुँचे। उन्होंने रोहिंग्याओं को भारतीय नागरिकों के बराबर अधिकार देने और उनकी देश से वापसी रोकने की माँग की थी। मई 2025 में, जब सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर सुनवाई हुई तो अदालत ने स्पष्ट और संतुलित रुख अपनाया। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की उस माँग को खारिज कर दिया जिसमें वे चाहते थे कि इस मामले को



तुरंत प्राथमिकता के साथ सुना जाए। कोर्ट ने कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई और सरकार की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया। इस तरह सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि अवैध घुसपैठियों के मामले में कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीरता जरूरी है। गैर सरकारी संगठन उन अवैध रोहिंग्याओं की रक्षा करना चाहते हैं जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। जानकारों की माने तो याचिकाकर्ता चाहते हैं कि भारत सरकार रोहिंग्या मुस्लिमों के मामले में 'मानवीय दृष्टिकोण' अपनाए लेकिन यह भी सच है कि कई अवैध रोहिंग्या नागरिक गंभीर आपराधिक गतिविधियों, जैसे मानव तस्करी में शामिल पाए गए हैं। ये अवैध प्रवासी उस देश के संसाधनों पर दावा ठोक रहे हैं जिसकी आबादी पहले से ही बहुत बड़ी है। फिर भी, तथाकथित मानवाधिकार कार्यकर्ता और वकील राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इनके पक्ष में आवाज उठा रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि रोहिंग्या धीरे-धीरे देश के कई हिस्सों में फैल गए हैं। इनमें से कई लोगों ने फर्जी आधार कार्ड और अन्य स्थानीय पहचान पत्र भी बना लिए हैं जिसका फायदा उन्हें तुष्टिकरण की राजनीति से मिला। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के आँकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2024 तक भारत में 95,000 से ज्यादा रोहिंग्या मुस्लिम रह रहे हैं। इनमें से लगभग 22,500 लोग शरणार्थी और शरण की माँग करने वाले हैं। इन्हें संयुक्त राष्ट्र ने 'राज्यविहीन' माना है। भारत अवैध रोहिंग्याओं को रखने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है। 1951 शरणार्थी सम्मेलन एक अंतरराष्ट्रीय संधि है जो यह तय करती है कि शरणार्थी किसे कहा जाता है और इस पर हस्ताक्षर करने वाले देशों की शरणार्थियों और शरण की माँग करने वालों के प्रति क्या जिम्मेदारियाँ होती हैं। इस संधि के अनुसार किसी भी देश को शरणार्थियों को उस देश में वापस नहीं भेजना चाहिए जहाँ उन्हें उत्पीड़न या खतरा हो सकता है हालाँकि, भारत ने इस 1951 सम्मेलन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, इसलिए भारत इस संधि के नियमों से कानूनी रूप से बँधा नहीं है। इसका मतलब यह है कि भारत को शरणार्थियों को अपने देश में रखना जरूरी नहीं है और वह अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या मुस्लिमों को निर्वासित कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट अब रोहिंग्या शरणार्थियों की कानूनी स्थिति से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा है लेकिन इस विषय पर निर्णय लेने का असली अधिकार संसद के पास है। संविधान का अनुच्छेद 11 संसद को नागरिकता से जुड़े सभी मामलों, जैसे नागरिकता प्राप्त करना, छोड़ना और समाप्त करना आदि के लिए कानून बनाने का अधिकार देता है। नागरिकता से जुड़े कानूनों को लागू करने की मुख्य जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की है। संसद ने भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 बनाया है जो नागरिकता प्राप्त करने, छोड़ने और नागरिकता वापस लेने से जुड़े नियम तय करता है। हालाँकि रोहिंग्या शरणार्थी, जो अवैध रूप से भारत में आए हैं, इस कानून के अंतर्गत नहीं आते बताए जा रहे है। भारत सरकार का यह स्पष्ट रुख है कि रोहिंग्या लोग अवैध प्रवासी हैं और उन्हें देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसलिए सरकार उन्हें वापस भेज रही है। सरकार का यह मानना है कि अगर ऐसे तत्वों को भारत में रहने दिया गया, तो यह देश की कानून-व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। ऐसे गंभीर मामलों का निर्णय संसद जैसे संस्थान के हाथ में होना चाहिए क्योंकि यह जनता के प्रति जवाबदेह होता है। जानकारों के अनुसार अब जब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को अपने हाथ में लिया है, तो यह उम्मीद की जाती है कि वह केवल कानूनी तर्कों और सूखी व्याख्या तक सीमित न रहकर, देश और जनता के व्यापक हितों को प्राथमिकता देते हुए अवैध घुसपैठ के प्रति ठोस निर्णय करेगा।

**– रामस्वरूप रावतसरे**

# नीले ड्रम का खौफ

कभी मजदूरों के घरों में पानी और अनाज रखने का भरोसेमंद साधन रहा नीला प्लास्टिक ड्रम, अब लोगों के लिए खौफ का पर्याय बन गया है। यह वही ड्रम है जिसे मैं अक्सर ट्रेनों के जनरल डिब्बों में बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के मजदूरों को महानगरों से अपने गांव ले आते देखता हूं। ट्रेन की जनरल बोगी में जहां एक साधारण बैग ले जाना मुश्किल होता है, वहां इन भारी ड्रमों को ढोना किसी पर्वतारोहण से कम नहीं. मजदूरों के चेहरे पर तकलीफ के बीच एक संतोष की झलक होती "घर जाकर मां या पत्नी इसे देखकर खुश होगी, इसमें अनाज, पानी या घर की जरूरत का सामान रखा जाएगा।" लेकिन आज वही ड्रम एक भयानक मंजर की याद दिलाने लगा है। सोशल मीडिया के दौर में इन ड्रमों की कहानी गांव-गांव तक पहुंच गई है और यह कहानी भय, शंकाओं और अविश्वास की है। मेरठ की घटना ने ड्रम को अपराध का प्रतीक बना दिया। मेरठ में हुए एक चर्चित हत्याकांड ने इस ड्रम की छवि बदल दी। मुस्कान नाम की महिला ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ की हत्या की। शव को टुकड़ों में काटकर एक नीले ड्रम में गीले सीमेंट के साथ छिपा दिया गया। इस खौफनाक घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया सोशल मीडिया पर इसे "नीले ड्रम का आतंक" नाम दिया गया। लुधियाना की एक और घटना से डर की परत और गहरी हुई। पंजाब के लुधियाना में भी हाल ही में एक नीले ड्रम में रस्सी से बंधा शव मिला। लोगों ने इसे सीधे मेरठ कांड से जोड़ते हुए सोशल मीडिया पर साझा किया। "नीले ड्रम का आतंक" फिर ट्रेंड करने लगा। इन घटनाओं ने बाजार को भी प्रभावित किया। बिहार के अमित कुमार ने बताया कि जहां पहले 40–50 ड्रम प्रति माह बिकते थे, अब बिक्री घटकर 15 रह गई। व्यापारी शाहनवाज और मोहम्मद नदीम बताते हैं, "लोग अब नीले ड्रम लेने से कतराते हैं। खरीदार अब अन्य रंगों के ड्रम पसंद करने लगे हैं ताकि मजाक और शक से बच सकें। सोशल मीडिया ने इस डर को और गहरा किया। मीम्स और रील्स ने नीले ड्रम को एक डरावने प्रतीक में बदल दिया। गांव-गांव तक इन घटनाओं की भयानक कहानियां फैलीं। कुछ लोगों ने इसे अपराध और हास्य का मिश्रण बनाकर वायरल किया, जिससे मजाक के डर से भी लोग नीले ड्रम लेने से बचने लगे। लोग अब ड्रम को सिर्फ एक बर्तन के रूप में नहीं देखते बल्कि उसमें छिपे अपराध की आशंका जोड़ने लगे हैं। पटना के एक दुकानदार राजकुमार कहते हैं "लोगों ने इस मुद्दे को मजाक और डर का रूप दे दिया है. असल में हमें अपराध रोकथाम और सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर चर्चा करनी चाहिए।" सबसे अधिक प्रभावित वे मजदूर हैं जो इन ड्रमों को फैक्ट्री से घर लाते थे.पहले उनके लिए यह जरूरी और घर के काम का साधन था.अब वही ड्रम शक और डर की वजह बन गया है। यात्रा में भी मजदूर इन ड्रमों के साथ असहज महसूस करते हैं, कहीं लोग गलत धारणा न बना लें। ड्रम विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई. लोग ड्रम को अपराध से जोड़कर देखने लगे। हास्य और भय का मिला-जुला माहौल, जो गंभीर अपराधों पर चर्चा को हल्के में ले जाता है।

**– शम्भू शरण सत्यार्थी**

आज का कार्टून

साभार




# राजनीति में भद्रता की मिसाल थे अरुण जेटली

खुद कई मामलों में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी की सारी राजनीति आरोप लगाते रहने पर ही टिकी हुई है। वह भारत में बोलें या विदेशी धरती पर, उनके संबोधनों में सिर्फ भारत की सरकार और भारत के संवैधानिक संस्थान ही निशाने पर होते हैं। राहुल गांधी पहले प्रधानमंत्री के लिए 'चौकीदार चोर है' वाली टिप्पणी का उपयोग करते थे, मगर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई तो वह संवैधानिक संस्थानों को चोर बताने लग गये हैं। एक दिन पहले राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकाते हुए कहा था कि रिटायर हो जाओगे तब भी तुम्हें ढूँढ़ निकालेंगे और आज उन्होंने उन लोगों पर हमले शुरू कर दिये जोकि इस धरा पर अपना पक्ष रखने के लिए नहीं हैं। राहुल गांधी ने स्वर्गीय पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली पर जो आरोप लगाये हैं वह बेहद निचले स्तर की राजनीति है। राहुल गांधी अमीर घराने से जरूर हैं लेकिन सभ्यता के मामले में बेहद गरीब हैं क्योंकि वह यह सामान्य-सी बात भी नहीं जानते कि हमारे धर्म और संस्कृति में यही सिखाया जाता है कि स्वर्गीय व्यक्ति के प्रति कभी भी अनादर नहीं प्रकट करना चाहिए। राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि अरुण जेटली ने उन्हें धमकाया जबकि असलियत यह है कि स्वर्गीय अरुण जेटली जनवरी 2019 से ही एक तरह से बिस्तर पर थे। हम आपको याद दिला दें कि फरवरी 2019 में जब जेटली को बतौर वित्त मंत्री लोकसभा चुनावों से पहले संसद में अंतरिम बजट पेश करना था तब उनकी अमेरिका में सर्जरी होने की वजह से उनकी जगह वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। उसके बाद जेटली की जगह पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट पेश किया था। हम आपको यह भी बता दें कि अरुण जेटली की 14 मई 2018 को किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी हुई थी और उसके बाद से वह घर से ही काम कर रहे थे। वह अपने मंत्रालय की बैठकों में भी ऑनलाइन शामिल होते थे और अत्यंत आवश्यक होने पर ही लोगों से मुलाकात करते थे क्योंकि डॉक्टरों ने उन्हें किसी से मिलने से मना किया हुआ था। ऐसे में राहुल गांधी का यह दावा कि अरुण जेटली उन्हें धमकाने गये थे ना सिर्फ सफेद झूठ है बल्कि देश के ईमानदार नेताओं में शुमार रहे व्यक्ति की छवि पर प्रहार भी है। देखा जाये तो राहुल गांधी कहने को तो कांग्रेस के लीगल कॉन्कलेव में बोल रहे थे लेकिन यहां बातें उन्होंने इल-लीगल कह दीं। दूसरी ओर, राहुल के बयान पर भाजपा नेता तो पलटवार कर ही रहे हैं साथ ही स्वर्गीय अरुण जेटली के पुत्र रोहन जेटली ने भी राहुल गांधी के बयान को तथ्यात्मक रूप से गलत और दिवंगत नेता की स्मृति के प्रति अनादरपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा, "मेरे पिता का 2019 में निधन हो गया था, जबकि कृषि कानून 2020 में पेश किए गए थे। राहुल गांधी का यह दावा समय-सीमा के हिसाब से असंभव है।" रोहन ने यह भी कहा कि अरुण जेटली लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखते थे और कभी भी दबाव की राजनीति नहीं करते थे। रोहन ने कहा कि वह संवाद और सहमति निर्माण में विश्वास रखते थे। यदि कोई राजनीतिक मतभेद होता भी, तो वे खुली और रचनात्मक चर्चा के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास करते थे। उन्होंने राहुल गांधी को चेतावनी दी कि दिवंगत नेताओं को राजनीतिक विवादों में न घसीटें। रोहन जेटली ने कहा कि राहुल गांधी ने मनोहर पर्रिकर जी के मामले में भी कुछ ऐसा ही किया था। कृपया departed leaders को शांति से रहने दें। इस बीच, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने X पर लिखा, "राहुल गांधी के झूठ अब बर्दाश्त से बाहर हैं। वह बार-बार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का नाम अपनी कल्पनाओं से भरे बयानों में घसीटते हैं। यह दावा कि अरुण जेटली जी ने उन्हें कृषि कानूनों पर धमकाया, न सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि पूरी तरह से शर्मनाक और घृणित है।" प्रमोद सावंत ने यह भी याद दिलाया कि राहुल गांधी ने स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर के मामले में भी गलत बयान दिए थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने राफेल सौदे पर झूठा आरोप लगाने के लिए पर्रिकर जी से मुलाकात का गलत अर्थ प्रस्तुत किया था। ऐसे बयान न केवल तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करते हैं, बल्कि उन नेताओं की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। बहरहाल, देखा जाये तो राहुल गांधी की यह आदत बन गयी है कि वह राजनीतिक लाभ के लिए दिवंगत नेताओं के नाम और छवि का इस्तेमाल करते हैं।

**– नीरज कुमार दुबे**

# 3 किमी दूर नदी में मिला महंत का शव

महानगर नेटवर्क

मुजफ्फरपुर



मुजफ्फरपुर जिले के पानापुर ओपी अंतर्गत बहादुरपुर मठ के महंत की अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी।

रविवार सुबह उनका शव गंडक नदी के किनारे से पुलिस ने बरामद किया है।

शव मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि महंत रामबाबू सिंह बहादुरपुर मठ में अपने एक सेवक के साथ रहते थे। बीती रात करीब 12 बजे वह अपने कमरे में सोने गए थे। रात में वह मठ में अकेले थे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि महंत का किसी से कोई विवाद नहीं था,ऐसे में उनकी हत्या क्यों की गई,यह समझ से परे है। पुलिस के मुताबिक,महंत का शव मठ से करीब तीन किलोमीटर दूर बूढ़ी गंडक नदी किनारे फेंका पाया गया है। शौच के लिए निकले कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने नदी किनारे शव की पहचान की और इसकी सूचना पुलिस को दी।

घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा सूचना मिलते ही पानापुर ओपी पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव पूरी तरह कीचड़ में सना हुआ था। इस घटना को लेकर स्थानीय लोग आक्रोशित हैं और अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चा है।

### एफएसएल और श्वान दस्ते की टीम मौके पर पहुंची

पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर एफएसएल की टीम और श्वान दस्ते की टीम को बुलाया गया है। पुलिस सभी कोणों से मामले की जांच कर रही है। हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। हत्या के पीछे जमीन विवाद की चर्चा है। हालांकि, पुलिस अभी कुछ भी कहने से बच रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या कैसे की गई, इसका पता चल सकेगा।

## गंगाजल भरने भागलपुर जा रहीं ननद-भाभी की मौत

**भागलपुर।** श्रावणी मेला से जुड़ी दुखद खबर बिहार के बांका जिले से आई है। सोमवारी पर जलाभिषेक के लिए गंगाजल भरने दो महिला श्रद्धालुओं की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। तीनों बाइक से गंगाजल लेने भागलपुर के बरारी घाट जा रहे थे। वे गोड्डा के रहने वाले थे। मरने वाली दोनों महिलाएं आपस में ननद-भौजाई थीं। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है,जबकि घायल युवक का इलाज कराया जा रहा है। बांका के मिर्जापुर मोड़ के समीप उस समय दुर्घटना हुई जब तीनों लोग बाइक से गोड्डा (झारखंड) से भागलपुर गंगाजल लेने जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।

# महत्वाकांक्षी होना गलत नहीं पर एनडीए में ही रहूंगा : चिराग

**पटना।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी होना कहीं से गलत नहीं है। लेकिन मेरी महत्वाकांक्षा, मेरे गठबंधन से ऊपर नहीं है। हम लोग साथ मिलकर बिहार के विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए समर्पित हैं और एनडीए का हिस्सा बने रहेंगे। रविवार को एक निजी चैनल से बातचीत के दौरान चिराग पासवान ने कहा कि मेरा समर्पण मेरे प्रधानमंत्री के लिए आंख मूंदकर है। जब तक मेरे प्रधानमंत्री हैं, चिराग पासवान आंख मूंद कर उनके साथ है। मैं एनडीए में था, एनडीए में हूं और रहूंगा। रही बात महत्वाकांक्षी होने की तो जीवन में अति महत्वाकांक्षी होना कहीं से गलत नहीं है।



■ महत्वाकांक्षा व्यक्ति की सफलता का आधार होता है। जब कोई आपके साथ नहीं होता, तब आपका आत्मविश्वास ही आपका साथ देता है। चिराग पासवान से जब पूछा गया कि आप केंद्र की राजनीति से बिहार की राजनीति को तरजीह दे रहे हैं। अब क्या महत्वाकांक्षा है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि माता-पिता के अलावे कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो किसी को आगे बढ़ते देखना चाहता है। इसलिए हर आदमी को महत्वाकांक्षी होना चाहिए। कहा कि जब पार्टी तोड़ दी गयी और घर से निकाल दिया गया।। लोग तब खत्म कर देने के लिए कंकड़ मार रहे थे। जब अपने प्रयास से तैर कर पार कर गए तो चार लोग पूछते हैं। दरअसल यह सवाल इसलिए उठता है कि चिराग पासवान केंद्र की राजनीति( सरकार) कंफर्टेबली फिट हैं। लेकिन उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। एनडीए में रहते हुए वे नीतीश सरकार की आलोचना करने से पीछे नहीं हटते। चिराग और प्रशांत किशोर एक दूसरे की तारीफ भी करते हैं। विपक्षी आरोप लगाते हैं कि चिराग पासवान बिहार का मुख्यमंत्री बनने के लिए स्वांग रच रहे हैं।

# खौलते मांड में गिरने से दो साल की बच्ची की मौत



**दरभंगा।** दरभंगा जिले के कमतौल थाना क्षेत्र के निमरौली गांव में शनिवार को एक बच्ची चावल के मांड में गिर गई। बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान आज बच्ची की मौत हो गई। मृत बच्ची की पहचान खुर्शीद आलम की पुत्री इनारा 2 वर्ष के रूप में की गई है। बेंता थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। बच्ची की मौत के बाद घर में मातम छा गया है।

**खेलते समय चावल के मांड में गिर गई थी बच्ची**

बच्ची की मां निखत ने बताया कि शनिवार की दोपहर बारिश होने के कारण घर के अंदर वह खाना बना रही थी, जबकि उनकी बेटी बगल में चौकी पर खेल रही थी। चावल के बन जाने पर वह एक बड़े बर्तन में मांड को ठंडा होने के डालकर बाहर से पानी लाने गई थी। इस दौरान बच्ची खौलते हुए मांड में गिर गई। बच्ची जोर-जोर से चिल्लाने लगी। जब तक वह आकर देखती, तब तक बच्ची गम्भीर रूप से जल चुकी थी।

## पटना डबल मर्डर का खुलासा

# "वह मेरी नहीं,तो किसी और की भी नहीं होगी"

**पटना।** जानीपुर थाना क्षेत्र के नदवा गांव में दो सगे भाई-बहन की निर्मम हत्या कर दी गई थी। दोनों नाबालिग भाई बहनों पर किरोसिन तेल डालकर आग लगा दी गई थी,जिसमें जिंदा जलकर दोनों की मौत हो गई थी। नृशंस हत्या के इस मामले में पटना पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। इस मामले में पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हत्या की साजिश पहले से रची गई थी और इसके पीछे प्रेम-प्रसंग की गहरी कहानी छिपी थी।

एसएसपी ने बताया कि इस दोहरे हत्याकांड की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी (SIT) का गठन किया गया था। केस की जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी शुभम कुमार (19 वर्ष) और उसके सहयोगी रोशन कुमार (19 वर्ष) ने मिलकर इस दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया।



**ऐसे दिया गया घटना को अंजाम**

हत्या की रात शुभम ने एक दुकान से बोतल में किरासन तेल खरीदा और अपने साथी रोशन कुमार के साथ सीधे वहां पहुंचा जहां दोनों भाई बहन अपने घर में मौजूद थे। जब वह वहां पहुंचा, उस वक्त लड़की का भाई सो रहा था जबकि लड़की जाग रही थी। शुभम ने पहले भाई को ईंट से कुचलकर मार डाला और फिर लड़की की भी निर्ममता से हत्या कर दी और फिर किरासन तेल डालकर आग लगा दी। इसके बाद घर का दरवाजा बंद किया और दोनों वहां से फरार हो गए।

शुभम और मृतका लड़की के बीच स्कूल के समय से प्रेम संबंध था, लेकिन परिवार वालों की असहमति के कारण दोनों अलग हो गए थे। हाल ही में शुभम को यह पता चला कि लड़की किसी और के संपर्क में है, जिससे वह बुरी तरह आहत हुआ। इसी आक्रोश में शुभम ने रोशन के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। शुभम की सोच थी कि "अगर वह मेरी नहीं हो सकती, तो किसी और की भी नहीं होगी।"

# नीतीश का दामन थाम बोले अशोक राम,मेरे पीछे और भी हैं

## राहुल का 'हाथ' क्यों छोड़ा, वजह बताया



**पटना।** विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में चल रहे सियासी उठा पटक के बीच कांग्रेस के बड़े नेता अशोक राम ने नीतीश कुमार पार्टी जेडीयू का दामन थाम लिया। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मंत्री विजय चौधरी,रत्नेश सदा सरीखे नेताओं की मौजूदगी में अशोक राम ने जनता दल यूनाइटेड की औपचारिक सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़ने वाले अभी और कई लोग हैं। वे राबड़ी सरकार में मंत्री भी रहे। अशोक राम ने कहा कि बिहार कांग्रेस पार्टी राजद की बी टीम बनकर रह गयी है। वहां से बाहर निकलना जरूरी था क्योंकि वहां दलितों को इज्जत नहीं दी जा रही है। राजेश राम को भले ही प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया पर पावर नहीं दिया गया। हालांकि कांग्रेस को झटका के सवाल पर उन्होंने कहा कि उस पार्टी में बड़े बड़े नेता हैं। मेरा छोड़ना कहीं से झटका नहीं होना चाहिए। लेकिन इससे एक मैसेज तो चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग हैं जो तीर के साथ आ सकते हैं। इधर संजय झा ने भी दावा किया कि महागठबंधन के कई नेता जो कांग्रेस और राजद से ताल्लुक रखते हैं वे जदयू के संपर्क में हैं।

# शादी के 14 साल बाद प्रेमी संग रहना चाहती पत्नी



**मुंगेर।** मुंगेर में शादी के 14 साल बाद एक पत्नी अपने पति नहीं प्रेमी के साथ रहना चाहती है। पति ने भी इसकी इजाजत दे दी है। उसका कहना है कि वो जिससे प्यार करती है, उसी के साथ रहे। मामला कासिम बाजार थाना क्षेत्र के बेलवा घाट का है। जहां पति रोहित कुमार ने सामाजिक सहमति के बाद अपनी पत्नी गीता देवी को उसके प्रेमी राहुल कुमार के साथ रहने के लिए भेज दिया। पति का कहना है कि गीता और राहुल का बीते 4 साल से अफेयर चल रहा था। 4 साल पहले भी वो भाग चुकी थी। अब दोनों साथ रहने को राजी नहीं हैं। रोहित और गीता की शादी 14 साल पहले हुई थी और दोनों के तीन बच्चे भी हैं। करीब चार साल पहले गीता की मुलाकात मोहल्ले में रहने वाले राहुल कुमार से हुई, जो रिश्ते में देवर लगता है। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और अफेयर शुरू हो गया।

# पटना से उड़ाते थे, छिपा देते थे एम्स अस्पताल में

## डील होते ही 'माल' पहुंच जाती थी नेपाल



**पटना।** दानापुर पुलिस को बाइक चोरी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करने में कामयाबी मिली है। पुलिस ने 20 जुलाई को दानापुर थाना क्षेत्र के आरपीएस मोड़ से चोरी गई मोटरसाइकिल की घटना की जांच करते हुए एक SIT टीम गठित की थी। टीम के तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो कुख्यात बाइक चोरों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुधांशु कुमार सिंह (पिता- रतन कुमार सिंह, निवासी- नयागांव डंका ईमली, थाना- आलमगंज, पटना) और लाडले मुख्तार (पिता- स्व. अब्दुल रशीद, निवासी- केदारनाथ मठ लेन, वार्ड नं.-52, नियर ज्ञानस्थली स्कूल, थाना- आलमगंज, पटना) के रूप में हुई है।

# बहन ने की लव मैरिज,भाई ने देवर को मार डाला

**पटना।** याजी नगर निगम के कर्मी की शनिवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने सिर में गोली मारी है। मृतक का नाम मनीष मांझी (25) है। घटना डेल्हा थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि मनीष के भाई ने 3 साल पहले लव मैरिज की थी। इससे लड़की का भाई काफी नाराज था। वो कहता था- समाज में काफी बेइज्जती हुई है। शनिवार की रात किसी बात को लेकर मनीष और वकील के बीच विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद वकील ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों के बयान पर 4 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है। इसमें लड़की के भाई वकील मांझी के अलावा विक्की मांझी, बबलू मांझी और विकास मांझी शामिल है। मृतक के भाई ने बताया,




'मनीष मांझी शनिवार की रात ड्यूटी खत्म कर अपने घर बाइक से घर लौट रहा था।

### पहले भी मारपीट हुई थी, लेकिन समझौता हो गया था

मृतक के भाई सूरज कुमार ने बताया कि 'मैंने लव मैरिज की थी। इससे लड़की का भाई वकील नाराज था। इसको लेकर लगातार विवाद हो रहा था। शनिवार को भी विवाद हुआ। इसके बाद बैरागी के रहने वाले विक्की और विकास मेरे भाई को जबरदस्ती गली में ले गए और गोली मार दी।'

'3 साल पहले मेरे भाई ने लव मैरिज की थी। इस मामले में पहले भी मेरी पिटाई की थी। घर पर फायरिंग भी की थी। इसकी शिकायत पुलिस से की गई थी।

## व्यापार

### TCS को लगा झटका

**नई दिल्ली।** ग्लोबल टेंशन के बीच भारतीय बाजार में गिरावट देखने को मिली है, जिसमें टॉप वैल्यूबल कंपनियों की सेहत कुछ खराब कर दी. टीसीएस के मार्केट कैप में भारी गिरावट आई. जबकि, HDFC और रिलायंस के मार्केट कैप में उछाल आया. देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 1.35 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा झटका लगा,पिछले हफ्ते,बीएसई सेंसेक्स 863.18 अंक या 1.05 प्रतिशत टूट गया था। इस दौरान टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में 1,35,349.93 करोड़ रुपये की गिरावट आई।

# भारतीय एक्सपोर्टर्स की सरकार से गुहार

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने से बचने के लिए भारतीय एक्सपोर्टर्स ने सरकार से गुहार लगाई है। उद्योग अधिकारियों ने बताया कि खाद्य, समुद्री और कपड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों ने 25 प्रतिशत ट्रम्प शुल्क से निपटने के लिए सरकार से वित्तीय सहायता और किफायती ऋण की मांग की है। उन्होंने बताया कि मुंबई में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में कुछ निर्यातकों ने उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी योजनाओं की मांग की। एक अधिकारी ने कहा, "निर्यातकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित उच्च शुल्क के कारण अमेरिकी बाजार में आने वाली समस्याओं पर अपनी राय रखी।" उन्होंने आगे बताया कि मंत्री ने सुझाव दिया है कि निर्यातक समुदाय अपने सुझाव लिखित रूप में भेजें। उन्होंने सस्ती दरों पर ऋण और राजकोषीय प्रोत्साहन की भी मांग की।



**भारत में ब्याज दरें काफी अधिक**

निर्यातकों के अनुसार, भारत में ब्याज दरें आठ से 12 प्रतिशत या उससे भी अधिक होती हैं। प्रतिस्पर्धी देशों में, ब्याज दर बहुत कम है। उदाहरण के लिए, चीन में केंद्रीय बैंक की दर 3.1 प्रतिशत, मलेशिया में तीन प्रतिशत, थाईलैंड में दो प्रतिशत और वियतनाम में 4.5 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि "परिधान और झींगा जैसे क्षेत्रों की स्थिति अच्छी नहीं है। अमेरिकी खरीदारों ने ऑर्डर रद्द करना या रोककर रखना शुरू कर दिया है। आने वाले महीनों में, इसका असर अमेरिका को भारत के निर्यात पर पड़ सकता है, और निर्यात में गिरावट के कारण, नौकरियां जा सकती हैं।" साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन देना मुश्किल होगा।

**7 अगस्त से लागू होगा बढ़ा हुआ टैरिफ**

इस सप्ताह घोषित 25 प्रतिशत शुल्क सात अगस्त (भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे) से लागू होगा। यह शुल्क अमेरिका में मौजूदा मानक आयात शुल्क के अतिरिक्त होगा।

# टैरिफ के ऐलान के बाद अमेरिकी तेल इंपोर्ट दोगुना

## भारत ने अप्रैल-जून में 30 हजार करोड़ का तेल खरीदा

**नई दिल्ली।** अप्रैल में ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद दोगुनी कर दी है। अप्रैल-जून तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 114% की बढ़ोतरी हुई है। 2024 में अप्रैल से जून के बीच भारत ने अमेरिका से करीब 15 हजार करोड़ रुपए का तेल खरीदा था। 2025 में अप्रैल से जून के बीच में यह आंकड़ा दोगुना बढ़कर 32 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

**जनवरी में ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद बढ़ी तेल खरीदी**



भारत ने अमेरिका से जनवरी से जून 2025 के बीच हर दिन 2.71 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा। 2024 में जनवरी से जून के बीच ये आंकड़ा 1.8 लाख बैरल प्रतिदिन था। केवल जुलाई 2025 में जून के मुकाबले 23% ज्यादा कच्चा तेल अमेरिका से आया। भारत के कुल तेल आयात में भी अमेरिका की हिस्सेदारी 3% से बढ़कर 8% तक पहुंच गई।

**ट्रम्प ने रूस से तेल खरीद पर पेनल्टी लगाने की धमकी दी**

30 जुलाई को ट्रम्प ने भारत पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत हमेशा से अपनी ज्यादातर सैन्य चीजें रूस से खरीदता है और रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है। ये सब तब हो रहा है, जब हर कोई चाहता है कि रूस-यूक्रेन की जंग रुके। ये सब ठीक नहीं है। इसलिए, भारत को 25% टैरिफ और रूस से व्यापार पर पेनल्टी भी देनी होगी।

## सोना 1 लाख से नीचे, चांदी अब भी रिकॉर्ड पर!

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ महीनों से सोना और चांदी की कीमतों में लगातार उछाल देखा जा रहा है. जहां एक ओर वैश्विक बाजार में डॉलर मजबूत हुआ है, वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ और ट्रेड वॉर नीतियों के चलते सोना-चांदी निवेशकों के लिए एक बार फिर सुरक्षित ठिकाना बनते जा रहे हैं. ऐसे में भारतीय बाजारों में भी इन दोनों धातुओं के भाव रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं. अगर पिछले दो दशकों की बात करें, तो सोना निवेशकों के लिए सबसे भरोसेमंद संपत्ति बनकर उभरा है।


## पुणे महानगरपालिका, पुणे

### निविदा प्रकिया कक्ष पथ विभाग

### निविदा जाहिरात - नविन कामे

जाहिरात क्र. 2/544
दि. 1/8/25

पुणे अद्वितीय & Unique

विक्री कालावधी दिनांक :- 04-08-2025 09:00 सकाळी ते 11-08-2025 02:30

स्वीकृती दिनांक :- 04-08-2005 09:00 सकाळी ते 11-08-20250 2:30 दुपारी पर्यंत

तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांकः- 12-08-2025 03:00 दुपारी

| निविदा क्रमांक | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किंमत ₹ | अंदाजित पूर्व गणित रक्कम ₹ | बयाणा रक्कम ₹ | कामाची मुदत (महिने) | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दूरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC/ROAD/2025/179 | पथ | पर्वती मतदार संघातील शिवदर्शन पोलीस चौकी ते कमानी पर्यंत सातारा रोड रस्ते डांबरीकारण करणे. | ₹ 6079/- | ₹ 8447104/- | ₹ 84471/- | 12 | महेश उपरे 9822444281 |
| PMC/ROAD/2025/178 | पथ | पर्वती मतदार संघातील लक्ष्मीनगर परिसरामधील रस्ते कॉंक्रीटीकरण करणे. | ₹ 1359/- | ₹ 4151893/- | ₹ 41519/- | 6 | महेश उपरे 9822444281 |
| PMC/ROAD/2025/180 | पथ | पर्वती मतदार संघातील मित्रमंडळ परिसरामध्ये विविध ठिकाणी रस्ते डांबरीकरण करणे. | ₹ 6079/- | ₹ 8451027/- | ₹ 84510/- | 12 | महेश उपरे 9822444281 |
| PMC/ROAD/2025/181 | पथ | पर्वती मतदार संघातील धनिवेनणकार सोसायटी लक्ष्मी नारायण टॉकीज मागील परिसरामध्ये रस्ते डांबरीकरण करणे. | ₹ 1359/- | ₹ 4210702/- | ₹ 42107/- | 6 | महेश उपरे 9822444281 |
| PMC/ROAD/2025/182 | पथ | मुख्य रस्त्यावरील रस्ते दुभाजक दुरुस्ती व पेंटिंग, पेटेस्ट्रीयन क्रॉसींग, थर्मोप्लास्टिक पेंट, साईन बोर्ड, कर्ब स्टोन दुरुस्ती पेंटिंग, तसेच रस्ते देखभाल दुरुस्ती विषय व तदनुषंगिक कामे करणे (शंकरशेठ रस्ता) | ₹ 6079/- | ₹ 5084270/- | ₹ 50843/- | 12 | देवेंद्रसिंग राजपूत 9823010298 |
| PMC/ROAD/2025/183 | पथ | मुख्य रस्त्यावरील रस्ते दुभाजक दुरुस्ती व पेंटिंग, पेडेस्ट्रीयन क्रॉसींग, थर्मोप्लास्टिक पेंट, साईन बोर्ड, कर्व स्टोन दुरुस्ती पेंटिंग, तसेच रस्ते देखभाल दुरुस्ती विषय व तदनुषंगिक कामे करणे (नेहरु रस्ता) | ₹ 6079/- | ₹ 5084270/- | ₹ 50843/- | 12 | देवेंद्रसिंग राजपूत 9823010298 |
| PMC/ROAD/2025/184 | पथ | मुख्य रस्त्यावरील रस्ते दुभाजक दुरुस्ती व पेंटिंग, पेडेस्ट्रीयन क्रॉमींग, थर्मोप्लास्टिक पेंट, साईन बोर्ड, कर्व स्टोन दुरुस्ती पेंटिंग, तसेच रस्ते देखभाल दुरुस्ती विषय व तदनुषंगिक कामे करणे (लक्ष्मी रम्ता) | ₹ 6079/- | ₹ 5084025/- | ₹ 50840/- | 12 | कश्यप वानखेडे 9689989209 |
| PMC/ROAD/2025/185 | पथ | गेड सेफ्टी इम्पूव्हमेंट प्लॅननुसार वाहतूक पोलिसांच्या मार्गदर्शनानुसार रस्त्यावर माईनेजेस रोड मार्किंग व रहदारी सुरक्षेच्या दृष्टीने तदनुषंगिक कामे करणे (ढोले पाटील क्षेत्रीय कार्यालय) | ₹ 1359/- | ₹ 2796425/- | ₹ 27964/- | 12 | मल्लौदिन शेईख 9860021308 |
| PMC/ROAD/2025/186 | पथ | पुणे शहरात विविध ठिकाणी आय. आर. सी. गाईडलाईन प्रमाणे रेज्ड पेडेस्ट्रीयन क्रोसिंग व गतिरोधक पदपथ दुरुस्ती करणे व तदनुषंगिक कामे करणे (ढोले पाटील क्षेत्रीय कार्यालय) | ₹ 769/- | ₹ 1101596/- | ₹ 11016/- | 12 | मल्लौदिन शेईख 9860021308 |

अ) सदर कामाबाबत निविदा अटी / शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामाचे निविदा www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यसाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्वीकृत सदर वेबसाईटवरुन फक्त ऑनलाईन पधतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पद्धतीने मागविण्यात येत आहेत.

ब) निविदा प्रक्रियाच्या शेवटच्या दिवशी संच प्राप्त न आल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्व जबाबदारी टेंडरदाराची राहील.

क) ऑनलाईन निविदा प्रकिया बाबतची संपूर्ण माहिती टेंडर सेल विभाग पुणे म.न. पा. येथे मिळेल.

ड) कार्यालयीन आदेश क्र. अतिमआ (वि) / 32 दिनांक 22/04/2016 नुसार बयाना रक्कम इ.सी एस./आर.टी.जी. एस./ एन. एफ. टी सुविधेमार्फतच स्वीकारनेत येणार आहे.

सही/-
Sharad Kharage
कार्यकारी अभियंता, पथ
पुणे महानगरपालिका


**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

### विपक्ष पर बरसे सीएम योगी

# 2017 से पहले होते थे आतंकी हमले



**महानगर संवाददाता**
लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा। विपक्ष पर बरसते हुए सीएम ने कहा, 2017 से पहले पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद होता था और उसका सीधा असर राज्य की कानून-व्यवस्था पर पड़ा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उप्र पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1,494 सहायक परिचालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान योगी ने चयनित कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में होने वाली भर्तियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद हावी था। उस दौरान पैसों के लेन-देन, बोली और भेदभाव ने नौजवानों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया था।

उन्होंने कहा, इसका सीधा असर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर पड़ा। इससे दंगे, अराजकता, गुंडागर्दी, आतंकी घटनाएं बढ़ गयीं और जनता में असुरक्षा का माहौल बन गया। घटनाएं गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी अयोध्या, काशी और लखनऊ की कचहरी में हमले होते थे तो कभी आतंकी हमले, एक बार सीआरपीएफ कैंप रामपुर को भी निशाना बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में 'डबल इंजन' की सरकार बनने पर सबसे पहले भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बड़े कदम उठाए गए। इसके तहत पुलिस भर्ती बोर्ड का सुदृढ़ीकरण किया गया। उन्होंने दावा किया कि इसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है। योगी ने कहा कि अब तक राज्य सरकार साढ़े आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान कर चुकी है, जो पूरे देश में सबसे बड़ा आंकड़ा है। वर्ष 2017 से लगातार उत्तर प्रदेश सरकार का नेतृत्व कर रहे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस में दो लाख 17 हजार 500 से अधिक कार्मिकों की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जा चुकी है, जो देश में सबसे बड़ा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आने के बाद निवेश भी बढ़ा, जिससे करीब दो करोड़ युवाओं को अपने जिले में ही रोजगार के अवसर मिले।

#### सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक बना उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में जो ऐतिहासिक बदलाव आए हैं, वे सिर्फ आंकड़ों की कहानी नहीं हैं, बल्कि एक नई पहचान, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक बन चुके हैं। वर्ष 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस में 2 लाख 17 हजार 500 से अधिक कार्मिकों की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जा चुकी है, जो देश में सबसे बड़ा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में बीजेपी सरकार बनी, तो सबसे पहले भर्ती बोर्ड को मजबूत करने का काम किया गया। यह तय किया गया कि यदि किसी ने नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ किया तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश की भर्ती प्रक्रिया नजीर बन गयी है।

## श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गड्ढे में गिरी; 29 घायल, 6 की हालत गंभीर

**संतकबीरनगर।** यूपी में गोंडा के बाद संतकबीरनगर में भीषण हादसा हो गया। यहां अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गड्ढे में गिर गई। इस हादसे में 29 लोग घायल हो गए। जिनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सुरक्षित निकलवाकर अस्पताल भिजवाया है। हादसा धनघटा थाना क्षेत्र के डुहिया पुल के पास रविवार दोपहर का है। पुलिस के अनुसार गोरखपुर जनपद के बांसगांव थाना क्षेत्र के भैसारानी गांव से 29 श्रद्धालु पिकअप से अयोध्या जा रहे थे। जैसे ही गाड़ी डुहिया पुल के पास पहुंची तो पिकअप गड्ढे में चली गई। जिससे गाड़ी पलट गई। पिकअप में बैठे श्रद्धालुओं में चीखपुकार मच गई। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सभी 29 घायलों को निकालकर सीएचसी पहुंचाया। जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# यूपी पुलिस CBI और ED की तर्ज पर करेगी काम : DGP

### गिरफ्तारी और तलाशी को लेकर बने सख्त नियम

**महानगर संवाददाता**
लखनऊ



उत्तर प्रदेश में अब पुलिस की गिरफ्तारी और तलाशी की कार्यवाही अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। यूपी पुलिस महानिदेशक (DGP) मुख्यालय ने गिरफ्तारी और तलाशी से जुड़े 16 बिंदुओं पर आधारित नया मेमो सभी जिलों को भेजा है। इस आदेश के जरिए हर गिरफ्तारी की प्रक्रिया को कागजों में दर्ज करना और उसकी पूरी जानकारी नियमानुसार देना अनिवार्य कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक अब हर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक अधिकारी को नामित करना जरूरी होगा, जो गिरफ्तारी से संबंधित सभी विवरण तैयार करेगा। इसके साथ ही इस विवरण को संबंधित जिले के कंट्रोल रूम में प्रदर्शित भी किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। राज्य की पुलिस को अब गिरफ्तारी की प्रक्रिया में केंद्रीय जांच एजेंसियों जैसे सीबीआई और ईडी का पैटर्न अपनाने को कहा गया है। यानी हर गिरफ्तारी पर एक विस्तृत रिकॉर्ड तैयार होगा जिसमें 16 जरूरी बिंदुओं की जानकारी शामिल होगी। इसमें गिरफ्तारी का समय, स्थान, कारण, आरोपी के बयान, बरामद वस्तुएं, मेडिकल परीक्षण की स्थिति, आदि शामिल हैं। इसके अलावा गिरफ्तारी के वक्त मौजूद दो स्वतंत्र गवाहों के हस्ताक्षर भी अनिवार्य कर दिए गए हैं।

#### वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी अनिवार्य

आदेश में कहा गया है कि गिरफ्तार व्यक्ति के नाम-पते का रिकॉर्ड तैयार करने के लिए एक उपनिरीक्षक (SI) या उससे वरिष्ठ अधिकारी की तैनाती अनिवार्य होगी। साथ ही हर जिले में एक जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जो यह सुनिश्चित करेगा कि गिरफ्तारी की हर कार्रवाई इन 16 बिंदुओं के अनुरूप हो। गिरफ्तारी के समय आरोपी के पास से बरामद की गई हर वस्तु का स्पष्ट विवरण भी कागजों में दर्ज करना होगा। यह प्रक्रिया न केवल अदालतों में प्रमाण के तौर पर काम आएगी बल्कि आरोपी के अधिकारों की सुरक्षा के लिए भी अहम मानी जा रही है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) कई बार गिरफ्तारी की प्रक्रिया में पारदर्शिता और मानवीय अधिकारों की रक्षा पर जोर दे चुके हैं।

# प्रदेश में भारी बारिश से कई नदियां उफान पर

## हजारों लोग पलायन को मजबूर

**महानगर संवाददाता**
लखनऊ

प्रदेश में बीते कई दिनों से हो रही बरसात ने रफ़्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 55 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें लखनऊ, मऊ, गोरखपुर, बलिया, वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, कुशीनगर, देवरिया, संत कबीर नगर, बस्ती, सीतापुर, बाराबंकी, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, हरदोई, और मुरादाबाद जैसे जिले शामिल हैं। वहीं प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं, जिनमें गंगा, यमुना, घाघरा नदियां प्रमुख हैं।

प्रदेश में हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के कारण कई नदियां, जैसे गंगा, यमुना, रामगंगा, गोमती, शारदा, और राप्ती, खतरे के निशान को पार कर बह रही हैं। बहराइच, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, और श्रावस्ती जैसे उत्तरी जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। फिलहाल प्रदेश के सभी जिलों में SDRF के साथ ही अधिकारियों से भी नदियों के किनारे निगरानी के निर्देश हैं। खासकर तराई वाले इलाकों में बाढ़ खासा तबाही हर साल मचाती है। इसलिए कम से कम नुकसान हो इसके लिए प्रशासन अलर्ट है।




#### काशी में तीन हजार से ज्यादा मंदिर डूबे

वाराणसी में गंगा खतरे के निशान 71.26 को पार गई है। 84 घाटों को डुबोने के बाद अब गंगा शहर में प्रवेश कर चुकी हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के द्वार से गंगा सिर्फ 14 सीढ़ी नीचे हैं। वहीं गंगा के किनारे स्थित तीन हजार से ज्यादा मंदिर डूब गए हैं। शीतला घाट पर मां का मंदिर भी जलमग्न हो गया है। जल पुलिस की चौकी भी पानी में डूब चुकी है। नमो घाट पर बने स्क्ल्पचर भी डूब गए हैं। लोग घरों में फंसे हैं। वहीं, जिलाधिकारी ने आबादी क्षेत्र में जाकर यहां का हाल जाना। आसपास के लोगों ने अंदेशा जताया कि अगर इसी तरह के हालात रहे तो सभी सीढ़ियां भी डूब जाएंगी। बीते शनिवार की रात 12 बजे गंगा का जलस्तर 71.71 मीटर पहुंच गया। 84 घाटों को डुबोने के बाद अब गंगा शहर में प्रवेश कर चुकी हैं।

#### प्रयागराज में स्थिति भयावह, हजारों बेघर

प्रयागराज में गंगा और यमुना खतरे के निशान को पार कर गई हैं। जलस्तर खतरे के बिंदु 84.734 मीटर के ऊपर पहुंच गया है। नदियों का उफान अभी जारी है। स्थिति काफी भयावह हो गई है। रविवार को गंगा का जलस्तर 86 मीटर के करीब पहुंच गया है। बांध में रिसाव के चलते शनिवार देर रात हड़कंप मचा रहा। बालू भरी बोरी डालकर बांध को बचाने की कवायद की जाती रही। गंगा और यमुना के किनारों पर स्थित दो दर्जन से अधिक मुहल्लों के हजारों घर जलमग्न हो गए हैं। अब बाढ़ का पानी शहर के पाश इलाके अशोक नगर, राजापुर की तरफ बढ़ रहा है। पानी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भोर से ही हो रही मूसलाधार बारिश ने स्थिति को और भी भयावह कर दिया है।

### अवधेश प्रसाद को डिप्टी स्पीकर बनाने को लेकर ओपी राजभर ने अखिलेश पर कसा तंज

# 'जब चरखा दांव लगेगा तो चारों खाने चित हो जाएंगे'

**महानगर संवाददाता**
लखनऊ

उत्तर प्रदेश की फैजाबाद सीट से सपा सांसद अवधेश प्रसाद को लोकसभा में डिप्टी स्पीकर बनाए जाने की चर्चा हो रही है, जिस पर यूपी के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव भले ही ख़ुश हो लेकिन वो नहीं जानते कि जब चरखा दांव लगता है तो चारों खाने चित हो जाएंगे।

दरअसल लोकसभा में अभी तक डिप्टी स्पीकर का पद खाली है। इस रेस में सपा सांसद अवधेश प्रसाद का नाम सबसे आगे चल रहा है। विपक्षी दल ने उनके नाम पर अपनी सहमति भी जताई है। जिसके बाद चर्चा है कि उन्हें लोकसभा का डिप्टी स्पीकर बनाया जा सकता है। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने इन चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव खुश हो लें लेकिन, वह नही जानते जब चरखा दांव लगता है तो चारों खाने चित हो जाएंगे। इस दौरान उन्होंने पूर्वांचल के माफिया बृजेश सिंह को लेकर भी बड़ी बात कही है। कहा जा रहा है कि मऊ सीट से सुभासपा विधायक अफजाल अंसारी की विधायकी जाने के बाद ओम प्रकाश उपचुनाव में बृजेश सिंह को अपना उम्मीदवार बना सकते हैं। इस पर जब उनसे सवाल किया गया कि क्या बृजेश सिंह को आप माफिया के तौर पर देखते है, क्या बृजेश सिंह माफिया है? जवाब में राजभर ने कहा कि जब तक न्यायालय कोई सजा न दे दे, तब तक हम लोग कैसे कह सकते हैं अदालत ही सर्वोपरि है। हम लोग उस चश्मे से देखते है। अगर वोटर लिस्ट में नाम है तो हम लोग उन्हें मतदाता की हैसियत से देखते है। बृजेश सिंह पर कई मुकदमें होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुकदमे तो बहुत से लोगों पर चल रहे हैं। जब अदालत का फैसला आएगा, आरोप सिद्ध होगा तब न कुछ कहा जा सकता है?



# PDA पाठशाला चलाने पर केस को लेकर भड़के अखिलेश



**प्रतापगढ़।** जिले में युग्मित प्राथमिक विद्यालय में बिना अनुमति कार्यक्रम करने और बच्चों के बीच दुष्प्रचार करने के आरोप में बीईओ गौरा ने रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा सहित तीन लोगों के खिलाफ फतनपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही विद्यालय के हेडमास्टर बृजेश सिंह को निलंबित कर दो शिक्षमित्रों को नोटिस देकर जवाब भी मांगा गया है। इस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव भड़क गए और सोशल मीडिया पर लिखा कि अब भाजपा हमेशा के लिए जाएगी। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में लिखा पढ़ाई के लिए तो FIR अंग्रेजों तक ने नहीं की थी। भाजपा का शिक्षा विरोधी चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो गया है। अब भाजपा हमेशा के लिए जाएगी। निंदनीय! गौरतलब है कि विकास खंड गौरा के प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर कला द्वितीय को बगल के विद्यालय में विलय कर दिया गया है। इसी विद्यालय में गुरुवार को बिना अनुमति रानीगंज विधायक ने अपने सहयोगियों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया।

## जमीन के नाम पर करोड़ों की ठगी, मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** नोएडा में जमीन के नाम पर धोखाधड़ी का एक गंभीर मामला थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र से सामने आया है, जहां महेश अग्रवाल नामक व्यक्ति से दो भाइयों ने मिलकर एक करोड़ एक लाख रुपये की ठगी कर डाली. आरोपी न केवल जमीन का बैनामा करने से मुकर गए, बल्कि रकम वापस मांगने पर पीड़ित को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी गई।

ईकोटेक-3 थाना प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, महेश अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी मुलाकात वर्ष 2024 में सुनील अरोड़ा पुत्र सतीश अरोड़ा और अमित अरोड़ा पुत्र सतीश अरोड़ा से हुई थी। दोनों ने दावा किया कि डासना क्षेत्र में उनके पास एक भूमि है, जिसे वे बेचना चाहते हैं। दोनों पक्षों के बीच जमीन का सौदा 2.25 करोड़ में तय हुआ। महेश अग्रवाल ने सौदे की शुरुआत में 1.01 करोड़ की राशि नकद और अन्य माध्यमों से आरोपियों को दे दी। शेष राशि बैनामा के समय देने की बात तय हुई थी। लेकिन जैसे ही बैनामा की बारी आई, आरोपियों ने न केवल टालमटोल शुरू कर दिया, बल्कि जमीन के कागजात भी पीड़ित को नहीं सौंपे। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने बार-बार बैनामा के लिए दबाव डाला, तो आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी. इससे परेशान होकर उन्होंने थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धोखाधड़ी, धमकी एफआईआर दर्ज कर ली है।




# लोधेश्वर महादेव मेला परिसर में उतरा करंट, दो की मौत

**महानगर संवाददाता**
बाराबंकी

पौराणिक तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक बिजली के खंभे में करंट उतरने से दो स्थानीय दुकानदारों की मौत हो गई और कई लोग झुलस गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर परिसर के पास पुलिस चौकी के बगल में लाई और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों के पास यह हादसा हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर दर्शन के लिए गुजर रही थी, तभी पास में लगे बिजली के खंभे में करंट दौड़ने लगा। इसी दौरान कई लोग इसकी चपेट में आ गए।



मृतकों में गोबरहा गांव निवासी संजय (36) की शिनाख्त हो चुकी है जबकि एक अन्य मृतक की पहचान की कोशिशें की जा रही हैं। घायल श्रद्धालुओं को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। क्षेत्र में दहशत का माहौल है, लोग बेहद आक्रोशित हैं और बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे का कारण बता रहे हैं।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित बिजली खंभे में पहले से करंट आ रहा था, इसकी सूचना कई बार विभाग को दी गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

# विद्यालय से लौट रही छात्रा से छेड़छाड़

**अयोध्या।** विद्यालय से घर लौट रही 12वीं की छात्रा से युवक ने छेड़छाड़ किया, विरोध करने पर गला दबाकर मारने का प्रयास किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इनायतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री पास के ही एक निजी विद्यालय में पढ़ने जाती है। वह कक्षा 12 की छात्रा है। गुरुवार को 11 बजे विद्यालय बंद होने पर वह साइकिल से घर लौट रही थी कि करीब 11:30 बजे रास्ते में पास के एक गांव का ही रहने वाला युवक अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। चिल्लाने व विरोध करने पर जान से मारने की नियत से गला दबा रहा था। गांव के लोगों के आने पर आरोपी छोड़कर भाग गया। थाना प्रभारी इनायतनगर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है तथा घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# गर्लफ्रेंड के लिए युवक बना फर्जी सिपाही, गिरफ्तार



**वाराणसी।** रामनगर किले के पास शनिवार रात एक फर्जी सिपाही को गिरफ्तार किया गया है। 15 दिन से वह फर्जी आईकार्ड और वर्दी में लोगों की आंख में धूल झोंक रहा था। आरोपी चंदौली के सकलडीहा थाना क्षेत्र के भोजपुर का सिद्धार्थ सिंह है।

एसीपी कोतवाली प्रज्ञा पाठक ने बताया कि शनिवार को टीम किला मार्ग पर किशोरी बालिका इंटर कॉलेज के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान आरोपी को वर्दी में देखकर शक हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि अपनी महिला मित्र को खुश करने के लिए वर्दी में फोटो भेजता था। अर्दली बाजार से पुलिस की यूनिफॉर्म सिलवाई थी। थानाध्यक्ष दुर्गा सिंह के अनुसार, उसने मां को बताया था कि वह सिपाही के पद पर चयनित हुआ है। हाल ही में उसकी ट्रेनिंग खत्म हुई है। वह लंका के नासिरपुर सुसुवाही में किराये के मकान में रह रहा था। खास बात यह है कि वह कॉलेज से मिलने वाली 10 हजार रुपये की स्कॉलरशिप घर भेजकर उसे वेतन बताया था। पुलिस ने उसके परिजनों से भी थाने में पूछताछ की है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। **- सरवणन टी, डीसीपी क्राइम**

# जमीनी विवाद में मारपीट, युवक की मौत



**महानगर संवाददाता**
कुशीनगर

जिले में रवीन्द्रनगर धूस थाने के भिसवा सरकारी गांव में कुछ दिन पूर्व हुई मारपीट की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गोरखपुर से शव आने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार रोककर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर दो प्लाटून पीएसी के साथ ही आधा दर्जन थानों की फोर्स को तैनात कर दिया गया। पुलिस परिजनों को शव का अंतिम संस्कार करने के लिए मना रही थी लेकिन परिजन आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए थे। काफी मान मनौवल के बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए। संवेदनशीलता को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

गांव में ग्राम सभा की जमीन पर कब्जे को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इसी गांव के रहने वाले इसहाक अंसारी के घर के बगल में स्थित ग्राम सभा की जमीन पर सड़क के दूसरी ओर के रहने वाले हरिराम राय कब्जा जमाने की फिराक में थे। कुछ दिन पूर्व इसहाक अंसारी के घर के बगल में स्थित ग्राम सभा की जमीन पर हरिराम राय ने जबरदस्ती दीवार चलाना शुरू किया जिस पर इसहाक और उनके पुत्रों ने आपत्ति जताई।

## बेकाबू कार की चपेट में आए बीमा एजेंट की मौत, सात गंभीर घायल



**सुल्तानपुर।** हलियापुर-बेलवाई मार्ग स्थित करिया बझना देव स्थल के पास शुक्रवार रात कूरेभार से जा रही बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े बीमा अभिकर्ता और सात अन्य लोगों को कुचल दिया। दुर्घटना में बीमा अभिकर्ता की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को सीएचसी कूरेभार से मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव घर पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार से इन्कार कर दिया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। देर शाम तक परिजन गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। जयसिंहपुर के करिया बझना गांव निवासी राम दौर शर्मा के पुत्र चंदन शर्मा (22) बीमा अभिकर्ता थे। पिता राम दौर शर्मा के मुताबिक, चंदन शुक्रवार रात आठ बजे भंडारे से प्रसाद लेकर घर आ रहे थे। रास्ते में सड़क के किनारे एक ट्रक फंसा था। बरौला निवासी अमित यादव जेसीबी से ट्रक निकलवा रहे थे। इस कार्य से सड़क पर आवागमन बंद हो गया था। आरोप है कि चंदन किनारे से निकलने लगा तो अमित यादव उसे गालियां देने लगा। बात बढ़ने पर दोनों में कहासुनी होने लगी। अमित यादव ने चंदन को जान से मारने की धमकी भी दी। वहां से चंदन घर पहुंच गया। उस समय राम दौर डेयरी पर दूध लेने गए थे। चंदन उनको बुलाने जा रहा था, रास्ते में कुछ लोगों के साथ वह करिया बझना मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे खड़े होकर बात करने लगा। पिता भी वहां पहुंच गए।

# सगे फूफा ने 9 साल के मासूम की दी बलि

**महानगर संवाददाता**
देवरिया

देवरिया के भलुअनी थाना क्षेत्र के पटखौली के रहने वाले नौ वर्षीय आरुष का तंत्र-मंत्र के चक्कर में अपहरण किया गया था और फिर हत्या कर दी गई। शनिवार को पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में आरुष के दो फूफा सुरौली थाना क्षेत्र के पैकौली निवासी इंद्रजीत गोंड और गोरखपुर के बड़हलगंज के सिधुआपार निवासी रमाशंकर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें इंद्रजीत गोंडा में सिपाही के पद पर तैनात है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 16 अप्रैल को अगवा करने के बाद 19 अप्रैल को आरुष की हत्या की गई थी। पटखौली निवासी सोमनाथ गोंड ने बताया कि 17 अप्रैल को भतीजे आरुष के लापता होने की सूचना उन्होंने पुलिस को दी थी। बच्चा 16 अप्रैल की शाम से ही लापता था। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया था। काफी समय बाद भी जब इस मामले में कोई नतीजा नहीं निकला तो परिवार ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस की जांच में तेजी आई। एसपी विक्रांत वीर ने बताया कि मामले की जांच के लिए गठित टीम ने एक अगस्त को आरुष के फूफा इंद्रजीत के मामा मदनपुर क्षेत्र के डुमरी निवासी सोखा जयप्रकाश को हिरासत में ले पूछताछ की तो चौंकाने वाली बातें सामने आईं।



# चंगाई सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप, दो गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
मऊ

जिले में चंगाई सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराने एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और पुलिस को बुलाया। मौके पर 400 से अधिक महिलाएं थीं। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मौके से धार्मिक सामग्री भी बरामद हुई है।

बता दें कि घोसी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पवनी में एक चंगाई सभा विवादों के घेरे में आ गई है। बजरंग दल के जिला संयोजक प्रांशु सिंह उर्फ तेजस ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर इस सभा को धर्मांतरण का खेल करार दिया। सभा संजय कुमार प्रजापति के घर पर आयोजित की गई थी, जिसमें आसपास के 10 गांवों से करीब 400 महिलाएं शामिल थीं। बजरंग दल के जिला संयोजक प्रांशु सिंह ने आरोप लगाया कि पवनी गांव में आयोजित इस चंगाई सभा के जरिए भोले-भाले ग्रामीणों, खासकर महिलाओं को 'चंगाई' का लालच देकर ईसाई धर्म में परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। दावा किया कि मौके से बाइबल बरामद हुई और सभा के आयोजक संजय कुमार प्रजापति को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्रांशु सिंह ने कहा कि यह प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण की साजिश थी, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा था। चंगाई सभा में शामिल एक महिला पूनम ने बताया कि वह दवाओं और झाड़-फूंक से तंग आकर प्रार्थना सभा में शामिल हुई थी। उसके मुताबिक यहां दुआओं से उन्हें फायदा हुआ और कोई खर्चा नहीं लिया गया। जबकि बजरंग दल का दावा है कि यह सब धर्मांतरण की प्रक्रिया का हिस्सा था। घटना की सूचना मिलते ही घोसी पुलिस मौके पर पहुंची और संजय कुमार प्रजापति को हिरासत में लिया। धर्मेंद्र सिंह की तहरीर के आधार पर दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



# कई राज्यों में बाढ़ का कहर

## गंगा-यमुना, घाघरा, चंबल और मंदाकिनी उफान पर



**नई दिल्ली।** देश में मॉनसूनी बारिश का दौर लगातार जारी है। इसके कारण उत्तर भारत की कई नदियां उफान पर हैं, जिससे बाढ़ का पानी गांवों में घुस गया है। सड़कें जलमग्न हो गई हैं। लोग पलायन को मजबूर हैं। हालांकि प्रशासन ने राहत और बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। वाराणसी और प्रयागराज शहर गंगा के जलस्तर में बढोत्तरी होने से सबसे ज्यादा प्रभावित नजर आ रहे हैं।

उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूर्व से लेकर पश्चिम तक मूसलाधार बारिश के बीच निचले स्थानों से लोगों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

### दिल्ली में कैसा रहेगा मौसम?

दिल्ली में आज यानि 4 अगस्त को मौसम बदलेगा और मूसलाधार बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। लक्ष्मी नगर, पटपड़गंज, आनंद विहार, उत्तरी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### उत्तर प्रदेश में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विभाग ने 50 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, संतकबीरनगर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर में तेज हवा के झोंके के साथ मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

लखनऊ, फतेहपुर, कन्नौज, हमीरपुर, बदायूं, मेरठ, हापुड़, मोरादाबाद, बरेली, बिजनौर, अलीगढ, बुलंदशहर, बरेली, रामपुर में मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### बिहार में कैसा रहेगा मौसम?

बिहार में एक बार फिर से मौसम विभाग ने 4 अगस्त को मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। पटना, गोपालगंज, सिवान, सारण, भोजपुर, औरंगाबाद, गया, नवादा, मुंगेर, भागलपुर, पूर्णिया, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, बांका और कैमूर में मध्यम से भारी बारिश के साथ वज्रपात और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

### मध्यप्रदेश में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश में 4 अगस्त से 20 से अधिक जिलों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। भिंड, शिवपुरी, मोरेना, विदिशा, अशोकनगर, सागर, रायसेन, अशोक नगर, सीहोर, होशंगाबाद, सागर, छतरपुर जिले शामिल हैं। ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, टीकमगढ़, निवाड़ी में मध्यम से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### हिमाचल में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विभाग ने 4 अगस्त को हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है। ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, विलासपुर में अत्यंत भारी बारिश की संभावना है। सिरमौर, शिमला, कुल्लु, मंडी, सोलन में भारी बारिश की संभावना जताई है। लोगों से इस दौरान सावधान रहने की अपील की गई है।

### उत्तराखंड में कैसा रहेगा मौसम?

4 अगस्त के लिए उत्तराखंड के अल्मोड़ा, उधमसिंह नगर, चमोली, नैनीताल, पिथौरागढ़, बागेश्वर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### राजस्थान में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विभाग ने 4 अगस्त के लिए बूंदी, अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली, कोटा और बारन में मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है।

---

पाकिस्तान पर फिर भड़के बलोच नेता नसीम

# "बलोचिस्तान में हालात बिल्कुल भी सामान्य नहीं"

महानगर नेटवर्क

**बलोचिस्तान**

बलोचिस्तान की आजादी की लड़ाई लड़ रहे बलोच नेशनल मूवमेंट (बीएनएम) पाकिस्तान पर भड़क उठा है। एक बैठक के दौरान संगठन के नेताओं ने पाकिस्तान द्वारा बलोचिस्तान में कही जा रही शांति की बातों को प्रोपोगैंडा बता डाला। बीएनएम ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की यह बैठक आंतरिक प्रगति का आकलन करने और राजनीतिक दमन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रणनीतिक दिशा की रूपरेखा बनाने के लिए बुलाई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी चेयरमैन नसीम बलोच की गई। इस दौरान पार्टी की वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। पार्टी चेयरमैन ने स्पष्ट कहा कि बलोचिस्तान में हालात बिल्कुल भी सामान्य नहीं हैं। पाकिस्तान पर भड़कते हुए बीएनएम के चेयरमैन




नसीम बलोच ने कहा कि शांति को लेकर कही जा रही कोई भी बात पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने कहा कि अभी भी हमारी राजनीतिक समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा है। नसीम बलोच ने कहा कि यह दबाव इस तरह से बनाया जा रहा है जिससे हमारी स्वतंत्र विचारों और एकजुट विरोध को दबाया जा सके। इस बैठक में पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### एकता की जरूरत पर जोर

इस दौरान चेयरमैन नसीम बलोच ने कहा कि पाकिस्तान हमारे आंदोलनों को अतिवादी बताता है। लेकिन हम राजनीतिक स्पष्टता, कानूनी दायरों और अंतर्राष्ट्रीय बातचीत के साथ जवाब देते हैं। उन्होंने टीम के कमिटमेंट पर भी जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलनों में ढांचे और एकता की जरूरत पर जोर दिया। नसीम बलोच ने कहा कि आंदोलन केवल जुनून पर नहीं बनते। इन्हें टीमवर्क, बौद्धिक स्पष्टता और साझा जिम्मेदारी की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि सच्चे राजनीतिक आंदोलन केवल नारों से नहीं, बल्कि विचार के जरिए देश को रास्ता दिखाते हैं।

---



# अंतरिक्ष में अनाज उपजाने का प्रयोग

**नई दिल्ली।** लद्दाख के ठंडे क्षेत्र में उगाए गए 'सी बकथॉर्न' और कुट्टू के बीज, नासा के क्रू-11 मिशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर किए जाने वाले प्रयोगों का हिस्सा हैं। पांच महाद्वीपों के 11 देशों से प्राप्त बीज, अमेरिका स्थित जैव अंतरिक्ष विज्ञान फर्म 'जगुआर स्पेस' द्वारा किए जा रहे अध्ययन का हिस्सा हैं। इसकी योजना बीजों को एक सप्ताह तक सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण स्थितियों में रखने की है। ये बीज 'अंतरिक्ष के लिए कृषि' पेलोड का हिस्सा हैं, जो नासा के क्रू-11 के साथ आईएसएस के लिए उड़ान भर चुका है। ये मिशन शुक्रवार को फ्लोरिडा से उड़ान भरकर शनिवार को कक्षीय प्रयोगशाला में पहुंचा था। ये बीज क्रू-10 द्वारा वापस लाए जाएंगे, जिसके इस महीने के अंत में पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। लद्दाख में उगाए गए ये बीज बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप 'प्रोटोप्लेनेट' द्वारा प्राप्त किए गए थे।

### भविष्य के लिए होगा अध्ययन

'प्रोटोप्लेनेट' के निदेशक सिद्धार्थ पांडे ने बताया, 'हम अध्ययन करेंगे कि ये बीज सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण स्थितियों पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। साथ ही लंबी अवधि के अंतरिक्ष अभियानों के लिए खाद्य स्रोत के रूप में उनके संभावित उपयोग का अध्ययन करेंगे।' पांडे ने बताया कि प्रोटोप्लेनेट ने 'सी बकथॉर्न' और हिमालयी कुट्टू जैसे पोषक तत्वों से भरपूर पौधे प्रदान किए हैं, जो ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। हिमालयी कुट्टू एक प्रकार का अनाज है जो पोषक तत्वों से भरपूर और ग्लूटेन-मुक्त होता है। अंतरिक्ष से लौटने पर, इन बीजों का अध्ययन भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। मालदीव, अर्जेंटीना, ब्राजील, कोस्टा रिका, ग्वाटेमाला, नाइजीरिया, आर्मेनिया, मिस्र, पाकिस्तान और नाइजीरिया के बीज इस प्रयोग का हिस्सा हैं।

---

# कांग्रेस नेता नागेश ने मांगी पुरानी शिकायत की प्रति

महानगर नेटवर्क

**बंगलूरू**

कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट में मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस पांच अगस्त को विरोध प्रदर्शन करने वाली है। लेकिन, उससे पहले पूर्व मंत्री एच. नागेश ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने 2023 में दई गई उस शिकायत की प्रति (कॉपी) मांगी है, जिसमें महादेवपुरा क्षेत्र की मतदाता सूची में फर्जी नामों की जानकारी दी गई थी। हालांकि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय का कहना है कि उन्हें इस तरह की कोई शिकायत कभी नहीं मिली। नागेश ने 31 जुलाई को लिखे अपने पत्र में कहा, अप्रैल 2023 में हमने 174-महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र से संबंधित मतदाता सूची में कथित फर्जी प्रविष्टियों की एक सूची

### चुनाव आयोग ने कहा- नहीं मिला कोई पत्र



सौंपी थी। यह मामला बहुत गंभीर है, क्योंकि यह चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को प्रभावित करता है। उन्होंने यह भी माना कि कांग्रेस के पास उस समय दी गई सूची की कोई कॉपी अब मौजूद नहीं है। नागेश ने आगे लिखा, हमसे वह सूची गुम हो गई है। हमारे पास उस दस्तावेज की प्रति नहीं है, जो हमने जमा की थी। कृपया आप उस दस्तावेज की एक प्रति साझा करें। इस पर जवाब देते हुए संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी योगेश्वर एस ने शनिवार को पत्र जारी कर कहा, आपके 31 जुलाई 2025 के पत्र के संदर्भ में, आपको सूचित किया जाता है कि हमें अप्रैल 2023 में महादेवपुरा क्षेत्र से जुड़ी मतदाता सूची में फर्जी नामों को लेकर आपकी ओर से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। योगेश्वर ने बताया कि चुनाव के दौरान सभी उम्मीदवारों को मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति दी गई थी और यह सूची ऑनलाइन भी उपलब्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि नागेश ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। योगेश्वर ने लिखा, आपने 1951 के जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 80 के तहत महादेवपुरा क्षेत्र से जुड़ी कोई चुनाव याचिका दायर नहीं की है। साथ ही, 1950 की धारा 24 के अनुसार मतदाता सूची को लेकर किसी प्रथम या द्वितीय अपीलीय अधिकारी के समक्ष कोई आपत्ति दर्ज नहीं करवाई है।

---

ट्रंप के करीबी ने भारत को लेकर किया इशारा

# "टैरिफ नहीं होगा कम, भले ही चल रही हो बात"

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हफ्ते कई देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने 1 अगस्त 2025 की समय सीमा से पहले ही कनाडा, ब्राजील, भारत, ताइवान और स्विट्जरलैंड के लिए टैरिफ की नई दरें निर्धारित कर दी। इस बीच अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने रविवार को साफ किया जिन देशों पर जो भी टैरिफ लगाया गया है उसमें कोई बदलाव नहीं होगा।

अमेरिकी न्यूज चैनल सीबीएस की रिपोर्ट के मुताबिक जैमीसन ग्रीर ने कहा कि भले ही कई देशों के साथ ट्रेड डील पर बात चल रही हो, लेकिन इसके बावजूद भी टैरिफ जो फिक्स किया गया है उतना ही रहेगा. ट्रंप ने कनाडा से आने वाले कई सामानों पर 35 फीसदी, ब्राजील के लिए 50 फीसदी, भारत के लिए 25 फीसदी, ताइवान के लिए 20 फीसदी और स्विट्जरलैंड के लिए 39 फीसदी टैरिफ लगाया है. अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में भारत पर 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान करने के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी तक कह दिया. भारत के अनुसार अभी भी ट्रेल डील पर बातचीत चल रही है और इसे लेकर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल इस महीने भारत का दौरा कर सकते हैं।

---

# सीरिया के स्वेदा और अलेप्पो में फिर भड़की हिंसा

### ड्रूज सशस्त्र गुटों और सरकारी बलों के बीच झड़प



**बेरूत।** शनिवार रात से रविवार सुबह तक सीरिया में दो जिलों में हिंसा फिर से भड़क उठी, जिससे पहले से ही नाजुक संघर्षविराम को झटका लगा है। यह हिंसा तब हुई, जब अंतरिम सरकार देशभर में नियंत्रण बनाए रखने की कोशिश कर रही है। उत्तर सीरिया में सरकार समर्थक लड़ाकों का सामना कुर्द लड़ाकों से हुआ, जो उस इलाके पर नियंत्रण रखते हैं। वहीं, दक्षिण के स्वेदा प्रांत में ड्रूज समुदाय के लड़ाकों के साथ टकराव हुआ।

ये झड़पें ऐसे समय में हुई हैं, जब सीरिया की अंतरिम सरकार पिछले महीने ड्रूज गुट के साथ हुई झड़पों के बाद स्वेदा प्रांत में एक संघर्षविराम बनाए रखने की कोशिश कर रही है। साथ ही, वह अमेरिका समर्थित और कुर्द नेतृत्व वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस के साथ एक समझौते को लागू करने की कोशिश कर रही है, जिससे पूर्वोत्तर सीरिया के बड़े हिस्सों को देश के बाकी हिस्सों के साथ फिर से जोड़ा जा सके।

सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने दिसंबर में बशर अल-असद की सरकार को हटाकर सत्ता संभाली थी। इसके बाद से वह पूरे देश पर नियंत्रण पाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन विपक्षी दल और धार्मिक-जातीय अल्पसंख्यक उनके इस्लामी झुकाव और चरमपंथी संगठनों से जुड़ाव को लेकर चिंतित हैं। सरकारी टेलीविजन के मुताबिक, स्वेदा प्रांत में ड्रूज मिलिशिया ने शनिवार को सरकारी सुरक्षाबलों पर हमला किया, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई। इस हमले के बाद सरकार ने कहा कि संघर्षविराम टूट चुका है।

---

# IDF के हमले में मारे गए 20 से अधिक फलस्तीनी

- भूख से संघर्ष के बीच मौत का तांडव

महानगर नेटवर्क

**दीर अल-बलाह**

गाजा पट्टी में खाने की तलाश में निकले लोगों पर इस्राइली सेना ने कथित तौर पर गोलियां चला दीं। इसमें 23 फलस्तीनियों की मौत हो गई। भीड़ में शामिल लोग भूख से परेशान थे और जैसे ही वे राहत केंद्रों के पास पहुंचे, गोलीबारी शुरू हो गई। अस्पताल के अधिकारियों और चश्मदीदों ने यह जानकारी दी। गाजा में 20 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं और यहां भुखमरी जैसी स्थिति है। विशेषज्ञ पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि इस्राइल की नाकाबंदी और लंबे समय से जारी हमलों के कारण यह इलाका अकाल की कगार पर है। यूसुफ आबेद भी खाना लेने गए थे, उन्होंने कहा कि वहां अचानक गोलियां चलने लगीं।



उन्होंने देखा कि कम से कम तीन लोग जमीन पर खून में लथपथ पड़े हैं। उन्होंने कहा, मैं मदद भी नहीं कर सका, क्योंकि लगातार गोलियां चल रही थीं। दक्षिण गाजा के नासिर अस्पताल ने बताया कि कई राहत केंद्रों के पास से शव लाए गए। इनमें से आठ शव तेइना नाम की जगह से आए, जो खान यूनुस के पास है। खान यूनुस में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (गाजी ह्यूमैनिटैरियन फाउंडेशन) का राहत केंद्र है। यह फाउंडेशन अमेरिका और इस्राइल द्वारा समर्थित है और दो महीने से गाजा में राहत बांट रहा है। अस्पताल ने यह भी बताया कि उसे शाकूश नाम की जगह से एक और शव मिला है। यह रफाह के पास स्थित एक अलग राहत केंद्र से कुछ दूरी पर है। इसके अलावा मोराग नाम की जगह पर भी इस्राइली सैनिकों ने राहत के इंतजार में बैठे लोगों पर गोलियां चलाईं, जिससे नौ और लोगों की मौत हो गई। तीन चश्मदीदों ने एपी को बताया कि गोलियां राहत केंद्रों की ओर जाते समय चलीं। ये केंद्र ऐसे इलाकों में हैं, जो इस्राइली सैनिकों के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि जब लोग राहत पाने के लिए आगे बढ़े, तो सैनिकों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

---

# भारत में बंद हुई गोरखा सैनिकों की भर्ती का इंग्लैंड ने उठाया फायदा

### ब्रिटिश आर्मी में नई गोरखा रेजीमेंट के गठन का ऐलान

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

भारतीय सेना में नेपाल के गोरखा सैनिकों की भर्ती रुकने का इंग्लैंड फायदा उठाता दिख रहा है। ब्रिटिश आर्मी ने नेपाली मूल के गोरखा समुदाय के लिए नई गोरखा रेजीमेंट के गठन का ऐलान किया है। हालांकि, ब्रिटिश आर्मी में पहले से गोरखा रेजीमेंट है, लेकिन भारत में भर्ती बंद होने के बाद तोपखाने की नई रेजिमेंट बनाई जा रही है। अग्निवीर योजना के विरोध में नेपाल ने भारतीय सेना में गोरखा युवाओं की भर्ती बंद कर दी है। भारतीय सेना में गोरखा समुदाय की सात (07) रेजिमेंट हैं। इनमें नेपाल और भारतीय मूल के गोरखा युवा ही भर्ती हो सकते हैं, लेकिन अब रेजिमेंट में भारतीय मूल के ही गोरखा युवा हिस्सा ले रहे



हैं। साल 2022 में भारतीय सेना में युवाओं की भर्ती को पूरी तरह बदल दिया गया था। नई प्रक्रिया के तहत, अब भारतीय सेना में अग्निपथ योजना को लागू कर दिया गया है। ऐसे में सैनिकों को पहले चार (04) साल सेना में अग्निवीर के तौर पर अपनी सेवाएं देनी होती है। चार साल की सेवाओं के बाद, अग्निवीरों की स्क्रूटनी की जाएगी और उनमें से महज 25 फीसदी ही सैनिक बनने के लिए चुने जाएंगे। बाकी अग्निवीरों को सेना छोड़कर एक आम नागरिक की तरह दूसरे सेवाओं या व्यवसाय करने का मौका दिया जाएगा।

नेपाल सरकार ने भारतीय सेना की अग्निपथ स्कीम का विरोध किया है। आजादी के बाद (1947) भारतीय सेना में नेपाल के गोरखा युवाओं की भर्ती का क्रम जारी था। इस समय भारतीय सेना की गोरखा सैनिकों की 07 अलग-अलग रेजिमेंट है (39 बटालियन)। इनमें करीब 40 हजार गोरखा सैनिक हैं। ब्रिटिश आर्मी ने नई आर्टिलरी (तोपखाने) की नई गोरखा रेजिमेंट बनाने की घोषणा की है। इसके लिए इंग्लैंड के किंग ने अपनी अनुमति प्रदान कर दी है।

---

# भारत-पाकिस्तान जब तक बात नहीं करेंगे तब तक हम जंग की कगार पर : महबूबा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने आतंकवाद और भारत-पाकिस्तान के बीच रिश्तों को लेकर अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत और चर्चा बेहद जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो ये एनकाउंटर चलते रहेंगे और हम हमेशा जंग की कगार पर रहेंगे। पीडीपी अध्यक्ष ने बातचीत में कहा, "एनकाउंटर पहले भी होते थे और अब भी हो रहे हैं और आगे भी होते रहेंगे। लेकिन उससे पहले इतनी बड़ी जंग हुई। उसके बाद फिर सीजफायर करना पड़ा। इसका मतलब ये है कि जब तक आप आपस में सुलह, बातचीत और चर्चा नहीं करेंगे, ये एनकाउंटर भी चलते रहेंगे और हम हमेशा जंग की कगार पर रहेंगे, इसलिए बातचीत और सुलह ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।''

---

# शेख हसीना के खिलाफ इंटरनेशनल ट्रिब्यूनल में मुकदमा शुरू

### बांग्लादेश में हिंसा भड़काने का आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (ICT) में उनके खिलाफ मुकदमा शुरू हो गया है। यह मामला 2024 में हुए विरोध प्रदर्शनों के हिंसक दमन से जुड़ा हुआ है। इस मामले में पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व IG चौधरी अब्दुल्ला अल मामून को भी सह-आरोपी बनाया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की तरफ से ताजुल इस्लाम पेश हुए. उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में शेख हसीना की वजह से हिंसा भड़की। उन्होंने हसीना के खिलाफ अधिकतम सजा



की मांग की। शेख हसीना और पूर्व गृहमंत्री कमाल पर उनकी गैर-मौजूदगी में मुकदमा चल रहा है। जबकि पूर्व आईजी अल मामून हिरासत में हैं। मामून ने सरकारी गवाह बनने पर सहमति जताई है। बताते चलें कि हसीना भारत में हैं और बांग्लादेश उनके प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। ICT में दायर इस मुकदमे में शेख हसीना पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जिनमें सबसे प्रमुख 2024 में स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (SAD) के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों से जुड़ा है। आरोप है कि शेख हसीना ने इस विरोध प्रदर्शन को दबाने के लिए पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसकी वजह से कई लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, इसी आंदोलन ने 5 अगस्त, 2024 को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार को गिरा दिया था।

---

# गहनों का लालच देकर नाबालिग बेटी ने करवाई पिता की हत्या



**डिब्रुगढ़।** ज़िले के लाहन गांव में बीते दिनों हुई एक सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। उत्तम गोगोई की हत्या के मामले में पुलिस ने उनकी पत्नी, नाबालिग बेटी और दो अन्य युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह एक पूर्व नियोजित हत्या थी, जिसे सुपारी देकर अंजाम दिया गया। पुलिस के मुताबिक, बेटी ने मां के गहनों का लालच देकर अपने दोस्त से पिता की हत्या करवाई।

डिब्रूगढ़ के एसएसपी वीवी रमेश रेड्डी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि हत्या के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पत्नी, बेटी और दो अन्य को पूछताछ के लिए बोरबरुआ थाने लाया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि मृतक की नाबालिग बेटी (कक्षा 9 की छात्रा) ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उत्तम गोगोई की पत्नी और बेटी ने दो नाबालिग लड़कों को हत्या की सुपारी दी थी। उन्हें इस काम के बदले में लाखों रुपये और सोने के जेवर दिए गए थे। इन दोनों लड़कों में से एक मृतक की बेटी का करीबी दोस्त बताया जा रहा है।

---

# राहुल भारत-विरोधी व्यक्ति हैं : सीएम हिमंत बिस्वा सरमा

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देशविरोधी हैं और सिर्फ बांग्लादेश और पाकिस्तान के मुसलमानों का समर्थन करते हैं। बोडोलैंड क्षेत्र में एक चुनावी सभा के बाद मीडिया से बात करते हुए सरमा ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी असम के महान प्रतीकों का सम्मान नहीं करती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न तो कामाख्या मंदिर का सम्मान करती है और न ही महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव को मानती है।

सरमा ने कहा, राहुल गांधी भारत-विरोधी व्यक्ति हैं। वह सिर्फ



बांग्लादेश और पाकिस्तान के मुसलमानों के साथ हैं। वह भारतीय हिंदुओं के साथ नहीं हैं, यहां तक कि भारतीय मुसलमानों के साथ भी नहीं हैं। राहुल गांधी एक देशविरोधी शख्सियत हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह राहुल गांधी को 'देशविरोधी' क्यों कह रहे हैं। वहीं हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य के एक दिव्यांग नागरिक की बैटरी वाली व्हीलचेयर की मांग पूरी की है। सीएम सरमा ने रविवार को इस बात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट शेयर कर दी है। सरमा ने कहा, "हाल ही में मेरे दिव्यांग मित्र अब्दुल से मिलने पर उसने एक बैटरी व्हीलचेयर की अर्जी दी थी। उसका अनुरोध कैसे न मानता? अब्दुल, खुश रहो। उम्मीद है यह सुविधा तुम्हारे जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी।" दरअसल, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के वीडियो पोस्ट में देखा जा सकता है कि सीएम एक जनसभा के दौरान भारी संख्या में मौजूद लोगों से मिल रहे हैं, इस बीच मुख्यमंत्री ने भीड़ में जमीन पर बैठे दिव्यांग अब्दुल मोसा अली से बात की। इस दौरान सीएम ने दिव्यांग शख्स से उसका नाम पूछा, तो उनसे ने अब्दुल मुसा अली बताया। सीएम ने पूछा कि तुम्हें क्या चाहिए, तो अब्दुल की एक बैटरी व्हीलचेयर की मांग की। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि अब्दुल का नाम और मोबाइल लिखे और अब्दुल से कहा कि बैटरी व्हीलचेयर के लिए आवेदन दे दे।" उसका अनुरोध कैसे न मानता? अब्दुल, खुश रहो।

---

# देहरादून एनसीबी ने 20 करोड़ की ट्रामाडोल टैबलेट्स पकड़ी

**देहरादून।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) देहरादून ने एक बड़े अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में फैली अवैध दवा तस्करी के नेटवर्क का खुलासा किया है। कार्रवाई में 5 लाख से अधिक ट्रामाडोल टैबलेट्स और 24 हजार अल्प्राजोलम टैबलेट्स बरामद की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ बताई गई है।

जांच में खुलासा हुआ कि मुज़फ्फरनगर और बरेली में बनाई गईं दो फर्जी होलसेल फर्में – एम/एस एस.एम. एंटरप्राइजेज और एम/एस बालाजी – सिर्फ अवैध सप्लाई के मकसद से खोली गई थीं. सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि एक दूधवाले ने महज 5,000 महीने में अपना ड्रग लाइसेंस किराए पर देकर लाखों टैबलेट्स की तस्करी का रास्ता खोल दिया।

### गोदाम से हज़ारों टैबलेट्स जब्त

एनसीबी की छापेमारी में एक किराए के गोदाम से भारी मात्रा में ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम की खेप मिली, साथ ही रोड़ पर चेकिंग के दौरान एक Swift Dzire कार से भी 25,600 टैबलेट्स पकड़ी गईं। इसके अलावा सहारनपुर में एक व्यक्ति के पास से भी सैकड़ों टैबलेट्स बरामद की गईं। फिलहाल एनसीबी इस नेटवर्क के मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी है और लोकल एजेंसियों को सतर्क कर समन्वित कार्रवाई तेज़ कर दी गई है।

# सावन के अंतिम सोमवार पर करें महादेव की पूजा



भगवान शिव का प्रिय माह सावन अब समाप्ति की ओर है। हालांकि उससे पहले सावन का अंतिम सोमवार शेष है। बता दें, 4 अगस्त 2025 को सावन महीने का आखिरी सोमवार है। चूंकि यह सावन का अंतिम सोमवार है, इसलिए पूजा-पाठ, दान-दक्षिणा, भजन-कीर्तन और जलाभिषेक का विशेष महत्व माना जा रहा है। इसके प्रभाव से व्यक्ति को मनोवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती हैं। शास्त्रों में भी सावन सोमवार की महिमा का उल्लेख है। यदि इस दिन सच्चे भाव से शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाया जाए, तो प्रभु शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा दूध चढ़ाने पर मानसिक शांति मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

**शिव जी का मूल मंत्र :** ऊँ नमः शिवाय।।

**भगवान शिव के प्रभावशाली मंत्र**

ओम साधो जातये नमः।। ओम वाम देवाय नमः।।
ओम अघोराय नमः।। ओम तत्पुरूषाय नमः।।
ओम ईशानाय नमः।। ॐ ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय।।

**पूजा विधि :** सावन के अंतिम सोमवार पर सुबह ही स्नान कर लें। साफ वस्त्रों को धारण करें। अब पूजा के लिए सभी सामान को एकत्रित करें। इसके बाद शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, घी, दही, शहद और शक्कर से अभिषेक करें। फिर महादेव को बिल्वपत्र चढ़ाएं। अब ॐ नमः शिवाय जपते हुए शिवलिंग पर धतूरा, भस्म और शमी का फूल अर्पित करें। इसके बाद कुछ मौसमी फलों को अर्पित करें। शुद्ध देसी घी से दीप जलाएं और ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् । उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥ मंत्र का जप करें। अब आप शिव चालीसा का पाठ और फिर आरती करें। सफेद चीजों का दान करें।

# मसल्स चाहते हैं मजबूत

## तो खाने शुरू कर दें ये 5 सस्ते ड्राई फ्रूट्स

**मूंगफली :** मूंगफली को जिंक, कैल्शियम, विटामिन ई, विटामिन बी 6 का अच्छा स्रोत माना जाता है। इसके चलते मूंगफली एनर्जी को बूस्ट करने में असरदार होती हैं। बता दें कि, बढ़ते वजन को कम करने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। एक्सपर्ट कमजोरी और मांसपेशियों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए भी मूंगफली खाने की सलाह देते हैं।

**पिस्ता:** पिस्ता का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। ये आयरन, फाइबर, विटामिन सी और प्रोटीन से भरपूर होने के चलते काफी लोग इसे खाना पसंद करते हैं। पिस्सा को नियमित डाइट में शामिल करने से इम्युनिटी बूस्ट होती है। इसके अलावा हड्डियां मजबूत होती हैं, और मांसपेशियों की ग्रोथ अच्छी होती है।

**कद्दू के बीज:** कद्दू के बीज कई बीमारियों में असरदार होते हैं। इन बीजों में मौजूद मिनरल्स, विटामिन, हाई फाइबर सेहत के लिए बेहद उपयोगी होते हैं। एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर ये बीज फ्री रेडिकल से बचाव करते हैं, और शरीर को बीमारी से बचाकर रखते हैं। इनको नियमित खाने से मसल्स मजबूत और ग्रोथ बढ़ता है।

**सूखे अंजीर:** मैग्नीशियम, जिंक, पोटेशियम, विटामिन बी 6, कैल्शियम और आयरन से भरपूर अंजीर सेहत के लिए असरदार होते हैं। ये चीजें मांसपेशियों की कमजोरी को दूर करते हैं और स्टेमिना बढ़ाने में मदद करती हैं। यदि आप स्टेमिना बढ़ाने चाहते हैं तो अंजीर को भिगोकर खाना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है।




# बिंदी लगाने से क्या आपके माथे पर भी होती है खुजली

## इन नेचुरल चीजों का करें इस्तेमाल

भारतीय संस्कृति में माथे पर बिंदी लगाने का बहुत खास महत्व है। खासकर शादीशुदा महिलाओं के लिए बिंदी सुहाग की निशानी मानी जाती है। जिसकी वजह से ज्यादातर महिलाएं रोजाना माथे पर बिंदी (Bindi) लगाए रखती हैं। ऐसे में कई बार बिंदी वाली जगह पर ड्राइनेस और खुजली होने लगती है। जिसको दूर करने के लिए आप कुछ घरेलू तरीकों की मदद ले सकती हैं।

**मॉइश्चराइजर की मदद लें:** माथे की स्किन के रूखेपन और खुजली को दूर करने लिए आप मॉइश्चराइजर की मदद ले सकते हैं। इसके लिए रोजाना दिन में दो-तीन बार तक स्किन पर मॉइश्चराइजर अप्लाई करें। इससे स्किन में नमी बनी रहेगी और स्किन की ड्राइनेस व खुजली से कुछ ही दिनों में निजात मिल जाएगी।

**कोकोनट ऑयल अप्लाई करें:** बिंदी की वजह से स्किन पर होने वाले रैशेज और ड्राइनेस से निजात दिलाने में कोकोनट ऑयल भी कारगर है। इसके लिए नारियल तेल से माथे पर डेली दो मिनट तक मसाज करें। नारियल का तेल स्किन के लिए बेस्ट मॉइश्चराइजिंग एजेंट माना जाता है, जो स्किन को मॉइश्चराइज करने में हेल्प करता है।

**एलोवेरा जेल लगाएं:** बिंदी लगाने की वजह से माथे पर होने वाली ड्राइनेस और खुजली को दूर करने के लिए आप एलोवेरा जेल की मदद ले सकते हैं। इसके लिए रोजाना रात को सोने से पहले माथे पर जेल लगाएं और हल्के हाथों से कुछ देर स्किन की मसाज करें। एलोवेरा जेल में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-सेप्टिक गुण होते हैं जो स्किन केयर करने में मदद करते हैं।



**तिल का तेल इस्तेमाल करें:** तिल का तेल भी आप स्किन ड्राइनेस को दूर करने के लिए ले सकती हैं। इसके लिए फिंगर टिप पर दो-तीन ड्रॉप तिल का तेल लें और बिंदी लगाने वाली जगह पर लगाकर दो-तीन मिनट तक स्किन की मसाज करें। इससे धीरे-धीरे त्वचा का रूखापन और खुजली दूर हो जायेंगे

**कुमकुम की बिंदी लगाएं:** बिंदी से स्किन पर होने वाली एलर्जी और रैशेज को दूर करने के लिए रात में सोने से पहले बिंदी निकाल कर रखना बेहतर होगा। इतना ही नहीं अगर आप चाहें तो स्टीकर बिंदी की जगह पर कुमकुम वाली बिंदी का इस्तेमाल करें। इससे स्किन प्रॉब्लम भी दूर हो जाएगी और माथे पर बिंदिया की कमी भी नजर नहीं आएगी।

# धनिया पत्ती को ताजा रखने के टिप्स

इन दिनों बाजार में हरी पत्तेदार सब्जियां खूब मिल ही हैं। तरह तरह के साग, मेथी, करी पत्ते, पुदीना और धनिया की पत्तियां आदि बाजार में काफी आसानी से उपलब्ध हैं। इनमें से हरी हरी धनिया की पत्तियां किचन में लगभग रोज ही इस्तेमाल में आती हैं। ऐसे में अगर आप हफ्तेभर की हरी धनिया बाजार से एक बार में खरीदते हैं, लेकिन ये दो दिन में ही काली और ड्राई होकर खराब होने लगती हैं तो हम बताते हैं इन्हें स्टोर करने का सिंपल तरीका। इन टिप्स को फॉलोकर आप बिना फ्रिज के भी लंबे समय तक इनका इस्तेमाल कर सकते हैं और खाने के जायके को बढ़ा सकते हैं।

## धनिया पत्ती को इस तरह करें स्टोर

### पानी में डुबोकर रखें जड़

जब भी आप हरी धनिया खरीदकर घर लाएं तो सबसे पहले किसी ग्लास या डिब्बे में पानी भरें और धनिया पत्ती के जड़ को इसमें डुबोकर रखें। ऐसा करने से ये सूखेंगी नहीं और तरोताजा रहेंगी। आप इन पर पानी का छिड़काव भी करते रहें।

### छांव में रखें

धनिया को जब भी धोएं तो इसे हवादार जगह पर सुखाएं। इस बात का ध्यान रखें कि इन पर धूप ना आए। अगर धूप में आप इसे सुखाएंगे तो ये ड्राई होकर फ्रेश नहीं रहेंगी। इसलिए बेहतर होगा आप इन्हें छांव में सुखाएं।

### एयर टाइट डिब्बे का इस्तेमाल

आप जब भी धनिया को धोने के बाद स्टोर करें तो इसे किसी एयर टाइट कंटेनर में रखें। अगर धनिया के सूखने का डर है तो आप इसमें गीला टीश्यू पेपर डाल लें और फिर इसे स्टोर करें। ऐसा करने से इसकी खुशबू भी बरकरार रहेगी।

### बर्फ के पानी से धोएं

अगर गर्मी बहुत हो तो आप हरी धनिया बीच बीच में बर्फ के पानी से धो सकते हैं। ऐसा करने से इनकी पत्तियां मुर्झाएंगी नहीं ओर ये फ्रेश रहेंगे।



# इन अनहेल्दी फूड का भूलकर भी न करें सेवन

## आंतों को अंदर से सड़ा देंगी ये चीजें

भोजन हमारे जीवन का आधार है। हम जो कुछ खाते हैं वह आंत में जाता है और वहां इसका पाचन होता है। विभिन्न प्रक्रियाओं के तहत आंत में भोजन पचता है और उससे पौष्टिक तत्वों को प्राप्त कर बाकी अपशिष्ट पदार्थ शरीर से बाहर निकल जाता है। आंत हमारे ओवऑल हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है। आंत की लाइनिंग का सीधा संबंध हमारे दिमाग से है। इसके साथ ही आंत इम्यूनिटी को बूस्ट करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। क्योंकि कई तरह की इम्यून कोशिकाएं और गुड बैक्टीरिया आंत से जुड़े होते हैं और ये इम्यूनिट सिस्टम के साथ गट हेल्थ को बेहतर बनाते हैं। हालांकि हम कई गलत चीजें खाते हैं जिससे आंत को पचाने में बहुत परेशानी होती है और इससे गट हेल्थ प्रभावित होता है।कई ऐसी खतरनाक चीजें हैं जिनका लगातार सेवन करने से आंत में गंदगियों का जमावड़ा हो जाता है और ये आंतों में गुड बैक्टीरिया को नुकसान पहुंचाने लगते हैं। इससे आंतों में सूजन होने लगती है जो गैस्ट्रिक सहित कई बीमारियों का कारण बन सकती है। इसलिए हमें अपने खा-पान में हमेशा चौकन्ना रहने की जरूरत है।

### एसिडिक फूड

हेल्थलाइन की खबर के मुताबिक एसिडिक फूड से आंतों में सूजन बनने का खतरा ज्यादा रहता है। पैस्ट्रीज, व्हाइट राइस, पास्ता, व्हाइट पोटैटो, शुगरी ब्रेकफास्ट, कॉर्नफलेक्स, चिप्स आदि रिफाइंड फूड के उदाहरण हैं। इन फूड का ज्यादा सेवन करने से आंतों में सूजन बनने का खतरा ज्यादा रहता है। टमाटर और कुछ फ्रूट भी एसिडिक फूड है। अगर किसी को गैस्ट्रिक है तो ये चीजें भी नुकसान दे सकती है।

### रेड मीट

रेड मीट का ज्यादा सेवन आंत के लिए सही नहीं है। यह आंत में कई तरह की अवांछित चीजें पैदा कर देता है। रेड मीट में अगर प्रोसेस्ड मीट हो तो यह और ज्यादा हानिकारक है। हॉट डॉग, सॉसेज इसके उदाहरण है। इसमें बहुत अधिक सोडियम और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं। इसके अलावा अनहेल्दी फैट और हानिकारक केमिकल तो होते ही हैं। कई रिसर्च में यह चेतावनी दी गई है कि प्रोसेस्ड मीट से कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है।

### फास्ट फूड

ब्रेड, चीज, केक, बिस्कुट, पिज्जा, बर्गर, अंडा, जो प्रोसेस्ड फूड हैं, उनसे बहुत अधिक एसिड बनता है। इन फूड में कार्बोहाइड्रैट के साथ-साथ फैट भी बहुत होता है जो शरीर के लिए बहुत हानिकारक है। ये चीजें आंत पर बहुत अधिक दबाव डालता है जिसका पूरी तरह से पाचन नहीं हो पाता है जो ज्यादा हानिकारक है। इसलिए इन चीजों का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए।

### शुगरी ड्रिंक

सोडा, एनर्जी ड्रिंक, फ्रूट जूस आदि शुगरी ड्रिंक है। इन पेय पदार्थों का ज्यादा सेवन करने से पेट में एसिड ज्यादा बनता है। इससे आंत में सूजन होने का खतरा बढ़ जाता है। जिन लोगों को पहले से गैस्ट्रिक है, उनके लिए ये ड्रिंक्स बहुत खतरनाक है। इस तरह के फूड में बहुत अधिक चीनी और कैलोरी दोनों होती है जो पेट के लिए किसी भी मायने में ठीक नहीं है। साथ इससे टाइप 2 डायबिटीज के जोखिम को बढ़ाता है। इससे मोटापा और अन्य कई सारे खतरे भी हैं।




### तली-भुनी चीजें

पेट की सेहत के लिए तली-भुनी चीजें फायदेमंद नहीं है। 40 साल के बाद इसका सेवन बहुत कम करना चाहिए। इसमें फैट और कार्बोहाइड्रैट की मात्रा ज्यादा हो जाती है, साथ ही डीप फ्राई के कारण इसकी संरचना में परिवर्तन हो जाती है। इससे शरीर में फ्री रेडिकल्स ज्यादा बनने लगते हैं। यह पेट को काफी नुकसान पहुंचाता है। इसलिए इसका सेवन बहुत कम करना चाहिए।

# क्या होगा अगर 1 महीने तक हम चीनी खाना छोड़ दें?

## शरीर में दिखने लगेंगे 5 बदलाव



अगर आप ऐसा करना चाहते हैं तो बता दें कि आप दरअसल, जब आप लगातार मीठी चीजें यानी चीनी वाली चीजों का सेवन करने लगते हैं तो ये आपके ब्लड शुगर लेवल और इंसुलिन को प्रभावित करता है। जिससे डायबिटीज टाइप टू और कई बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन जब आप 30 दिनों तक इसका सेवन बंद कर देते हैं तो इसका प्रभाव तेजी से कम होता है और ब्लड शुगर लेवल मैनेज करने में आसानी हो जाती है।

चीनी का सेवन बंद कर देने से वजन में भी काफी कमी आती है। दरअसल, जब आप अधिक मात्रा में चीनी का सेवन करते हैं तो इससे कई ऑर्गन के आसपास फैट जमा होने लगते हैं और इससे कई तरह की बीमारियां भी होने लगती है।चीनी का अधिक सेवन लिवर और हार्ट को भी काफी प्रभावित करता है। यह नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज का कारण बन सकता है और लिवर डैमेज करने का काम करता है। यही नहीं, चीनी युक्त चीजें हाई ब्लड प्रेशर और हाई कोलेस्ट्रॉल का कारण बनती हैं और ये हार्ट डिजीज के खतरे को बढ़ा देता है। लेकिन जब आप 1 महीने तक चीनी का सेवन बंद कर दें तो खतरे को टालने में काफी मदद मिल सकती है।

# खाना-खजाना



## दम पनीर

सी फूड डिश है जिसे लंच या डिनर में भी बना कर खाया जा सकता है। अगर आप बार बार कड़ाही पनीर, शाही पनीर की रेसिपी खा कर बोर हो चुके हैं तो आपको पनीर की कुछ नई और स्पेशल सब्जी ट्राई करनी चाहिए। आज हम आपको एक बहुत ही मजेदार रेसिपी बताने जा रहे हैं। इस डिश का नाम दम पनीर काली मिर्च है,इसे बनाना बहुत ही आसान है...

**आवश्यक सामग्री**

■ एक कप प्याज का पेस्ट, एक चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट, दो से तीन बारीक कटी मिर्च, चार चम्मच दही, ढाई सौ ग्राम पनीर टुकड़ों में कटा हुआ, तीन से चार लॉन्ग दो इलायची, एक दालचीनी का छोटा पीस, एक चम्मच धनिया पाउडर, आधा चम्मच काली मिर्च पाउडर, आधा चम्मच जीरा पाउडर, नमक स्वाद अनुसार, एक चुटकी हींग, दो से तीन चम्मच फ्रेश क्रीम या मलाई, छह से सात साबुत काली मिर्च, आधी छोटी चम्मच हल्दी, एक चम्मच गरम मसाला, आधा चम्मच चाट मसाला

**बनाने की विधि**

- ✓ दम पनीर काली मिर्च बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन या कड़ाही में तेल गर्म करें।
- ✓ तेल में हींग, लौंग, काली मिर्च, दालचीनी और इलायची भूने।
- ✓ अब इसमें प्याज का पेस्ट डालें और गोल्डन ब्राउन होने तक भून लें।
- ✓ अब इसमें बारीक कटी हरी मिर्च, अदरक लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें। इसके बाद से दही फेट कर डालें ।
- ✓ जब ये थोड़ा पक जाए तो इसमें पनीर और क्रीम डाल दें।
- ✓ इसके बस इसमें हल्दी, धनिया पाउडर, चाट मसाला, काली मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, हींग और नमक डालें।
- ✓ इसके बाद पैन या कड़ाही को फॉयल पेपर से ढक दें और 10 से 15 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं।
- ✓ अब इसपर बारीक कटा हरा धनिया,अदरक की स्लाइस, क्रीम, कद्दूकस किया हुए पनीर से गार्निश करें, इसके ऊपर बटर का पीस भी रख दें।
- ✓ इसे लच्छेदार पराठा, नान, रोटी या जीरा चावल के साथ खाएं।

# दिल्ली के सबसे प्रमुख आकर्षण

भारत की राजधानी दिल्ली को दिल वालों का शहर भी कहा जाता है यह आबादी के हिसाब से मुंबई के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा शहर है जिसकी कुल आबादी लगभग 1 करोड़ से भी ज्यादा है। दिल्ली को भारतीय राजनीती का केंद्र भी कहा जाता है यहाँ कुछ राजनितिक इमारतें जैसे संसद भवन और राष्ट्रपति भवन मौजूद है दिल्ली का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है ऐसा माना जाता है की आज का दिल्ली शहर महाभारत काल का इन्द्रप्रस्थ था जहाँ कभी पांडव रहे थे बाद में दिल्ली की गद्दी पर कई हिन्दू और मुस्लिम शासको ने अपना शासन किया।वैसे तो यहाँ की बोली जाने वाली मुख्य भाषा हिंदी है परन्तु कुछ लोग उर्दू, पंजाबी और अंग्रेजी का भी परियोग करते है दिल्ली एक ऐसी जगह है जहाँ ऐतिहासिक महल, धार्मिक स्थल और राजनितिक इमारतें मोजूद है जो यहाँ आने वाले पर्यटकों को बेहद आकर्षित करती हैं।

### स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर

स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर दिल्ली में यमुना नदी के तट पर स्थित्त एक विशाल हिन्दू मंदिर है जिसकी स्थापना 6 नवम्बर 2005 को की गई थी जहाँ मंदिर के अंदर भगवान स्वामीनारायण की मूर्ति स्थापित है। यह मंदिर भारतीय संस्कृति और क्लाकिर्तियों को दर्शाता है तथा यह दुनिया का सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर है ये इतना विशाल है की इसमें कुल 234 पिल्लर, 9 गुम्बद और करीब 20000 साधुओं और आचार्य की मूर्तियाँ है। इसके अलावा मंदिर में कुल 148 हाथी बनाये गये है इस मंदिर का नाम 'गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में भी शामिल है। अगर आप अपने परिवार के साथ दिल्ली आये है तो कृप्या इस भव्य मंदिर को देखने जरुर जाये शाम के समय यहाँ वाटर और लाइट शो भी होतें है जिसमे एक इंसान के पैदा होने से मृत्यु तक के जीवन काल को पानी और रौशनी के अदभुत मिलाप से दशाया जाता है।





### लोटस टेम्पल

दिल्ली के प्रमुख आकर्षणों में से एक लोटस टेम्पल एक सफ़ेद कमल के फूल के समान दिखता है जो दिल्ली के नेहरु प्लेस में स्थित है इस खुबसूरत मंदिर का निर्माण वर्ष 1986 में करवाया गया था इसका वास्तुकार एक कनाडाई व्यक्ति था जिसका नाम फारिवोज साहबा था। लेकिन जानने वाली बात यह है कि इस मंदिर के अंदर न तो कोई मूर्ति है और न ही किसी प्रकार की पूजा पाठ होती है,क्योंकि यह एक बहाई उपासना मंदिर है।

### इंडिया गेट

इंडिया गेट भारत के प्रसिद्ध इमारतों में से एक माना जाता है जिसे 'अखिल भारतीय युद्ध स्मारक' के नाम से भी जाना जाता है जब भी दिल्ली की बात होती है तो कही न कही इंडिया गेट का नाम हमारे दिमाग में जरुर आता है दिल्ली के राजपथ मार्ग पर स्थित इंडिया गेट का निर्माण वर्ष 1931 में उन 90000 शहीदों की याद में करवाया गया था जिन्होंने प्रथम विश्व युद्ध और एंग्लो-अफगान युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दे दी थी इंडिया गेट के परिसर में स्थित अमर जवान ज्योति जो लगातार 1971 से जल रही है।



### कुतुब मीनार:

कुतुब मीनार की गिनती दुनिया की सबसे ऊँची मीनारों में की जाती है जो दक्षिण दिल्ली में महरौली नामक स्थान पर स्थित एक प्राचीन ईमारत है जिसके निर्माण कार्य की शुरुआत वर्ष 1192 ईस्वी में कुतुब "उद-दीन-एबक" द्वारा किया गया था। बाद में कई शासको ने इसे अपने अपने शासन काल में पूरा करवाया था इस मीनार की कुल ऊंचाई लगभग 72.5 मीटर है और ये दिल्ली का दूसरा सबसे बड़ा स्मारक है। इस स्थान पर कुतुब मीनार के अलावा भी कई और एतिहासिक इमारते हैं।



# इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन तो भारत को चार विकेट की दरकार

**ओवल।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीराज का पांचवा मैच केनिंग्टन ओवल में खेला जा रहा है। रविवार को मैच का चौथा दिन था। इस दौरान लक्ष्य 374 रनों का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने खराब रोशनी के कारण दिन का मैच बंद होने तक 6 विकेट पर 76.2 ओवर में 339 रन बना लिए थे। इस दौरान जहां इंग्लैंड की टीम को जीत के लिए महज 35 रन चाहिए थे। वहीं भारतीय टीम को सीरीज को ड्रा करने के लिए चार विकेट की दरकार थी।



**जो रूट ने संगकारा को छोड़ा पीछे**

भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल टेस्ट मैच के चौथे दिन जो रूट के बल्ले से बेहतरीन शतकीय पारी देखने को मिली है। रूट का बल्ला इस टेस्ट सीरीज में जमकर बोलते हुए देखने को मिला है, जिसमें वह रन बनाने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में भारतीय कप्तान के बाद दूसरे नंबर पर हैं। रूट के बल्ले से कुल 500 से भी अधिक रन देखने को मिले हैं, जिसमें तीन शतकीय और एक अर्धशतकीय पारी शामिल है। जो रूट ने ओवल टेस्ट मैच में शतक लगाने के साथ एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया जिसमें उन्होंने एक साथ रिकी पोंटिंग सहित तीन दिग्गज खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है।

घर पर सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने जो रूट

जो रूट अब टेस्ट क्रिकेट में घर पर सबसे ज्यादा शतकीय पारी खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। जो रूट का ये उनके टेस्ट करियर का घर में 24वां शतक था, जिसके साथ ही रूट ने महेला जयवर्धने, जैक कैलिस और रिकी पोंटिंग तीनों को ही पीछे छोड़ने का काम किया है। इन तीनों ही दिग्गज बल्लेबाजों ने अपने-अपने घर पर 23-23 शतक लगाए थे। जो रूट ने अपने इंटरनेशनल करियर में भारत के खिलाफ 16वीं बार शतकीय पारी खेली है, जिसके साथ ही वह टीम इंडिया के खिलाफ तीनों फॉर्मेट मिलाकर सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में स्टीव स्मिथ के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर पहुंच गए हैं।

अपने 39वें टेस्ट शतक के साथ अब जो रूट ने कुमार संगकारा को पीछे छोड़ने के साथ सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में चौथे नंबर पर कब्जा कर लिया है। रूट अब इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर, जैक कैलिस और सिर्फ रिकी पोटिंग से पीछे हैं। रूट के पास इस साल के आखिरी में पोंटिंग को छोड़ने का मौका होगा जब इंग्लैंड की टीम एशेज सीरीज खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।

**हैरी ब्रूक की दमदार बल्लेबाजी**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मैच कई मामलों में काफी यादगार रहा। इस दौरान हैरी ब्रूक ने अपनी टीम के लिए बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया है। ब्रूक ने तेजी के साथ रन बनाते हुए भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में 91 गेंदों में ही शतक जड़ दिया है। इसी के साथ वह इंग्लैंड के लिए भारत के खिलाफ तीसरा सबसे तेज टेस्ट शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बने हैं। उनसे आगे जेमी स्मिथ (80 गेंद) और बेन डकेट (88 गेंद) हैं। ब्रूक ने पांचवें टेस्ट मैच में 98 गेंदों में 111 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से 14 चौके और दो छक्के निकले हैं। उनका विकेट आकाश दीप ने लिया है।

ब्रूक का वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में ये 9वां शतक है। इसी के साथ उन्होंने रोहित शर्मा और शुभमन गिल की बराबरी कर ली है। इन दोनों प्लेयर्स ने भी WTC में 9-9 शतक लगाए थे।

# ब्राजील फुटबॉल टीम फिर चैंपियन




**क्विटो।** छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई।

लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राज़ील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया। छह विश्व कप और छह ओलंपिक खेल चुकी मार्टा ने ब्राजील की तरफ से 206 मैचों में 122 गोल किए हैं। ब्राजील की तरफ से 45वें मिनट में एंजेलिना अलोंसो और 80वें मिनट में अमांडा गुटिएरेस ने भी गोल किए। कोलंबिया के लिए लिंडा कैसेडो ने 25वें मिनट में, मायरा रामिरेज़ ने 88वें मिनट में और सैंटोस ने गोल किए। ब्राज़ील की डिफेंडर टार्सियाने ने 69वें मिनट में आत्मघाती गोल भी किया। ब्राजील की तरफ से 45वें मिनट में एंजेलिना अलोंसो और 80वें मिनट में अमांडा गुटिएरेस ने भी गोल किए। कोलंबिया के लिए लिंडा कैसेडो ने 25वें मिनट में, मायरा रामिरेज़ ने 88वें मिनट में और सैंटोस ने गोल किए। ब्राज़ील की डिफेंडर टार्सियाने ने 69वें मिनट में आत्मघाती गोल भी किया।

# जडेजा विदेशी सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे खिलाडी



**लंदन।** भारतीय टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रवींद्र जडेजा ने शनिवार को अर्धशतकीय पारी के साथ धमाल मचा दिया। वह छठे या उससे निचले स्थान पर विदेशी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला लंदन के द ओवल पर खेला जा रहा है। भारत ने इंग्लैंड के सामने 374 रन का लक्ष्य रखा है। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 50 रन बना लिए हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक बेन डकेट 48 गेंदों में 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले भारत की दूसरी 396 रन पर समाप्त हुई थी। वहीं, इंग्लैंड की पहली पारी 247 पर समाप्त हुई थी जबकि भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए। इस आधार पर मेजबानों को भारत पर 23 रनों की बढ़त हासिल हुई। अब इंग्लैंड को जीत के लिए 324 रन बनाने होंगे। 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले मोहम्मद सिराज ने करारा झटका दिया। उन्होंने आखिरी गेंद पर जैक क्राउली को बोल्ड किया। वह 36 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए। क्राउली और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी हुई। दिन का खेल समाप्त होने तक डकेट 48 गेंदों में चार चौके की मदद से 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

# दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा एशिया कप 2025

## भारत और पाकिस्तान की भिडंत 14 सितंबर को दुबई में होगी




**एशिया कप 2025 का पूरा शेड्यूल**

| | | |
|---|---|---|
| 9 सितंबर | अफगानिस्तान vs हांगकांग | अबू धाबी |
| 10 सितंबर | भारत vs यूएई | दुबई |
| 11 सितंबर | बांग्लादेश vs हांगकांग | अबू धाबी |
| 12 सितंबर | पाकिस्तान vs ओमान | दुबई |
| 13 सितंबर | बांग्लादेश vs श्रीलंका | अबू धाबी |
| 14 सितंबर | भारत vs पाकिस्तान | दुबई |
| 15 सितंबर | यूएई vs ओमान | अबू धाबी |
| 15 सितंबर | श्रीलंका vs हांगकांग | दुबई |
| 16 सितंबर | बांग्लादेश vs अफगानिस्तान | अबू धाबी |
| 17 सितंबर | पाकिस्तान vs यूएई | दुबई |
| 18 सितंबर | श्रीलंका vs अफगानिस्तान | अबू धाबी |
| 19 सितंबर | भारत vs ओमान | अबू धाबी |




**नई दिल्ली।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने दुबई और अबू धाबी को एशिया कप 2025 (Asia Cup 2025) के आधिकारिक मेजबान शहर के रूप में पुष्टि कर दी गई है। दुबई फाइनल सहित 11 मैचों की मेजबानी करेगा, जबकि अबू धाबी आठ मैचों की मेजबानी करेगा। भारत अपने ग्रुप ए के मैच में 10 सितंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में यूएई के खिलाफ खेलेगा। उसके बाद टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला भारत और पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम आमने सामने होंगे, जबकि ओमान के खिलाफ भारत का मुकाबला 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, 'हमें विश्वास है कि 2025 का संस्करण न केवल उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेगा, बल्कि खेल और महाद्वीप भर के लाखों उत्साही समर्थकों के बीच संबंधों को भी गहरा करेगा एशिया कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह एशियाई क्रिकेट का उत्सव है। संयुक्त अरब अमीरात में इसकी मेजबानी हमें दुनिया के सबसे जीवंत क्रिकेट केंद्रों में से एक में उत्साह लाने का मौका देती है। दुबई और अबू धाबी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और प्रसारकों, सभी के लिए एक सहज और विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित हैं।'

# मेसी के भारत दौरे का पहला चरण कोलकाता में!

## मुंबई का वानखेड़े भी स्वागत को तैयार



**नई दिल्ली।** अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉल प्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनल मेसी के दीदार का मौका मिलेगा जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जाएंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। जानकार सूत्रों ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई है लेकिन मेसी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है।

सूत्र ने कहा, 'सब कुछ तय हो गया है और हमें मेसी से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी। अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आएगी।' कार्यक्रम के अनुसार मेसी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे जहां वह दो दिन और एक रात रुकेंगे। कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम होगा जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जाएंगे जहां दोपहर 12 से डेढ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कॉन्सर्ट होगा।

# टेस्ट क्रिकेट दबाव में है, ICC को ध्यान देने की जरूरत : गूच



**ओवल।** महान बल्लेबाज ग्राहम गूच का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच मैच की कड़ी सीरीज दबाव झेल रहे टेस्ट फॉर्मेट के लिए बिल्कुल सही प्रेरणा है लेकिन उन्हें डर है कि सिर्फ 'बिग थ्री' (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों के एक-दूसरे के साथ अधिक खेलने का मौजूदा चलन अंततः बोरियत और ठहराव का कारण बनेगा। अधिकतर टेस्ट क्रिकेट भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है जो पांच मैच की सीरीज में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं। वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से कमजोर देश केवल दो या तीन मैच की सीरीज में ही हिस्सा लेते हैं। यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट के इतर बात करते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान गूच ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को 'बिग थ्री' देशों से आगे बढ़कर फलने-फूलने की जरूरत है। गूच ने कहा, ''मुझे लगता है कि आईसीसी को टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने की जरूरत है और यह देखने की जरूरत है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर देशों की कैसे मदद कर सकते हैं। मैं छोटे देशों की बात नहीं करूंगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों की बात करूंगा।'' टेस्ट क्रिकेट में 8900 रन के साथ इंग्लैंड के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज 72 वर्षीय गूच ने कहा, ''क्योंकि आपको टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है। आप सिर्फ तीन टीम के बीच नहीं खेल सकते। अगर न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका जैसी दूसरी टीम कम टेस्ट क्रिकेट खेलेंगी तो किसी के पास खेलने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए उन्हें खेल का पूरा समर्थन करना होगा।'' भारत और इंग्लैंड ने पांच मैच की सीरीज में एक-दूसरे को बेहद कड़ी टक्कर दी है और ऐसे में गूच यहां खेले गए क्रिकेट और इन नजदीकी मैचों में पैदा हुए तनाव से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, ''यह एक शानदार सीरीज रही है और टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद अच्छी है।

# प्रतिभाओं की खोज के लिए फीफा ने शुरू की अकादमी



**नई दिल्ली।** फीफा (फुटबॉल की वैश्विक संचालक संस्था) ने भारत के उभरते हुए प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के मकसद से शनिवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सहयोग से देश में युवाओं के लिए अपनी पहली प्रतिभा अकादमी की शुरुआत की। फीफा ने इस अकादमी के लिए एआईएफएफ और तेलंगाना सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह फुटबॉल के 'समावेशी और जमीनी स्तर के विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करेगा'। एआईएफएफ के अनुसार, यह अकादमी यहां गाचीबावली स्टेडियम परिसर में स्थित होगी और 60 उत्कृष्ट खिलाड़ियों (अंडर 14 वर्ग के 30 लड़के और अंडर 16 वर्ग की 30 लड़कियां) को आवासीय सुविधाओं, शिक्षा, चिकित्सा देखभाल, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य के साथ साल भर उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण प्रदान करेगी, जिसमें प्रत्येक वर्ग में तेलंगाना के 10 खिलाड़ी शामिल होंगे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने इस शुरुआत को भारत में इस खेल के लिए एक 'निर्णायक क्षण' करार दिया। चौबे ने कहा, 'लड़कियों के लिए भारत की पहली और लड़कों के लिए दूसरी फीफा कौशल अकादमी का शुभारंभ, समान फुटबॉल विकास की दिशा में हमारी यात्रा में एक निर्णायक क्षण है।

# हॉकी : हिमाचल ने तमिलनाडु के साथ खेला ड्रॉ



**काकीनाडा।** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन एक बार फिर डिवीज़न 'सी' के मैचों में कुछ प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिले। गोवा हॉकी, हॉकी मिज़ोरम और राजस्थान ने दिन के पहले भाग में अपने-अपने मैच जीते। इस बीच, मणिपुर हॉकी, हॉकी केरल और दिल्ली ने अपने-अपने डिवीज़न 'बी' मैच जीते, जबकि हॉकी हिमाचल ने तमिलनाडु हॉकी यूनिट के साथ ड्रॉ खेला। दिन के पहले डिवीज़न 'सी' मैच में, गोवा हॉकी ने दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी को 4-0 से हराया। इस मैच में प्रियंका बाल्मीक (10', 25'), प्राची परशुराम यादव (4') और राशि सूर्यवंशी (59') ने गोवा हॉकी के लिए गोल किए। अगले डिवीज़न 'सी' मैच में, हॉकी मिज़ोरम ने हॉकी गुजरात को 9-0 से हराया। अंजना ज़ाक्सा (8', 26', 28', 32') ने 4 गोल, ज़ेड लालडिंटलुआंगी (5', 10', 52') ने हैट्रिक और ज़ोथनमावी (16') और सी मालसावमज़ेली (56') ने अपनी टीम के लिए एक-एक गोल किया। दिन के अंतिम डिवीज़न 'सी' मैच में, राजस्थान ने तेलंगाना हॉकी को 6-1 से हराया। दिन का दूसरा आखिरी मैच हॉकी हिमाचल और हॉकी यूनिट ऑफ़ तमिलनाडु के बीच 2-2 से ड्रॉ रहा। हॉकी हिमाचल के लिए खुशी वर्मा (15') और भूमि (19') ने गोल किए, जबकि हॉकी यूनिट ऑफ़ तमिलनाडु के लिए प्रियदर्शिनी के. (22') और सुबलक्ष्मी एल. (34') ने गोल किए।

# साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने WCL का खिताब जीता

## फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से दी मात, एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (WCL) का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया। मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट खोकर 196 रन का टारगेट हासिल कर लिया। एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए। डिविलियर्स को उनके शतक और टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।




### डिविलियर्स ने खेली मैच विनिंग शतकीय पारी

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दूसरे सीजन के फाइनल मैच में टीम ने पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ 196 रनों के टारगेट का पीछा 16.5 ओवर्स में एक विकेट के नुकसान पर करते हुए खिताब जीतने में सफलता हासिल की। अफ्रीकी टीम की तरफ से एबी डिविलियर्स के बल्ले से बेहतरीन नाबाद 120 रनों की पारी देखने को मिली।

### शरजील ने 76 रन बनाए

पाकिस्तान के लिए शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। उनके अलावा उमर अमीन ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। आसिफ अली ने 28 और शोएब मलिक ने 20 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका के लिए हार्डस विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए। डुआने ओलिवियर को एक विकेट मिला। एबी डिविलियर्स ने 60 गेंदों में नाबाद 120 रन बनाए। जेपी डुमिनी ने 28 गेंदों में नाबाद 50 रन की पारी खेली। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी निभाई। इस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी।

# कजाकिस्तान में श्रीशंकर का लंबी कूद में जलवा



**नई दिल्ली।** लंबी कूद के अनुभवी भारतीय खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने लंबी चोट से वापसी करते हुए कजाकिस्तान के अल्माटी में शनिवार को कोसानोव मेमोरियल एथलेटिक्स मीट में शीर्ष स्थान के साथ लगातार तीसरी प्रतियोगिता में खिताब पर कब्जा कर लिया। इस 26 साल के खिलाड़ी ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर (श्रेणी सी) मीट में अपने पहले प्रयास में 7.94 मीटर की छलांग के साथ खिताब पक्का किया। उनके अन्य प्रयास 7.73 मीटर, 7.58 मीटर, 7.57 मीटर, 7.80 मीटर और 7.79 मीटर थे। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 8.41 मीटर है। यह घुटने की चोट से वापसी के बाद श्रीशंकर की तीसरी प्रतियोगिता थी। उन्हें यह चोट पिछले साल अप्रैल में लगी थी। उन्होंने इसकी सर्जरी करवाई थी जिसके बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद वह भाग नहीं ले पाए थे। एशियाई खेलों के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता गोला फेंक एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ग्रां प्री के तीसरे चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे दिखता है कि वह इस महीने के अंत में चेन्नई में होने वाली अंतर-राज्यीय सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए तैयार हैं। 30 वर्षीय तूर ने गुरु नानक स्टेडियम में 18.93 मीटर की दूरी तक 'आयरन बॉल' फेंकी। इससे वह 20-24 अगस्त तक चलने वाली चेन्नई प्रतियोगिता के लिए अच्छी फॉर्म में दिखे। यह सितंबर में होने वाली तोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अंतिम क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता होगी। तमिलनाडु की हांग्झोउ एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ का खिताब जीता जबकि महाराष्ट्र के सर्वेश अनिल कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद में आसानी से जीत हासिल की। राजस्थान के उभरते हुए भाला फेंक एथलीट यशवीर सिंह ने 77.79 मीटर के प्रयास के साथ पहला स्थान हासिल किया।

# विवादों में फंसे कार्तिक

## पाकिस्तानी रेस्टोरेंट इवेंट में शामिल होने को लेकर मिली धमकी



अपनी फिल्मों और इवेंट्स को लेकर अक्सर सुर्खियों में बने रहने वाले एक्टर कार्तिक आर्यन विवाद इन दिनों विवादों में हैं. हालांकि, ये विवाद उनके एक पाकिस्तानी इवेंट में शामिल होने से जुड़ा है, लेकिन इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने से पहले ही फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (FWICE) ने एक्टर को एक चेतावनी भरा लेटर लिखा है, उनका कहना है कि ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेना भारत सरकार के नियमों के खिलाफ है।

### क्या है Kartik Aaryan से जुड़ा ये विवाद?

दरअसल, कार्तिक के ह्यूस्टन में एक पाकिस्तानी रेस्टोरेंट द्वारा आयोजित एक इवेंट में शामिल होने की खबरें थी, जो 15 अगस्त को अमेरिका में होने वाला है और एक्टर इसमें बतौर गेस्ट शामिल होने वाले थे। ऐसे में FWICE ने पत्र लिखकर उनसे अपना नाम वापस लेने के लिए कहा है। FWICE द्वारा लिखे पत्र में कहा गया है कि, 'यह कार्यक्रम आगा रेस्टोरेंट एंड कैटरिंग द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो एक पाकिस्तानी मूल के मालिक शौकत मारेडिया के स्वामित्व में है। यही रेस्टोरेंट पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले जश्न-ए-आजादी कार्यक्रम को भी प्रमोट कर रहा है, जिसमें पाकिस्तानी सिंगर आतिफ असलम शामिल होंगे।'

### तुरंत नाम वापस लेने की कही बात

लेटर में आगे लिखा, 'आपका इस कार्यक्रम से जुड़ना, चाहे अनजाने में ही क्यो न हो राष्ट्रीय भावनाओं को आहत करता है और उद्योग में पहले से लागू निर्देशों के खिलाफ है।' FWICE ने यह भी कहा कि, 'हमारा मानना है कि आप ऑर्गेनाइजर्स के बैकग्राउंड के बारे में पूरी तरह से नहीं जानते होंगे। अगर ऐसा है, तो हम आपसे आग्रह करते हैं कि आप इस इवेंट से अपनी भागीदारी तुरंत वापस ले लें। हालांकि, अगर आप ऑर्गेनाइजर्स के बैकग्राउंड के बारे में जानते थे, तो यह और भी अधिक चिंता की बात है और हम क्लैरिफिकेशन की अपेक्षा करते हैं तथा ऐसे ऑर्गेनाइजेशन से तत्काल दूरी बनाए रखने की अपेक्षा करते हैं।'

# शाहरुख को पत्नी व बेटी ने दी अनोखे अंदाज में बधाई

## बेटी सुहाना ने लिखा दिल छू लेने वाला मैसेज



बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान को उनके 33 साल के शानदार करियर में पहली बार नेशनल फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। फिल्म 'जवान' के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर कैटेगरी में यह पुरस्कार मिला है, जो न सिर्फ उनके फैंस बल्कि उनके परिवार के लिए भी बेहद खास पल बन गया। बॉलीवुड से जुड़े तमाम सितारों ने उन्हें इस पल के लिए, बधाइयां दी, लेकिन जब 'किंग खान' की बेटी सुहाना खान और पत्नी गौरी खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयरकर एकदम खास अंदाज में बधाई दी है, तो वहीं इन पोस्ट पर फैंन ने भी दिल खोलकर प्यार लुटाया है।

### गौरी खान ने भी जताया गर्व

शाहरुख की पत्नी गौरी खान ने भी इस खास मौके पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया. उन्होंने लिखा, 'मेरे तीन सबसे पसंदीदा लोगों ने अभी-अभी बड़ी जीत हासिल की है... और हमारे दिलों ने भी. जब प्रतिभा और अच्छाई का मिलन होता है, तो जादू होता है. बहुत गर्व है!'

### 'जवान' बनी शाहरुख के करियर की माइलस्टोन फिल्म

एटली के निर्देशन में बनी 'जवान' शाहरुख खान के करियर की सुपरहिट फिल्मों में शुमार हो चुकी है. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया और अब इसे नेशनल अवॉर्ड भी दिलाया.



### बेटी सुहाना का इमोशनल मैसेज

शाहरुख की बेटी सुहाना खान ने इस मौके पर एक बेहद दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया. उन्होंने पापा शाहरुख के साथ एक प्यारी सी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'सोते समय सुनाई जाने वाली कहानियों से लेकर छाप छोड़ने वाली कहानियों तक इन्हें आपकी तरह कोई नहीं सुनाता। बधाई हो... मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं!'



# 'सबसे अच्छा एहसास' 'सन ऑफ सरदार 2'

## के लिए फैंस के प्यार से बेहद खुश हुईं मृणाल ठाकुर

मृणाल ठाकुर ने आज सोशल मीडिया स्टोरी पर एक खास पल शेयर किया। जिसमें वह प्रशंसकों के साथ फिल्म की आधी रात की स्क्रीनिंग देख रही हैं। इस पल को उन्होंने अब तक का सबसे अच्छा एहसास बताया।

### मृणाल का पोस्ट

मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' के कई वीडियोज और तस्वीरें शेयर कीं। इन सभी वीडियो में मृणाल के फैंस फिल्म को देखकर उत्साहित और खुश नजर आ रहे हैं। वहीं एक वीडियो में मृणाल भी फैंस के बीच फिल्म का आनंद लेती नजर आईं। स्टोरी में मृणाल ने लिखा, SOS 2 का मिडनाइट शो देखते हुए तालियां और सीटियां बजीं। अब तक का सबसे अच्छा एहसास।

सन ऑफ सरदार 2 को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे ने मिलकर बनाया है, जबकि एनआर पचीसिया, प्रवीण तलरेजा और कुमार मंगत पाठक इसके निर्माता हैं। फिल्म पहले 25 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 1 अगस्त को रिलीज किया गया। इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, मृणाल ठाकुर, रवि किशन, संजय मिश्रा, नीरू बाजवा, चंकी पांडे, कुब्रा सैत, दीपक डोबरियाल जैसे कई शानदार कलाकार हैं। यह फिल्म दिवंगत अभिनेता मुकुल देव की आखिरी फिल्म है। फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है।

# 'हैप्पी फ्रेंडशिप डे' पर शमा सिकंदर ने फैंस को दी शुभकामनाएं



टीवी सीरियल्स और कई फिल्मों में अभिनय कर चुकीं शमा सिकंदर ने आज सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों को हैप्पी फ्रेंडशिप डे की बधाई देते हुए एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में शमा पूल में पति जेम्स और दोस्तों संग मस्ती करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो पर उनके फैंस भी जमकर प्रतिक्रिया दे रहे है।

### शमा का पोस्ट

शमा सिकंदर ने आज इंस्टाग्राम पर पति और दोस्तो संग मस्ती भरा एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को शमा ने खास आज हैप्पी फ्रेंडशिप डे पर शेयर कर फैंस और दोस्तों को इस खास दिन की बधाई दी है। इस शानदार वीडियो को शेयर कर शमा ने कैप्शन में लिखा, 'प्यार, दोस्ती, बंधन और मस्ती से भरा एक वीकेंड। मेरे जन्मदिन के मौसम की एक बेहतरीन शुरुआत, सभी के लिए यह सिंह राशि का मौसम है और happy friendship day।'

### फैंस के कमेंट्स

शमा की शानदार मस्ती भरी पोस्ट पर उनके फैंस ने भी जमकर प्रतिक्रिया दी है। एक फैन ने लिखा, 'हैप्पी फ्रेंडशिप डे शमा दीदी', एक और फैन ने लिखा, 'खूबसूरत जोड़ी', एक और फैन ने लिखा, 'शमा सिकंदर आपको मित्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं', एक और फैन ने लिखा, 'हैप्पी फ्रेंडशिप डे शमा', एक और फैन ने लिखा, 'आपका जन्मदिन कब है और क्या आप सिंह राशि के हैं? शमा सिकंदर।'

# सैयारा फेम अनीत पड्डा कितनी पढ़ी-लिखी?

## एक्टिंग से पहले इस कंपनी में थीं इंटर्न

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा में वाणी का किरदार निभाने वालीं अनीत पड्डा की किस्मत रातोंरात चमक गई है। अब वह नई नेशनल क्रश बन गई हैं। उनकी खूबसूरती और अदाकारी ने फैंस का दिल जीत लिया है। लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। मगर क्या आपको मालूम हैक कि अनीत पड्डा कितनी पढ़ी-लिखी हैं।

अनीत पड्डा ने साल 2022 में काजोल स्टारर फिल्म सलाम वेंकी से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। 22 साल की अनीत ने फिल्म में विशाल जेठवा की गर्लफ्रेंड की भूमिका निभाई थी। इसके बाद वह अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज बिग गर्ल्स डोन्ट क्राई में नजर आईं। अब आखिरकार उन्हें सैयारा से रातोंरात पॉपुलैरिटी मिली।

### अनीत पड्डा की लिंकडिन प्रोफाइल वायरल

यूं तो अनीत का एक्टिंग में कोई तोड़ नहीं,लेकिन शायद ही आपको मालूम हो कि उनके पास और भी कई हुनर है। यहां तक कि फिल्मी दुनिया में आने से पहले वह एक कंपनी में इंटर्न भी रह चुकी हैं। इस बात का खुलासा उनके वायरल लिंकडिन प्रोफाइल से हुआ है। सोशल मीडिया पर अनीत की लिंकडन प्रोफाइल वायरल हो रही है। इसमें उनके एजुकेशन से लेकर वर्क फ्रंट तक की जानकारी दी गई है।

### इस कंपनी में रहीं इंटर्न

अमृतसर में जन्मीं अनीत पड्डा ने अपनी शुरुआती पढ़ाई वहीं से की है। इसके बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के जीसस एंड मेरी कॉलेज से पॉलिटिकल साइंस में बीए की डिग्री ली। उनके लिंकडिन प्रोफाइल के मुताबिक, वह एयरलाइन कंपनी विस्तारा में ह्मून रिसॉर्स यानी HR में इंटर्न भी रह चुकी हैं। बात करें हुनर की तो वह सिंगर और सॉन्ग राइटर भी रह चुकी हैं।



# कौन हैं एंकर अदिति जिनके सवालों में फंसे क्रिकेटर सुरेश रैना?

सुरेश रैना हाल ही में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स (WCL) में खेलते नजर आए। इस दौरान अदिति अदिति बुधाथोकी के साथ उनका एक इंटरव्यू जमकर वायरल हो रहा है। इस इंटरव्यू में अदिति ने रैना से कुछ सवाल किए, जिनमें से एक सवाल में रैना उलझ गए और गलत जवाब दे दिया। कौन हैं अदिति बुधाथोकी?



### नेपाल की अभिनेत्री हैं अदिति बुधाथोकी

अदिति बुधाथोकी नेपाल की चर्चित मॉडल और एंकर हैं। इसके अलावा वे पंजाबी और हिंदी म्यूजिक वीडियो में भी काम कर चुकी हैं। अदित का जन्म 28 जून 1995 को काठमांटू में हुआ। अदिति बेशक नेपाल से ताल्लुक रखती हैं, मगर वे मुंबई में रहती हैं। अदिति ने साल 2018 में नेपाली फिल्म 'कृ' से फिल्मी करियर शुरू किया। साल 2022 में अदिति ने नेपाली ड्रामा फिल्म 'बाबरी' में काम किया। फिलहाल एंकरिंग में हाथ आजमा रहीं अदिति ने पंजाबी म्यूजिक वीडियो में मिलिंद गाबा के साथ काम किया है। अदिति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें करीब 29 लाख लोग फॉलो करते हैं।

### क्रिकेट पर बनी फिल्म का नाम बताया गलत

अदिति और सुरैश रैना का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें अदिति को रैना से सवाल करते देखा जा सकता है। उन्होंने सुरेश रैना से पूछा क्रिकेट का किंग कौन है? इस पर उन्होंने विराट कोहली बताया। फिर स्पीड की बात की तो रैना ने ब्रेट ली का नाम लिया। सवालों की इसी कड़ी में अदिति ने सुरेश रैना से क्रिकेट पर बनी तीन फिल्मों के नाम पूछे। इस पर उन्होंने 'एमएस धोनी', 'चक दे इंडिया' और 'लगान' का नाम लिया। बता दें कि 'चक दे इंडिया' जवाब बिल्कुल गलत है, क्योंकि यह फिल्म हॉकी पर बनी है। मगर, अदिति ने भी सुरेश रैना को नहीं टोका।



# एक्टिंग में भी परफेक्ट हैं सुनील ग्रोवर

### ओटीटी पर आज ही देखें उनकी दमदार सीरीज और फिल्में

कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो में डॉक्टर गुलाटी और कई अन्य किरदारों को निभाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले सुनील ग्रोवर किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। कपिल संग आपसी विवाद के चलते उन्होंने टीवी वाला शो छोड़ दिया था। हालांकि, अब वह नेटफ्लिक्स पर आने वाले द ग्रेड इंडियन कपिल शो में वापसी कर चुके हैं। 3 अगस्त का दिन कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर के लिए स्पेशल है, क्योंकि आज वह अपना 48वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं।

अगर आपको लगता है कि वह केवल कॉमेडी में ही परफेक्ट है, तो आप थोड़ा गलत अंदाजा लगा चुके हैं। उन्होंने बतौर अभिनेता कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। आइए बताते हैं कि उनकी बेस्ट मूवीज और वेब सीरीज को आप किस-किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।

**बागी फिल्म :** टाइगर श्रॉफ की फिल्म बागी में सुनील ग्रोवर ने अहम किरदार निभाया है। इस मूवी में उन्होंने बतौर एक्टर परेश प्रकाश खुराना का रोल निभाया है, जो अपनी बेटी श्रद्धा कपूर को उनके प्रेमी टाइगर से दूर रखने की कोशिश करता है। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**शाह रुख खान की जवान :** जवान फिल्म में भी सुनील ग्रोवर ने काम किया है। इस फिल्म के लिए हाल ही में शाह रुख खान को नेशनल अवॉर्ड मिला है। फिल्म में सुनील ग्रोवर ने भी महत्वपूर्ण किरदार निभाया है। दरअसल, उन्होंने नयनतारा के किरदार के असिस्टेंट के रूप में काम किया है।

**गुडबाय फिल्म :** सुनील ग्रोवर कॉमेडी फिल्म गुडबाय में भी काम कर चुके हैं। 7 अक्टूबर 2022 को फिल्म रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने पंडित जी का किरदार निभाया है। इसमें उनके किरदार को खूब पसंद किया गया।

**तांडव वेब सीरीज :** वेब सीरीज का जिक्र करें, तो सुनील ग्रोवर ने तांडव में काम किया है। प्राइम वीडियो पर यह सीरीज मौजूद है। इसमें उन्होंने सैफ अली खान के करीबी दोस्त गुरपाल की भूमिका निभाई है। अली अब्बास के निर्देशित इस शो को खूब पसंद किया गया।

# तमन्ना को आते थे मम्मियों के फोन

## बोलीं- 'बच्चे गाना देखकर खाना...'

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने बीते दिनों स्त्री 2 के गाने 'आज की रात' के जरिए खूब पॉपुलैरिटी हासिल की। इसके अलावा वो विजय वर्मा के साथ अपने रिश्ते को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। आज की रात गाने में तमन्ना भाटिया ने अपनी कर्वी बॉडी फ्लॉन्ट की और लोगों बॉडी पॉजिटिविटी का मैसेज दिया।

गाने को लेकर तमन्ना ने क्या खोला राज? अब हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि उनको ये गाना करने के बाद किस तरह की फीडबैक मिला। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी फिल्मों और गानों के चुनाव के बारे में बात करते हुए कहा कि उनका दर्शकों के जीवन पर प्रभाव पड़ना जरूरी है। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में तमन्ना ने कहा कि उनके प्रोजेक्ट्स सिर्फ रोजी-रोटी के लिए नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, ऐसा ही हो,₹ अगर किसी बच्चे को खाना खाते हुए उनका गाना सुनना पड़े तो सुने।

### एक्ट्रेस के पास आते थे फोन

इसके बाद होस्ट ने उनसे पूछा कि वह किस गाने की बात कर रह हैं, तो तमन्ना ने जवाब दिया कि वह स्त्री 2 में उनके डांस नंबर 'आज की रात' की बात कर रही हैं। उन्होंने कहा, ₹मैं आपको यह नहीं बता सकती कि मेरे को कितने बच्चों की मम्मियों के फोन आए कि मेरा बच्चा तभी खाना खाएगा जब वह 'आज की रात' सुनेगा।'बच्चे अपने डायपर में ऐसे-ऐसे हिलते रहते हैं।

आगे इस बात को क्लियर करते हुए तमन्ना ने बताया कि मम्मियों का मेन मुद्दा होता है कि उनका बच्चा खान खा रहा है या नहीं और वैसे भी एक आध साल के बच्चे को लिरिक्स क्या ही समझ आएंगे।

### बहुत ही पॉपुलर हुआ था तमन्ना का गाना

बता दें कि स्त्री 2 का ये गाना तमन्ना पर फिल्माया गया है जोकि काफी हिट हुआ था। ये एक सेंशुअल डांस नंबर था जिसमें तमन्ना अपनी कर्वी बॉडी फ्लॉन्ट करती नजर आई थीं। ये गाना काफी ज्यादा पॉपुलर हुआ था और हर एक पार्टी या महफिल में आप इसे सुन सकते थे। स्त्री 2 अमर कौशिक द्वारा निर्देशित एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। इसमें श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसने 900 करोड़ रुपये की कमाई की थी। स्त्री 2 साल 2024 की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक रही।

